✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात




नई दिल्ली में भारत और अफगानिस्तान के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक


✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 135 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 11 अक्टूबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com


# सोन नदी में पलटी नाव, दो के शव बरामद, कई लापता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड अंतर्गत बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव के पास सोन नदी में शुक्रवार को नाव पलटने से 15 लोग डूब गये। इसमें 9 लोग किसी तरह बाहर निकले जबकि समाचार लिखे जाने तक दो लोगों का शव बरामद किया गया है। वहीं चार लोग लापता हैं। एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ की टीम लापता लोगों की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक एक नाव में सवार 15 लोग सोन नदी के टीला पर कृषि कार्य को लेकर जा रहे थे। इसी क्रम में नाव अनियंत्रित होकर डूब गई जिससे यह हादसा हुआ। इस घटना से मौके पर अफ़रा-तफ़री की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना की सूचना मिलने पर डीएम श्रीकांत शास्त्री, एसपी अम्बरीश राहुल, एसडीओ संतन कुमार सिंह, एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय, बीडीओ, अंचलाधिकारी निकहत परवीन एवं थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी आदि मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। जिलाधिकारी



श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ की टीम संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्य में संलग्न है। अब तक कुछ लोगों को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला गया है जबकि दो का शव बरामद किया गया है। शेष लापता लोगों की खोज की जा रही है। जिन लोगों का शव बरामद किया गया है उनकी पहचान बड़ेम निवासी सलीम अंसारी की पुत्री तमन्ना कुमारी (21वर्ष) एवं योगेंद्र लाल की पुत्री काजल कुमारी उर्फ़ छोटी (20वर्ष) के रूप में की गयी है। वहीं लापता नरेश चौधरी की पुत्री सोनी कुमारी (21वर्ष) संजय चौधरी की पत्नी रंजीता देवी (35वर्ष), सुरेन्द्र चौरसिया की पुत्री मंजू कुमारी (20वर्ष) एवं चितरंजन पासवान की पत्नी सबिता देवी (30वर्ष) की तलाश की जा रही है। डीएम ने बताया कि मौके पर मौजूद चिकित्सा टीम द्वारा घायलों को प्राथमिक उपचार कर अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि पीड़ित परिवारों को नियमानुसार तत्काल मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

### सीएम नीतीश ने जताया दुख

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार औरंगाबाद जिला के बड़ेम घाट पर सोन नदी में हुये नाव हादसे पर मर्माहत हैं। नाव हादसे में मृतकों के परिजनों के प्रति मुख्यमंत्री ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## पिकअप-ट्रैक्टर की टक्कर में चार लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** मीनापुर थाना क्षेत्र के खेमाई पट्टी में शुक्रवार को एक सड़क हादसा हुआ। इसमें चार लोगों की मौत हो गई,जबकि 6 लोग घायल हो गए। पिकअप सवार मृतकों में तीन बुजुर्ग और एक बच्ची शामिल हैं। सभी मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। हादसे में कुछ लोगों को मामूली चोट लगी, जिसके बाद उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद घर भेज दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार पिकअप वैन में सवार सभी लोग समस्तीपुर से पूजा-अर्चना करके वापस लौट रहे थे। खेमाई पट्टी चौक के पास तेज रफ्तार के कारण पिकअप और ईंटों से लदे ट्रैक्टर के बीच सीधी और जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही चार लोगों ने दम तोड़ दिया। हादसे में मरने वाले सभी लोग मीनापुर थाना क्षेत्र के हरका मनसाही गांव के ही हैं। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे एएसआई जितेंद्र कुमार ने बताया कि डायल 112 की टीम गश्ती पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि मीनापुर में एक पिकअप और ट्रैक्टर की टक्कर हुई है, जिसमें घटनास्थल पर ही चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक बच्ची शामिल है। एएसआई ने बताया कि हादसे की सूचना के बाद डायल 112 की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और एम्बुलेंस बुलाकर घायलों को इलाज के लिए जबकि चारों लाशों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जुट गई थी। पिकअप और ट्रैक्टर घटनास्थल पर ही थी, जिसे साइड कर यातायात सुचारू कराया गया और दोनों गाड़ियों को जब्त कर थाना लाया गया। फिलहाल, ट्रैक्टर के ड्राइवर की तलाश की जा रही है। घायलों में शामिल एक शख्स ने बताया कि पिकअप के सामने से तेज रफ्तार में ट्रैक्टर आ रहा था, जिससे पिकअप की टक्कर हो गई। मृतकों में बिंदा सहनी, उनके भाई चंदेव सहनी, बंधु सहनी और 10 साल की चुलबुल कुमारी शामिल है।

### संक्षिप्त समाचार

## छात्र की गोली मारकर हत्या

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** बछवाड़ा थाना क्षेत्र के कादराबाद बहियार गांव में बदमाशों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना मिलने के करीब दो घंटे बाद पहुंची पुलिस सभी पहलुओं पर जांच-पड़ताल कर रही है। मृतक की पहचान बछवाड़ा थाना क्षेत्र के कादराबाद गांव के वार्ड नंबर- 3 के रहने वाले परमानंद पासवान के पुत्र सचिन कुमार के रूप से हुई है।

## रिश्वत लेने के आरोप में राजस्व कर्मचारी निलंबित

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** भ्रष्टाचार के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। शुक्रवार की सुबह जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर को वॉट्सऐप पर एक वायरल ऑडियो मिला। ऑडियो में फतेहपुर अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी रवि कुमार पर रिश्वत मांगने का आरोप लगा। ऑडियो सुनने के बाद प्रारंभिक जांच में मामला प्रथम दृष्टया सही पाया गया। प्राथमिक जांच के आधार पर डीएम ने तत्काल प्रभाव से रवि कुमार को निलंबित कर दिया है।

## पूर्व सासंद अजय निषाद पत्नी के साथ भाजपा में शामिल

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** मुजफ्फरपुर के पूर्व सांसद अजय निषाद और उनकी पत्नी रमा निषाद शुक्रवार देर शाम भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने दोनों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण समारोह पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुआ। अजय निषाद ने 2014 और 2019 में दो बार भाजपा के टिकट पर मुजफ्फरपुर से सांसद का चुनाव जीता था। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने उनका टिकट काट दिया था। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस का दामन थामा लेकिन कांग्रेस के टिकट पर चुनाव में उन्हें भाजपा के राजभूषण निषाद चौधरी से करारी हार का सामना करना पड़ा था।

## भभुआ व मोहनिया के राजद विधायकों का इस्तीफा मंजूर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ/पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कैमूर की भभुआ और मोहनिया सीटों से राजद विधायकों ने अपनी सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। भभुआ से विधायक भरत बिंद और मोहनिया से विधायक संगीता कुमारी ने विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव को अपना इस्तीफा सौंपा, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। विधानसभा सचिवालय ने इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है। भभुआ विधायक भरत बिंद का राजनीतिक सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। कैमूर के चांद थाना क्षेत्र के सिलौटा गांव निवासी बिंद ने 2010 में जिला परिषद सदस्य के रूप में राजनीति में प्रवेश किया। 2015 में बसपा से चुनाव लड़ने के बाद उन्होंने 2020 के विधानसभा चुनाव में राजद के टिकट पर भाजपा उम्मीदवार रिंकी रानी पांडे को लगभग 10 हजार वोटों से हराकर जीत दर्ज की थी। फरवरी 2024 में भरत बिंद ने राजद छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था। अब अक्टूबर 2025 में उन्होंने विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दिया है। माना जा रहा है कि वे आगामी चुनाव भाजपा प्रत्याशी के रूप में लड़ेंगे। वहीं मोहनिया विधायक संगीता कुमारी भी दल-बदल को लेकर चर्चा में रही हैं। उन्होंने 2020 के विधानसभा चुनाव में राजद के टिकट पर मोहनिया सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी निरंजन राम को 12,054 वोटों से हराया था। फरवरी 2024 में उन्होंने भी पार्टी बदलते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। मूल रूप से कैमूर निवासी संगीता कुमारी ने रांची विश्वविद्यालय से पोस्ट ग्रेजुएशन और बीएड की पढ़ाई की है। दोनों विधायकों के इस्तीफ़े से कैमूर की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

## एनडीए में सीटों के बंटवारे पर बनी सहमति, एलान आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में आखिरकार एनडीए में सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 11 अक्टूबर को सीटों के बंटवारे का एलान हो सकता है। इस दौरन एनडीए के सभी बड़े नेता एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस भी कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने सभी गठबंधन के सहयोगियों के साथ बैठक के बाद सीटों पर मुहर लगा दी है। इस बार के विधानसभा चुनाव में बड़ी पार्टी होने के नाते सीट शेयरिंग की अगुवाई भाजपा ने की है। सूत्र बता रहे हैं कि 11 अक्टूबर को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पर बड़ी बैठक बुलाई गई है। यह बैठक सुबह 11 बजे से होगी। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह के साथ ही बिहार भाजपा के बड़े नेता और कोर ग्रुप के सदस्य शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक सीटों के बंटवारे



के एलान के तुरंत बाद बुलाई गई इस बैठक में भाजपा अपने हिस्से में आई सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर मंथन करेगी। इसके बाद यह सूची केंद्रीय संसदीय बोर्ड को भेजी जाएगी जहां नामों पर अंतिम मुहर लगेगा। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) में शनिवार को सीटों के बंटवारे का एलान किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय जनता दल और विपक्ष के कई बड़े नेता जल्द ही भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे। वहीं, पत्रकारों ने जब उनसे एनडीए में सीट शेयरिंग पर दूसरे दलों की नाराजगी को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। सभी दलों की सहमति करीब-करीब बन गई है। हम फिर से बिहार में एक बार एनडीए की सरकार बनाने जा रहे हैं। कोई भी साथी नाराज नहीं हैं। मालूम हो कि भाजपा 2020 में 110 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। राजधानी पटना में पिछले दिनों हुई भाजपा चुनाव समिति की बैठक में 125 सीटों पर विस्तार से चर्चा हुई थी। सबसे पहले भाजपा की उन सीटों पर चर्चा हुई, जहां उसके वर्तमान विधायक हैं।बता दें कि देर शाम यह भी जानकारी सामने आई कि बिहार की सत्ता पर काबिज जनता दल यूनाइटेड ने अपने पटना में मौजूद दफ्तर में 11 अक्टूबर को प्रेस वार्ता बुलाया है। इस वार्ता में जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह मौजूद रहेंगे।

## वेनेजुएला की मारिया कोरीना माचाडो को मिला नोबेल पुरस्कार

**नई दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** साल 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार का एलान हो गया है। इस शांति पुरस्कार से वनेजुएला की मारिया कोरिना मचाडो को सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि मारिया कोरिना मचाडो को लगभग 1.2 मिलियन डॉलर मूल्य का नोबेल शांति पुरस्कार 10 दिसंबर को ओस्लो में प्रदान किया जाएगा। इस साल के नोबेल पुरस्कार के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को कई देशों ने नामांकित किया था। हालांकि उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया। दरअसल नोबेल शांति पुरस्कार मारिया कोरिना मचाडो को वेनेजुएला के लोगों के लिए लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने के उनके अथक कार्य और तानाशाही से लोकतंत्र में न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण परिवर्तन के लिए दिया जाएगा। नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने अपने प्रशस्ति पत्र में कहा है कि जब सत्तावादी सत्ता हथिया लेते हैं तो स्वतंत्रता के उन साहसी रक्षकों को पहचानना जरूरी है जो उठ खड़े होते हैं और प्रतिरोध करते हैं।

## नामांकन के पहले दिन नहीं दाखिल हुआ कोई पर्चा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है लेकिन पहले दिन किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया। इस बीच जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए कई गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की है। इसी क्रम में तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. और वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने समीक्षा बैठक की। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने चुनाव संबंधी सभी कोषांगों की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन हर स्तर पर सुनिश्चित किया जाए।

## ध्वनि प्रदूषण पर रोक के लिए नियमों का सख्ती से हो पालन : हाईकोर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण पर रोक के लिए बने नियमों का सख्ती से पालन का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति राजीव रॉय की एकलपीठ ने शुक्रवार को मामले पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि जो कानून नहीं मानते हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले उपकरणों को जब्त करने के साथ जुर्माना भी लगाएं। कोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण की सूरत में वीडियोग्राफी कराने और कानूनी कार्रवाई का आदेश भी दिया। मामले पर सुनवाई के दौरान मसौढ़ी के थानाध्यक्ष की ओर से हलफनामा दायर किया गया। पटना जिला के सभी एसडीएम और चार एसडीपीओ की ओर से कार्रवाई रिपोर्ट पेश की गई। कोर्ट ने पीरबहोर थाना प्रभारी को ध्वनि प्रदूषण को सख्ती से पालन करने का आदेश दिया। कहा कि सार्वजनिक उत्सव के दौरान ध्वनि प्रदूषण कानून का पालन नहीं करने वाले की वीडियोग्राफी कराते हुए सख्त कार्रवाई करें। कोर्ट ने बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्रियाकलापों पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा कि जहां निर्माण कार्य हो रहे हैं, वहां पर्दा क्यों नहीं लगाया जा रहा है। इससे वायु व ध्वनि प्रदूषण कम होगा। कोर्ट ने जनरेटर से होनेवाले ध्वनि प्रदूषण पर कार्रवाई करने का आदेश भी दिया। कोर्ट ने डीजीपी को डायल 112 पर ध्वनि प्रदूषण से संबंधित शिकायत दर्ज करने के लिए पुलिसकर्मी को निर्देश देने को कहा। कोर्ट का कहना था कि लोगों को समझना होगा कि ध्वनि व वायु प्रदूषण से लोगों के स्वास्थ्य पर खराब प्रभाव पड़ता है। खासकर वृद्ध, बच्चे और गर्भवती महिलाओं को ज्यादा परेशानी होती है। मामले पर अगली सुनवाई 17 अक्तूबर को होगी।

## त्योहारों पर बिहार के लिए अतिरिक्त 51 ट्रेनें एवं 11 उड़ानें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के प्रवासी दीपावली और छठ में बड़ी संख्या में घर आते हैं। इसे देखते हुए रेलवे ने अबतक 51 पूजा स्पेशन ट्रेनों का शेड्यूल जारी किया है। वहीं अलग-अलग विमान कंपनियों ने भी 11 अतिरिक्त विमानों के परिचालन की घोषणा की है। पटना से दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, अहमदाबाद के बीच यह विमान सेवा उपलब्ध होगी। इसी साल बिहार में विधानसभा के चुनाव होनेवाले हैं। जनता की सुविधा के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। छठ के बाद चुनाव की तिथियां तय की गई हैं ताकि त्योहार में अधिक से अधिक लोग घर आएं और लोकतंत्र के महापर्व में भाग ले सकें। पटना एयरपोर्ट के अधिकारियों के अनुसार पर्व के दौरान लगभग 4000 यात्रियों का अधिक आवागमन होगा। इसको ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट प्रशासन ने अपनी तैयारी कर ली है। भीड़ बढ़ने पर भी यात्रियों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। यात्रियों की सुविधाओं का पूरा खयाल रखा जाएगा। फ़ेयर कंट्रोल पर भी काम हो रहा है। पटना से सबसे अधिक नियमित विमान का परिचालन दिल्ली-पटना-दिल्ली मार्ग पर हो रहा है। इसके अलावा जो अतिरिक्त विमान का शेड्यूल जारी किया गया है, उसमें भी दिल्ली-पटना-दिल्ली मार्गपर सबसे अधिक विमान का परिचालन होना है। इसके अलावा अन्य मार्ग पर भी विशेष विमान का परिचालन होगा। गोआईबीआईबीओ एप्लीकेशन पर दीपावली से छठ के बीच दिल्ली से पटना आने का किराया 20948 रुपये है। वहीं पुणे से पटना का 23793 रुपए और अहमदाबाद से पटना का 21524 रुपये किराया है। इन मार्गों के लिए पिछले माह जिन्होंने टिकट बुक कराया, उन्हें लगभग 30 से 40 हजार रुपये किराया देना पड़ा। अतिरिक्त विमान चलने के कारण किराया में कमी आई है। एयर इंडिया की ओर से दिल्ली-पटना-दिल्ली, बेंगलुरु-पटना-बेंगलुरु और मुंबई-पटना-मुंबई के बीच एक-एक अतिरिक्त विमान चलाया जाएगा। वहीं इंडिगो की ओर से दिल्ली-पटना-दिल्ली के बीच तीन और अहमदाबाद-पटना-अहमदाबाद के बीच एक विमान का परिचालन होगा। एयर इंडिया एक्सप्रेस की ओर से दिल्ली-पटना-दिल्ली और बेंगलुरु-पटना-बेंगलुरु के बीच एक विमान का आवागमन कराया जाएगा। स्पाइसजेट द्वारा भी पटना से दो अलग-अलग जगहों के लिए अतिरिक्त विमान का परिचालन किया जाएगा।

## नाली के विवाद में युवती की गोली मारकर हत्या

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के शिवसागर थाना अंतर्गत किरहिंडी गांव में महज नाली के विवाद में एक युवती की गोली मारकर हत्या कर दी गई। परिजनों का आरोप है कि घटना डायल 112 की टीम के सामने हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक नाली के विवाद में दो पक्ष आपस में उलझ गए थे। विवाद की सूचना मिलने के बाद डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाया। इसके बाद दोनों पक्ष शांत हो गए और पुलिस मौके से चली गई। पुलिस के जाने के बाद विवाद ज्यादा बढ़ गया और फायरिंग शुरू हो गई जिसमें गोल्डी कुमारी को गोली लग गई। एसपी रौशन कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष आपस में गोतिया हैं। शुक्रवार की सुबह नाली का पानी गिराने को लेकर हुए विवाद में सुनील सिंह की तरफ से गोली चलाई गई थी, जिसमें शिवानी उर्फ गोल्डी की गोली लगने से मौत हुई है।




# नामांकन के पहले दिन पसरा सन्नाटा, एक भी प्रत्याशी नहीं पहुंचा पर्चा भरने

## एक निर्दलीय उम्मीदवार ने कटवाया एनआर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** 10 अक्टूबर से बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पहले चरण के मतदान के लिये नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, लेकिन पहले दिन ही अनुमंडल कार्यालयों में सन्नाटा पसरा हुआ रहा। मसौढ़ी विधानसभा सीट पर प्रशासन ने नामांकन केंद्र की तैयारी पूरी कर ली, लेकिन एक भी उम्मीदवार नामांकन करने नहीं पहुंचे। दरअसल मसौढी विधानसभा का अनुमंडल कार्यालय में नामांकन होगा। सारी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त और अधिकारी कागज लेकर तैयार हैं। लेकिन प्रत्याशी ही नदारद रहे। हालांकि पहले दिन एक निर्दलीय उम्मीदवार ने एनआर कटवाया है। गौरतलब है कि उम्मीदवारों की तरफ से नामांकन नहीं किये जाने की वजह यह बताई जा रही है कि ना तो महागठबंधन ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है और ना ही एनडीए ने सीटों का क्लीयरेंस किया है लेकिन, कई प्रत्याशियों के नाम की खूब चर्चा हो रही है। दरअसल, चाय की दुकानों से लेकर नामांकन कार्यालय तक हर जगह एक ही चर्चा है 'किसका टिकट कटेगा, किसका बचेगा'? मसौढी अनुमंडल कार्यालय की तस्वीरों में देखा जा सकता है कि सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। टेबल-कुर्सियां भी लगी हैं लेकिन प्रत्याशी गायब है. सिर्फ खाली मैदान ही दिखाई दे रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, चार दिन से राजनीतिक गलियारों में बेचैनी का आलम है। महागठबंधन हो या फिर एनडीए दोनों में उम्मीदवारों को लेकर हलचल तेज हो गई है। मालूम हो पहले चरण के लिये 10 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक नामांकन की प्रक्रिया होगी. 18 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 20 अक्टूबर तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। 6 नवंबर को पहले चरण की वोटिंग होगी। इस चरण में एनडीए और महागठबंधन के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा।

# मसौढ़ी अनुमंडल के विभिन्न थानों में निरोधात्मक कार्रवाई के तहत 2452 लोगों से भरवाया गया बंधपत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव को लेकर थानास्तर पर असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मसौढी अनुमंडल के सभी थानों से अब तक कुल 2452 से अधिक लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। इनमें करीब 1181 के विरुद्ध बांड पत्र की कार्रवाई की गई है। चुनाव में मतदान प्रक्रिया को बाधित करने वाले लोगों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्रवाई शुरू हो गई ।बहरहाल ऐसे में मसौढी थाना में धारा 126 के तहत 23,संबंध ब्यक्ति 776, एवं 381 बंधपत्र, भगवानगंज में धारा 126 में 11 संबंधित व्यक्ति की संख्या 248 धारा 135 के तहत 60, लहसूना थाना क्षेत्र में धारा 126 में 09, संबंधित व्यक्ति 248, और बंध पत्र 60, कादरीगंज थाना में धारा 126 के तहत 6 लोगों पर संबंध व्यक्ति 226 बंध पत्र 62 लोगों को जबकि धनरूआ थाना में बीएनएस की धारा 126 में12 संबंध व्यक्ति 525, बंध पत्र 344, पुनपुन थाना में धारा 126 के तहत 10, संबंध व्यक्ति 209 ,बंध पत्र 70, पिपरा थाना में बीएनएस की धारा 126 में 12, संबंध व्यक्ति की संख्या 208, बंधपत्र 116, केवड़ा ओपी में धारा 126 में 9, संबंध व्यक्ति 119,बंधपत्र 42 की कारवाई की गई है।वहीं चुनाव के दौरान नकद लेन-देन पर निगरानी के लिए अलग से विशेष सेल का गठन किया गया है। इसके अलावा इंटरनेट मीडिया पर नजर रखने के लिए भी आर्थिक अपराध इकाई के स्तर पर विशेष सेल बनाया गया है।

# पालीगंज विधानसभा क्षेत्र में नामांकन के पहले दिन दो लोगों ने कटवाया एनआर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत के पहले दिन पालीगंज विधानसभा क्षेत्र से दो लोगों ने अपना नामांकन शुल्क कटवाया। हालांकि, अभी तक किसी उम्मीदवार ने औपचारिक रूप से नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। चुनाव कार्यालय के मुताबिक, दतियाना निवासी जितेंद्र कुमार और पुनपुन प्रखंड निवासी शंभु कुमार ने अपना नामांकन की रसीद कटवाई है। आने वाले दिनों में नामांकन प्रक्रिया में गति आएगी तथा दोनों सहित अन्य संभावित प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। वहीं, प्रशासन ने नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली हैं।

# 'हर वोट की है अहमियत' नारे के साथ मसौढ़ी में दिव्यांगों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। प्रथम चरण में मसौढी विधानसभा में मतदान होना है। 6 नवंबर को यहां वोटिंग होनी है, ऐसे में हर वर्गों के मतदाताओं में काफी उत्साह है। शुक्रवार को मसौढ़ी बुनियाद केंद्र के द्वारा स्वीप के तहत दिव्यांगजनों का बैटरी चालित ट्राईसाइकिल के जरिए जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों ने भाग लिया। सभी ने मतदान करने का प्रण लिया। वहीं एसडीएम अभिषेक कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग की ओर से दिव्यांगजन मतदाताओं पर बहुत ध्यान केंद्रित किया गया है। इसको लेकर सभी दिव्यांगजनों को उनके अपने मताधिकार के प्रयोग के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। मतदान केंद्र को दिव्यांग फ्रेंडली बनाया जा रहा है। सभी मतदान केंद्रों पर ट्राई साइकिल की व्यवस्था रहेगी ताकि किसी भी दिव्यांग जनों को अपना मतदान करने में मतदान केंद्र पर कोई परेशानी नहीं हो। बुनियाद केंद्र के प्रभारी ने बताया की जिला दिव्यागजन सशक्तिकरण कोषांग, पटना के आदेशानुसार बुनियाद केंद्र मसौढ़ी द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। रैली को विशेष रूप से दिव्यांग जनों द्वारा बैटरी चालित ट्राइसाइकिल के माध्यम से निकाला गया, जिसमें उन्होंने ह्लमतदान हमारा अधिकार है तथा हर वोट की है अहमियत जैसे नारों के माध्यम से लोगों को लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस रैली में बुनियाद केंद्र मसौढ़ी के कर्मी अनिल कुमार, रजनी सिन्हा, कुमार राकेश, अनुपमा कुमारी, सिमरन, बिनंजय, विनोद एवं प्रियांशी – सक्रिय रूप से शामिल रहे। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक लोगों से अपील की कि वे आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। बहरहाल मसौदे विधानसभा में 3767 दिव्यांग मतदाता है।

# मारपीट व फायरिंग समेत कई संगीन मामलों में फरार सोनू के खिलाफ सीसीए की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के चकजोहरा गांव के मारपीट फायरिंग समेत कई संगीन कांडों में फरार चल रहे नामजद अपराधकर्मी सोनू कुमार उर्फ भलुआ, उम्र करीब 25 वर्ष, पे0-संजीव प्रसाद, सा0-चकजोहरा, को धनरूआ पुलिस ने सीसीए एक्ट की कारवाई की है। ऐसे में चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था को देखते हुए पंडारक थाने में उपस्थित होने की नोटिस दी गई है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने इस पूरे मामले में बताया कि धनरूआ थाना के अंतर्गत मारपीट, फायरिंग एवं अन्य सगीन काण्डों में संलिपा रहा है, जिससे इस अपराधकर्मी का धनरूआ थाना क्षेत्र के आम जन-मानस में दहशत तथा खौफ व्याप्त है, जिसका लोक-व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा इसलिए उक्त अपराधकर्मी को बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम, 2024 की धारा-03 के अंतर्गत कार्रवाई कर लोक-व्यवस्था के लिए नितांत आवश्यक है। इसके विरुद्ध वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के दिनांक-20.04.2025 द्वारा आरोप प्रतिवेदित है। वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना के प्रासंगिक पत्र के माध्यम से अपराधकर्मी सौनु कुमार उर्फ भलुआ. करीब 25 वर्ष, पे0-संजीव प्रसाद, सा0-चकजोहरा, थाना-धनरुआ, जिला-पटना के विरुद्ध विहार अपराध नियंत्रण अधिनियम की धारा-3 के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है। ऐसे मे जिला न्यायालय दंडाधिकारी के द्वारा आदेश दिया गया है की न्यायालय में उपस्थित हों और उक्त आरोप के संबंध में यह कारण बतलाते हुए लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें, भारत नोटिस देने के बाद भी न्यायालय में हाजिर नहीं हो सका है जिसको लेकर पुलिस टीम ने उसके घर पर छापेमारी की है जो अभी तक फरार चल रहा है।

# दीपक हत्याकांड का नामजद अभियुक्त प्रमोद पिस्तौल और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के जियाउद्दीन चक गांव में दीपक एवं राजेंद्र पासवान हत्याकांड में फरार नामजद अभियुक्त प्रमोद को एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि धनरूआ थाना कांड संख्या 490/25 के प्राथमिकी नामजद अभियुक्त. प्रमोद कुमार उर्फ लल्लू उम्र करीब 35 वर्ष पे0 स्व0 युगल यादव सा0 जियाउदीनचक थाना धनरूआ जिला पटना चोर पोलवा के पास खडा देखा गया है। उक्त सूचना के सत्यापन के क्रम में चोर पोलवा के पास पहुंचा तो पुलिस वाहन को आते देख एक व्यक्ति भागने लगे जिसे पुलिस बल के सहयोग से खदेड कर पकड़ा गया। पकडाये उक्त व्यक्ति का नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम प्रमोद कुमार उर्फ लल्लू उम्र करीब 35 वर्ष पे0 स्व0 युगल यादव सा0 जियाउदीनचक थाना धनरूआ बताया। पकड़ाये व्यक्ति का विधिवत तालाशी के क्रम में उसके कमर से एक लोडेड देशी कट्टा एवं दाहिने पॉकेट से एक जिन्दा कारतुस बरामद हुआ। जिसे विधिवत जप्त करते हुये प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## बाबू खदेरन सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि

**बिक्रम।** स्वतंत्रता सेनानी सह बिहार के पूर्व मंत्री बाबू खदेरन सिंह की 126 वीं जयंती पर बिक्रम स्थित उनके आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस मौके पर उनके सुपुत्र अधिवक्ता अविनाश कुमार सहित स्मृति समिति के नलिनीकांत पप्पू, मनु पासवान, पप्पु कानू, बलि कुमार वर्मा, अरविन्द साव, द्वारिका प्रसाद वर्मा थे।

# घोसी के पूर्व विधायक राहुल शर्मा लालटेन थाम चुनावी समर में उतरेंगे

## तेजस्वी यादव ने राहुल शर्मा को दिलाई पार्टी की सदस्यता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के घोसी विधान सभा क्षेत्र से पूर्व विधायक राहुल शर्मा ने वर्षों पुराना जनता दल यूनाइटेड से अपने रिश्ते को तोड़कर राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) का दामन थाम लिया है। राहुल शर्मा के राजद में शामिल होने के बाद घोसी विधानसभा क्षेत्र से उन्हें राजद के उम्मीदवार बनने की प्रबल संभावना है। राहुल शर्मा मगध क्षेत्र के कद्दावर भूमिहार नेता आठ बार के विधायक और एक बार सांसद रहे जगदीश शर्मा के बड़े बेटे हैं। राहुल शर्मा के राजद में शामिल होने के कयास पिछले कुछ महीनो से लगाए जा रहे थे। बताया जाता है कि जनता दल यूनाइटेड में उन्हें कोई महत्वपूर्ण पद नहीं दिया गया था, साथ ही पार्टी की ओर से उन्हें लगातार नजरअंदाज किया जा रहा था। राहुल शर्मा का राजद में शामिल होने के बाद ऐसा कहा जा रहा है कि राहुल शर्मा को पार्टी में शामिल करके राजद भूमिहार मतदाताओं को साधने का प्रयास कर रही है। राहुल शर्मा के परिवार का राजनीति से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता जगदीश शर्मा वर्ष 1977 से 2009 तक लगातार घोसी विधानसभा क्षेत्र से आठ बार विधायक रहे। वहीं वर्ष 2009 में जनता दल यूनाइटेड के सिंबल पर संसद तक का सफर उन्होंने तय किया। सांसद बनने के बाद घोसी विधानसभा में हुए उपचुनाव में उनकी पत्नी शांति शर्मा विधायक चुनी गई थी। बाद में वर्ष 2010 से 2015 तक राहुल शर्मा यहां से जद यू के टिकट पर विधायक चुने गए।

**छात्र जीवन से लालू यादव और जगदीश शर्मा की आपस में रही है मित्रता**

पूर्व सांसद डॉ जगदीश शर्मा को मगध प्रमंडल क्षेत्र में भूमिहार वर्ग से एक प्रमुख एवं कद्दावर राजनेता के रूप में पहचान रही है। जगदीश शर्मा का जमीनी जुड़ाव और जनाधार वाले नेता के रूप में आज तक पहचान रही है। वह राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के साथ छात्र जीवन काल से ही जुड़े रहे हैं। दोनों नेताओं के अलग-अलग दलों में रहने के बावजूद दोनों के दोस्ती की चर्चा राजनीतिक गलियारों में अक्सर होती रही है। राहुल शर्मा को पार्टी में शामिल कराकर राजद की ओर से भूमिहार वर्ग के मतों को आकर्षित करने का एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में इसे देखा रहा है। वहीं चुनाव से पहले राजद का मनोवैज्ञानिक रूप से भी जदयू पर इससे बढ़त प्राप्त होती दिख रही है। साथ ही देखा जाए तो बिहार विधानसभा के आसन्न चुनाव में राजद का जदयू पर हावी और हमलावर होने के लिए एक बड़ा कदम के रूप में इसे देखा जा रहा है। आगे अभी यह देखना होगा की विधानसभा चुनाव में नामांकन भरने से पहले जहानाबाद जिले में अभी और कितने राजनीतिक समीकरण बदलेंगे।

# हर्ष फायरिंग में हुई मौत मामले में दो गिरफ्तार

## जयमाला के दौरान हुई थी हर्ष फायरिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के मुरादचक गांव में बीते 18.5.2025 को हुए जयमाला के दौरान हर्ष फायरिंग में गोली लगने से रवि कुमार पिता भूषण कुमार की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक के पिता भूषण कुमार ने कई लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया था, ऐसे में फरार चल रहे आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। इस पुरे मामले में धनरूआ थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि धनरूआ थाना कांड सं0-303/25 दिनांक 18.05.25 धारा 103(1)/3(5) बी0एन0एस0 एवं 27 आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त रामजी प्रसाद उम्र करीब 56 वर्ष पे0 स्व0 रामचन्द्र प्रसाद रहिश प्रसाद उम्र करीब 34 वर्ष पे0 रामजी प्रसाद दोनो सा0 मुरादचक थाना धनरूआ जिला पटना को कंाड के वादी भूषण कुमार के पुत्र रवि कुमार को गोली मार कर हत्या कर देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।वहीं इस छापामारी में शामिल पुलिस पदाधिकारी में पु0अ0नि0 सह थानाध्यक्ष आलोक कुमार, परि0पु0अ0नि0 अंकित कुमार, परि0पुअ0नि0 राहुल कुमार शाह एवं सशस्त्र बल आदी शामिल रहे।

# नदौल जांच चौकी पर उड़नदस्ता एवं एक्साइज टीम ने पकड़ी 119 बोतल विदेशी देसी शराब

## कामयाबी


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव को लेकर बनाए गए उडनदस्ता टीम के द्वारा लगातार विभिन्न जगहों पर चेकिंग अभियान चलाकर मादक पदार्थ को जब्त किया जा रहा है। ऐसे में शुक्रवार को पटना जिला के सीमा पर नदौल चेकिंग पॉइंट के पास जांच अभियान के दौरान बाइक पर सवार तीन शराब सप्लायर पुलिस को देखकर भागने लगे और शराब का बैग छोड़कर भाग निकले, जहां जब्त बैग की तलाश ली गई जिसमें 100 बोतल 375 एमएल का विदेशी शराब और 19 बोतल देसी शराब पाई गई है। जब्त देसी विदेशी शराब की बाजार में कुल कीमत 39,210 रुपये बताए जाते हैं। उडनदस्ता टीम के नोडल पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार बनाए गए विभिन्न चेकिंग पॉइंट पर सघन तलाशी अभियान की जा रही है इस दौरान शराब की जप्त की गई है। वहीं एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया की बाइक पर सवार तीन शराब सप्लायर जहानाबाद की ओर से आ रहा था जैसे ही नदौल चेकिंग पॉइंट पर पुलिस को चेकिंग करते हुए देखा वह भागने लगे हैं और जब पुलिस उसका पीछा की तो वह बैग को फेंक कर भाग निकले, जहां तीन बैग से भरा हुआ शराब को जब्त की गई है, जिसमें देसी और विदेशी शराब थे विधानसभा चुनाव तक यह अभियान लगातार चलते रहेगा।

# अनुमंडल कार्यालय परिसर में स्थापित बाबा साहब भीमराव की प्रतिमा का तोड़ा हाथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** अनुमंडल कार्यालय परिसर में स्थापित बाबा भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा का किसी असमाजिक तत्वों ने दाहिना हाथ तोड दिया है। ऐसे में चितरंजन कुमार, उम्र लगभग 30 वर्ष पिता देवेन्द्र रविदास ग्राम नदौल ने मसौढी थाने मे अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई है दिये गये आवेदन मे लिखा है की 12 बजे दिन में मैने देखा कि अनुमंडल कार्यलय मसौढ़ी परिसर में स्थापित डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी का प्रतिमा का हाथ टूटा हुआ है। यह दृश्य अत्यंत दुखद एवं निंदनीय है। यह कार्य महान संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी का अपमान है जो कि समाज में शांति एवं सौहार्द्र के लिए खतरा उत्पन्न करता है। इस घटना की गंभीरता से जाच कर अज्ञात व्याक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कारवई की जाए एवं दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाय।

# प्रेम और समानता की मिसाल बने दंपति

## रायपुर के रवि तिवारी 32 वर्षों से पत्नी के साथ रख रहे करवा चौथ का व्रत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रायपुर।** परंपराओं के बीच आधुनिक मूल्यों और समानता का संदेश देते हुए रायपुर के बैरन बाजार निवासी रवि तिवारी पिछले 32 वर्षों से अपनी पत्नी डॉ. ज्योति रवि तिवारी के साथ करवा चौथ का निर्जला व्रत रखते आ रहे हैं। यह सिलसिला आज भी उसी श्रद्धा और समर्पण के साथ जारी है, जैसा विवाह के प्रारंभिक वर्षों में था। रवि तिवारी श्री सीमेंट में मुख्य कार्यकारी समन्वयक के पद से पिछले वर्ष सेवानिवृत्त हुए हैं, जबकि उनकी पत्नी डॉ. ज्योति रवि तिवारी शासकीय गर्ल्स पीजी कॉलेज रायपुर में व्याख्याता पद से कुछ वर्ष पहले ही रिटायर हुई हैं। रवि तिवारी बताते हैं कि करवा चौथ केवल स्त्री का पति के प्रति समर्पण नहीं है, बल्कि यह वैवाहिक रिश्ते में समानता, विश्वास और आत्मिक प्रेम का प्रतीक है। मेरी पत्नी जब मेरे लिए निर्जला व्रत रखती हैं, तो मैं भी उनके लिए रखता हूं। यह हमारे रिश्ते का आपसी सम्मान है. डॉ. ज्योति रवि तिवारी ने भी कहा कि पति-पत्नी का संबंध केवल धार्मिक या सामाजिक रीति नहीं, बल्कि भावनात्मक साझेदारी है। रवि हमेशा कहते हैं कि व्रत प्रेम का प्रतीक है, एकतरफा नहीं होना चाहिए – और यही सोच हमें हर वर्ष करवा चौथ को विशेष बना देती है। रवि और ज्योति का यह समर्पण न केवल दांपत्य जीवन की गहराई को दर्शाता है, बल्कि नई पीढ़ी के लिए भी यह संदेश देता है कि समानता और संवेदनशीलता ही रिश्तों की असली ताकत हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह दंपति अपने संयम, प्रेम और जीवन दृष्टि के कारण समाज में प्रेरणा का स्रोत बन चुके हैं – एक ऐसा उदाहरण, जहाँ परंपरा और आधुनिकता का संतुलन अपने

# डीएम ने गोपालपुर के डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भागलपुर।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत भागलपुर में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिलाधिकारी डॉ0 नवल किशोर चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक नवगछिया प्रेरणा कुमार द्वारा उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह एवं अनुमंडल पदाधिकारी नवगछिया ऋतुराज प्रताप सिंह के साथ 153- गोपालपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बनाये गये डिस्पैच सेंटर इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय, नवगछिया का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने वहां वाहन पार्किंग स्थल, डिस्पैच काउंटर एवं वीवीपीएटी के रखरखाव के लिए चिन्हित कमरों का अवलोकन किया तथा वहां उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी नवगछिया को ईवीएम एवं भीभीपेट के उचित रखरखाव का निर्देश दिया।

# 10 जिंदा कारतूसों के साथ तीन धराए

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव को लेकर धनरूआ पुलिस के द्वारा कई जगहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ऐसे में शुक्रवार को बाईक चेकिंग के दौरान एक अपाची बाइक पर सवार तीन लोगों को 10 जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया की वाहन चेकिंग के क्रम में एक अपाची मोटरसाईकिल जॉच हेतु रोकने के लिये इशारा किया तो वह भागने का प्रयास करने लगा जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से उक्त तीनो को पकडा गया। इस सर्दभ में धनरूआ थाना कंाड संख्या-598/25 दिनांक-09.10.25 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है।

# बिहार विद्यापीठ में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर इंटरएक्टिव सत्र आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यापीठ, पटना द्वारा संचालित देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 के अवसर पर 'बदलते समय में मानसिक स्वास्थ्य' विषयक एक इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन देशरत्न सभागार में किया गया। सत्र की मुख्य वक्ता क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट इशा सिंह रहीं जो रीहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया से पंजीकृत प्रोफेशनल एवं मार्शल यूनिवर्सिटी (अमेरिका) से प्रशिक्षित ऑटिज्म मेंटर हैं। उन्होंने अपने व्याख्यान में मानसिक स्वास्थ्य के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बदलते समय में शिक्षक और अभिभावक दोनों की भूमिका विद्यार्थियों के मानसिक संतुलन को बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इशा सिंह ने बाल एवं किशोर मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपने 15 वर्षों से अधिक के अनुभव साझा करते हुए बताया कि आज शिक्षा केवल ज्ञानार्जन तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यवहारगत पैटर्न और मनोवैज्ञानिक प्रवृत्तियों को समझना भी एक शिक्षक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कॉग्निटिव थेरेपी और मनोवैज्ञानिक आकलन के व्यावहारिक पहलुओं को रेखांकित करते हुए कहा कि 'कॉग्निटिव ट्रेनिंग द्वारा किसी भी समस्या का समाधान अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकता है।' उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिदिन की छोटी-छोटी असंगत परिस्थितियां मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं, इसलिए व्यक्ति का व्यवहार और प्रतिक्रिया ही उसके मानसिक संतुलन का दर्पण होती है। सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने कई प्रश्न पूछे, जिनमें प्रमुख थे – परिवार के मानसिक स्वास्थ्य की पहचान कैसे की जाए? और क्या क्रोध एक बीमारी है? इन प्रश्नों के उत्तर में इशा सिंह ने कहा कि क्रोध एक सामान्य मानवीय प्रक्रिया है, किंतु क्रोध के बाद व्यक्ति का व्यवहार ही उसके मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने यह भी बताया कि डिप्रेशन में न्यूरो-केमिकल संतुलन की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण होती है और मनोविज्ञान मानव व्यवहार की जटिलताओं को समझने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के सचिव राणा अवधेश (सेवानिवृत्त आईएएस), महाविद्यालय की निदेशक (शिक्षा) मृदुला प्रकाश तथा संयुक्त सचिव अवधेश के. नारायण ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे और समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य पूनम वर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए सत्र की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस शैक्षणिक कार्यक्रम का सफल संचालन गाइडेंस एंड काउंसलिंग सेल की टीम – निदेशक (शिक्षा) मृदुला प्रकाश, सहायक प्राध्यापक रजनी रंजन, कुमारी श्रुति और सौरभ कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं बी.एड. तथा डी.एल.एड. प्रशिक्षणार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। सत्र का समापन संगीत प्राध्यापक कंचन कुमार के नेतृत्व में हुए राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।



# विशेष अभियान 5.0 और स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** चल रहे विशेष अभियान 5.0 और स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के उपलक्ष्य में दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय, गार्डन रीच में 09.10.2025 को एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेलवे कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कलाकृतियों के माध्यम से स्वच्छता, स्वास्थ्य-स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के विषयों को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य स्वच्छता बनाए रखने और सतत पर्यावरण को प्रोत्साहित करने के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था। इस स्वच्छता अभियान के अंतर्गत, 'कार्यालय परिसर में स्वच्छता और सफाई के प्रति रेलवे कर्मचारियों की जागरूकता' विषय पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय, गार्डन रीच में किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने, कचरा पृथक्करण तथा सतत कार्यस्थल प्रथाओं के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाना था। प्रतिभागियों को अपने आसपास की स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने और स्वच्छ व हरित रेलवे वातावरण के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। दक्षिण पूर्व रेलवे के चारों मंडलों में विशेष अभियान 5.0 और स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जा रहा है।



स्वच्छता पखवाड़ा 2025 और विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय, गार्डन रीच में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता

# निषाद समाज को वरीयता देगी विकास वंचित इंसान पार्टी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विकास वंचित इंसान पार्टी कार्यालय पर विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए लोगों ने विधानसभा चुनाव में वीवीआईपी से उम्मीदवारी के लिए अपना पक्ष रखा। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप निषाद ने कहा है कि पार्टी चुनाव में ज्यादा से ज्यादा निषादों को उम्मीदवार बनाकर उतारेगी और निषाद समाज को वरीयता देगी। पार्टी पूरी ताकत से ये चुनाव लड़ेगी और जीतेगी। बहुत जल्द पार्टी प्रेस कांफ्रेंस करके अपने प्रत्याशियों की घोषणा करेगी। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव राकेश कुमार ने की। बैठक में राष्ट्रीय प्रवक्ता शंकर चौधरी, प्रदीप तिवारी, अभिषेक कुमार, अश्विनी, विशाल निषाद, के डी यादव, अविनाश कुमार, सुमित कुमार, कृष्णा कुमार, प्रकाश कुमार, शशांक यादव आदि उपस्थित रहे।

# माफियामुक्ति और शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाएगी कांग्रेस : डा. अखिलेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में राज्यसभा सांसद और कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि पूरे बिहार में माफियाओं का कब्जा है और मिलावटखोरी अपने चरम पर है। भाजपा जदयू राज में समूचा बिहार 20 सालों से माफियाओं की गिरफ्त में है चारों ओर से बिहार को लूटा गया है कांग्रेस पार्टी ने 12 माफिया चिन्हित किए हैं। सरकार में आते ही माफिया मुक्त बिहार होगा और शुद्ध के लिए युद्ध होगा। चप्पे चप्पे पर जाएंगे सारे माफिया मारे जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि माफिया के लिए हमारी सरकार में बस दो ही स्थान रहेंगे ये चुनाव उनको करना है या तो जहन्नुम या जेल, माफिया का मार्शल, माफिया के लिए दो उपाय पीठ पे गोली पेट पे लात। सूदखोरी और महिलाओं के शोषण का संगठित रूप, कर्ज के बोझ में फंसी हुई लगभग 1 करोड़ 9 लाख महिलाओं पर औसतन 30,000 का बकाया बताया जा रहा है। वसूली के नाम पर धमकी, अपमान और हिंसा की रिपोर्टें मिलती हैं। हमारी कार्रवाईः तत्काल कर्ज-रोक प्रस्ताव, ऋण-रिकवरी में अवैध तरीकों पर कड़ी पुलिस और न्यायिक कार्रवाई, पीड़ित महिलाओं के लिए राहत और पुनर्वित्त कार्यक्रम और माफिया परिसम्पत्तियों की कुर्की।



**ट्रांसफर-पोस्टिंग कमीशन माफिया**

विभागीय अधिकारियों की पदस्थापना व स्थानांतरणों में रिश्वत का नेटवर्क, इंजीनियरों तक असर। हालिया छापेमारी (संजय हंस नेटवर्क आदि) इससे जुड़ी घटनाओं का संकेत देती हैं। हमारी कार्रवाईः स्थानांतरण-प्रक्रिया का पारदर्शीकरण, भ्रष्टाचार पर विशेष निगरानी और रिश्वत लेने वाले अधिकारियों पर शून्य-सहन नीति। दवाइयों की खरीद, एम्बुलेंस-सर्विस, अस्पताल निर्माण तथा आपूर्ति-श्रृंखला में घोटाले; फजी मेडिकल कॉलेज व नर्सिंग संस्थान। कोविड-काल में ऑक्सीजन आदि के घोटाले इसके उदाहरण रहे। संवाददाता सम्मेलन का संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने किया। संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष कौकब कादरी, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, सौरभ सिन्हा, ज्ञान रंजन मौजूद थे।

# एडीए सरकार के बीस साल का शासनकाल पूरी तरह विनाश काल : कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठु, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, बैजू प्रसाद, प्रद्युम्न दुबे, टिंकू गिरी, युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, विपिन बिहारी सिन्हा, मोहम्मद शामिम आलम, मुन्ना मांझी आदि ने बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी द्वारा जारी बुकलेट एनडीए सरकार का 20 साल पूरी तरह विनाश काल को गया जिला के 24 प्रखंड, 332 ग्राम पंचायत, 3849 बूथों, गांव-गांव, मुहल्ला-मुहल्ला, घर- घर में पहुंचाने का काम करेंगे। नेताओं ने कहा कि बिहार में 20 सालों में भाजपा, जदयू की सरकार ने संसाधनों की लूट की नागरिकों को गरीबी की आग में झोंकने का काम किया। बिहार की जाति सर्वे से यह बात सामने आई है कि 94 लाख परिवारों की मासिक आमदनी 6000 रुपया से क्रम है, अर्थकाम पांच करोड़ लोगों 40 रुपया प्रतिदिन पर जिंदा है और 81 लाख परिवार 10, 000 रुपया से कम मासिक कमाते हैं, इसका मतलब 4 करोड़ लोग 67 रुपया रोज पर जिंदा है, इसका कारण यह हुआ कि बिहार में अच्छी आमदनी और काम नहीं मिलने के कारण जबरदस्त पलायन हुआ क्योंकि केंद्र सरकार के इ श्रम पोर्टल पर लगभग 03 करोड़ रजिस्टर्ड बिहार के मजदूर हैं, जो दूसरे प्रांतों में काम कर रहे हैं।

## विश्व मानक दिवस के उपलक्ष्य में मानक कार्निवल का आयोजन

# मानक उत्पाद गुणवत्ता का आधार : डा. आर.एन. सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय मानक ब्यूरो, पटना शाखा कार्यालय, पाटलीपुत्रा औद्योगिक प्रांगण, पटना द्वारा विश्व मानक दिवस के अवसर पर न्यू गर्वमेंट पॉलिटेक्निक, पाटलिपुत्रा गोलम्बर के पास, पटना-13 के प्रांगण में मानक कार्निवल का आयोजन किया गया। मानक कार्निवल का उद्घाटन राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड के अकादमिक संकायाध्यक्ष, वरिष्ठ व्याख्याता/एनजीपी एवं डॉ. आर. एन. सिंह, वरिष्ठ व्याख्याता/एनजीपी के द्वारा किया गया। चंद्रकेश सिंह, वैज्ञा. ई/ निदेशक एवं प्रमुख पटना शाखा कार्यालय द्वारा अतिथियों, छात्र एवं छात्राओं का स्वागत करते हुए बताया कि मानक उत्पाद की गुणवत्ता का आधार है जो उपभोक्ताओं में यह विश्वास दिलाता है कि हमारे द्वारा उपभोग की जाने वाली उत्पाद एवं सेवाएं उपयुक्त गुणवत्ता की हैं। इस कार्निवल में 11 स्टैंडर्ड क्लब स्कूलों के बच्चे एवं 14 औद्योगिक इकाईयों ने स्टॉल लगाया। इस मानक कार्निवल में बिहार के विभिन्न स्कूलों के स्टैंडर्ड क्लब के सदस्य लगभग 300 एवं 450 स्टैंडर्ड क्लब के अन्य छात्र एवं छात्राएं के साथ ही औद्योगिक इकाईयों ने भाग लिया। स्टैंडर्ड क्लब स्कूलों के बच्चों एवं औद्योगिक इकाईयों ने स्टॉल के माध्यम से वस्तुओं के मानकीकरण, मुहरांकन और गुणवत्ता प्रमाणन गतिविधियों के विकास तथा उससे जुड़े मामलों को दर्शाया गया। बीआईएस-मानकीकरण, प्रमाणन और परीक्षण द्वारा राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को प्रत्यक्ष एवं वास्तविक रूप से कई तरह से लाभ पहुंचा रहा है। यह सुरक्षित और विश्वसनीय गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने में योगदान करता है तथा उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य जोखिम को न्यूनतम करता है। इसके साथ ही उपस्थित औद्यागिक इकाईयों ने स्टॉल के माध्यम से अपने प्रतिष्ठानों में निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित किया। स्टैंडर्ड क्लब के बच्चों द्वारा जन-जागरूकता हेतू नुक्कड़ नाटक, संगीत, सांस्कृतिक नृत्य एवं मानक से संबंधित अन्य जागरूकता संबंधित गतिविधियों का प्रदर्शन छात्र एवं छात्राओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्टैंडर्ड क्लब के बच्चों एवं आगंतुकों के बीच मैजिक शो एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यकम में पटना




# चौदह अक्टूबर से होटल मौर्या में दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के होटल मौर्या में 14 और 15 अक्टूबर, 2025 को दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी के 38वें संस्करण में देशभर के विभिन्न शहरों से प्रसिद्ध डिजाइनर, बुटीक हाउस और उद्यमी अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। पारंपरिक परिधानों से लेकर आधुनिक फैशन ट्रेंड तक की झलक इस प्रदर्शनी में देखने को मिलेगी। साथ ही हैंडमेड ज्वेलरी, होम डेकोर, गिफ्ट आइटम्स और लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स की विशेष रेंज भी उपलब्ध रहेगी। प्रदर्शनी के आयोजक व बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक संजय अग्रवाल ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय डिजाइनरों और महिला उद्यमियों को एक साझा मंच प्रदान करना है जहां वे अपने उत्पादों को व्यापक दर्शकों तक पहुंचा सकें। इस प्रदर्शनी में बिहारवासियों के लिए फेस्टिव कलेक्शन को रखा गया है ताकि वो अपने त्योहार को और भी खास बना सकें। उन्होंने कहा

# मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला और रैली का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लायंस क्लब ऑफ पटना संस्कृति के तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण जागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। यह रैली टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण से प्रारंभ होकर रानी पार्क, राजेंद्र नगर रोड संख्या-8 तक निकाली गई। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ पटना संस्कृति की ओर से एक प्रभावशाली मानव श्रृंखला बनाई गई जिसमें मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व को रेखांकित करने वाले संदेश-पटों (प्लेकार्ड्स) के साथ विद्यालय के कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पाल लायन प्रदीप खेतान उपस्थित रहे। अतिथि के रूप में जोन चेयर लायन तरुण कुमार, जोन चेयर लायन राजीव भार्गव, लायंस क्लब ऑफ पटना संस्कृति की अध्यक्ष लायन शिवानी, सचिव लायन रोहित शंकर, लायंस पटना नव्या के लायन कौशलेंद्र तथा अधिवक्ता बी.के. सिंह भी उपस्थित रहे। बाल रोग चिकित्सक लायन डॉ श्रवण कुमार एवं लायन डॉ नीना मोटानी भी उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए जिला पाल लायन प्रदीप खेतान ने बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने हेतु टीवी और मोबाइल से दूरी बनाने तथा सकारात्मक गतिविधियों में समय लगाने का सुझाव दिया। वहीं, अधिवक्ता बी.के. सिंह ने बच्चों को जीवन में अनुशासन और नियमित दिनचर्या अपनाने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सीनियर शिक्षकगण सत्यम कुमार, विशाल शर्मा, कबीर सिंह, सोनम, कोमल एवं सोनिया प्रवीण भी उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के आयोजन में रेवा भार्गव का भी योगदान रहा।




# डॉ. नीतू कुमारी नवगीत और राकेश कुमार पटना जिला की स्वीप आइकॉन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जिला प्रशासन, पटना की अनुशंसा पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय द्वारा बिहार की प्रसिद्ध लोकगायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत तथा दिव्यांगजन के विकास के क्षेत्र में सक्रिय सदस्य राकेश कुमार को पटना जिला में बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के दौरान मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वीप अभियान का आइकॉन बनाया गया है। डॉ. नीतू कुमारी नवगीत को स्वीप आइकॉन तथा राकेश कुमार को पीडब्ल्यूडी आइकॉन के तौर पर नामित किया गया है। लोकगायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी विशिष्ट पहचान बनायी है। उन्होंने मॉरीशस, फिजी और नेपाल जैसे देशों में प्रस्तुति देने के साथ ही देश के अन्दर आयोजित सांस्कृतिक समारोहों में बिहार के लोक संगीत की खुशबू फैलायी है। नीतू नवगीत ने पटना नगर निगम की स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एम्बेसडर के रूप में कार्य करते हुए पटनावासियों को स्वच्छता अभियान से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उन्होंने 2024 के लोक सभा चुनाव के दौरान पटना जिला की स्वीप आइकॉन के रूप में मतदाता जागरुकता अभियान में भाग लिया था और अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूल-कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया था। डॉ. नीतू नवगीत को टाईम्स वूमेन एक्सट्राऑर्डिनेयर, वुमेन लीडरशिप अवार्ड 2023, दैनिक भास्कर द्वारा बिहार के गौरव सम्मान, प्रभात खबर द्वारा अपराजिता सम्मान, दैनिक जागरण, आईनेक्सट का लेजेंड ऑफ बिहार अवार्ड 2024 एवं पटना वुमेन्स कॉलेज द्वारा साहस सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया है। राकेश कुमार पीडब्ल्यूडी के लिए स्वीप आइकॉन बनाए गए हैं। कुर्जी कोठिया, दीघा निवासी श्री राकेश कुमार ने शारीरिक दिव्यांगता को चुनौती देते हुए अपनी विशिष्ट पहचान बनायी है। दिव्यांगजन के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों यथा शिक्षा, समाज सेवा, विधिक इत्यादि में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इन्हें अनेक फोरम पर सम्मानित किया जा चुका है ।



# गयाजी की दो विधानसभा सीटों पर जनसुराज ने उतारे कैंडिडेट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**गयाजी।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जन सुराज ने गयाजी जिले की दो महत्वपूर्ण सीट बोधगया और इमामगंज से अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी ने बोधगया से युवा नेता लक्ष्मण मांझी और इमामगंज से डॉक्टर अजीत दास को टिकट दिया है। बोधगया और इमामगंज से अन्य बड़ी पार्टी ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। फिलहाल बोधगया से राजद से कुमार सर्वजीत ओर इमामगंज से केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी की बहू दीपा मांझी विधायक हैं। दीपा मांझी बिहार सरकार के मंत्री सन्तोष सुमन की पत्नी हैं। इधर बोधगया और इमामगंज के लोगों का कहना है कि लक्ष्मण और अजित दोनों को समाज में पकड़ और जनता के बीच मजबूत छवि के आधार पर मौका मिला है। बोधगया विधानसभा सीट से उम्मीदवार लक्ष्मण मांझी, उम्र 32 वर्ष, जाति से मांझी समुदाय से हैं।वे स्नातक (बीए) हैं और लंबे समय से सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय हैं।पार्टी ने उन्हें इस आधार पर टिकट दिया है कि वे जुझारू हैं, इलाके में अच्छी पैठ रखते हैं और दलित समाज के बीच उनकी स्वीकार्यता मजबूत है। लक्ष्मण मांझी लम्बे समय से बीते माह तक हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा जुड़े हुए थे। पार्टी ने उन्हें बीते माह ही बाहर का रास्ता दिखाया है। वे हम पार्टी में प्रदेश महासचिव के पद पर थे। आजकल वे हम के खिलाफ मुखर होकर बयानबाजी कर रहे हैं। जनसुराज का मानना है कि बोधगया जैसी संवेदनशील और सामाजिक रूप से मिश्रित सीट पर लक्ष्मण मांझी एक प्रभावी उम्मीदवार साबित होंगे। इमामगंज विधानसभा सीट से डॉ. अजीत दास को उतारा गया है। वे 30 वर्ष के हैं। वे चमार जाति से आते हैं और एमबीबीएस डिग्रीधारी हैं। उन्होंने बेतिया से एमबीबीएस की पढ़ाई कम्पलीट की है। इनकी पत्नी भी डॉक्टर हैं। पार्टी ने उन्हें इसलिए मौका दिया है क्योंकि वे शिक्षित, युवा और समाज में अच्छी पकड़ रखने वाले चेहरे हैं। उनके माता-पिता दोनों शिक्षक हैं जिससे परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा मजबूत है। डॉ अजित के पिता ने बताया कि एक दिन अचानक अजित आया और कहा कि मैं राजनीति से जुड़ कर समाज सेवा करना चाहता हूं। इस पर हमने कहा कि अच्छी बात है। इसके बाद वह अपनी टीम के साथ जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर से मिला और पार्टी ज्वाइन कर लिया।

# मेजर जनरल ए. एस. बजाज ने पटना से किया नौका अभियान का शुभारंभ

## गंगा संरक्षण और सांस्कृतिक जागरूकता का संदेश देंगे कैडेट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एन.सी.सी. निदेशालय, बिहार एवं झारखंड, पटना के निर्देशन और एन.सी.सी. ग्रुप मुख्यालय पटना के तत्वावधान में 01 बिहार नेवल यूनिट एन.सी.सी. पटना द्वारा शुक्रवार को भव्य नौका अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान पटना के गांधी घाट से प्रारंभ होकर खुशरूपुर, बाढ़, सिमरिया, मटिहानी, मुंगेर, सुल्तानगंज होते हुए भागलपुर के बरारी घाट तक जाएगा। अभियान का शुभारंभ एन.सी.सी. निदेशालय के अपर महानिदेशक मेजर जनरल ए. एस. बजाज ने गांधी घाट पर हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने नौका दल के सभी कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहल भारत की सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। मेजर जनरल बजाज ने कहा यह अभियान केवल नौकायन तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और युवाओं को अनुशासन, सेवा तथा समर्पण के मूल्यों से जोड़ने का प्रयास है। मुझे गर्व है कि हमारे कैडेट न केवल अपने कौशल का विकास कर रहे हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक योगदान भी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि नौका अभियान के दौरान कैडेट गंगा किनारे स्थित विभिन्न समुदायों से संवाद स्थापित करेंगे, स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सफाई अभियान चलाएंगे और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सामाजिक समरसता, सौहार्द और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे। अभियान का संचालन एक नियमित नौसेना अधिकारी के निरीक्षण में किया जा रहा है। इसमें भारतीय नौसेना के 8 प्रशिक्षित पी.आई. (प्रशिक्षक) स्टाफ, 11 राज्य कर्मचारी और 5 सहयोगी कर्मी सम्मिलित हैं। 1 बिहार नेवल यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर कमांडर सन्नी कुमार गुप्ता ने बताया कि इस दल में बिहार और झारखंड के 70 कैडेट (प्रत्येक राज्य से 35-35) शामिल हैं जिन्हें एन.सी.सी. पटना यूनिट द्वारा विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य नदी पारिस्थितिकी तंत्र की सांस्कृतिक जीवंतता को प्रदर्शित करते हुए युवाओं में सौहार्द, अनुशासन और पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देना है। कैडेट गांधी घाट से अपनी यात्रा प्रारंभ कर 35 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए पहले ठहराव स्थल खुशरूपुर पहुंचेंगे। इस अवसर पर पटना जिले के 100 से अधिक नेवी जे.डी., जे.डब्ल्यू. कैडेट, ए.एन.ओ., पी.आई. और सिविलियन स्टाफ उपस्थित रहे। पूरे आयोजन स्थल पर देशभक्ति और गंगा आराधना की भावना के बीच 'गंगा अमृत है, इसे स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है' का संदेश गूंजता रहा।



# आचार संहिता उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई : जिला निर्वाचन पदाधिकारी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की अधिसूचना जारी कर दी गई है। नवादा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान की तिथि 11 नवम्बर 2025 तथा मतगणना की तिथि 14 नवम्बर 2025 निर्धारित की गई है। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के आलोक में सभी उम्मीदवारों, उनके चुनाव अभिकर्ताओं एवं समर्थकों को निर्देश दिया है जाता है कि चुनाव प्रचार के दौरान किसी भी निजी भवन, दीवार आदि पर बिना लिखित अनुमति के पोस्टर, बैनर, नारा आदि नहीं लगाया जाए। सार्वजनिक भवनों, बिजली के खंभों, सरकारी संपत्ति, पुल-पुलिया, सड़कों के महत्वपूर्ण स्थानों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि पर विज्ञापन, बैनर, झंडा, नारा या पोस्टर लगाने की अनुमति नहीं है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई प्रत्याशी या समर्थक इन आदेशों का उल्लंघन करता पाया गया, तो इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन कार्यालय सभी दलों, उम्मीदवारों एवं आम नागरिकों से आचार संहिता के नियमों का पालन करने की अपील करती है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके।

## राजनीतिक दलों के साथ डीएम ने की समीक्षा बैठक

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य था जिले भर के मतदान केंद्रों की स्थिति की समीक्षा और नए सहायक मतदान केंद्रों के प्रस्तावों पर चर्चा। जिलाधिकारी ने बताया कि हाल ही में किए गए भौतिक सत्यापन में कई पुराने मतदान केंद्र अब या तो पूरी तरह से ध्वस्त हो चुके हैं या उनकी स्थिति इतनी जर्जर है कि वहां मतदान कराना जोखिम भरा हो सकता है। कुछ केंद्र निजी भवनों में भी संचालित हो रहे थे, जिन्हें अब सार्वजनिक स्थलों में स्थानांतरित करने की जरूरत महसूस की जा रही है। इसी क्रम में हिलसा विधानसभा क्षेत्र (175) का एक मामला विशेष रूप से सामने आया। सांध पैक्स गोदाम, सलेमपुर भवन में आई दरारें और छत की जर्जर स्थिति को देखते हुए अब मतदान केंद्र को कन्या प्राथमिक विद्यालय, सलेमपुर (जो केवल 5 मीटर की दूरी पर है) में शिफ्ट करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। चुनाव आयोग की गाइडलाइनों के अनुसार, यदि किसी मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या तय सीमा से अधिक हो जाती है, तो वहां एक सहायक मतदान केंद्र बनाया जा सकता है। जिले की समीक्षा में केवल बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र (172) के दो केंद्र 222 और 225 (उर्दू प्राथमिक विद्यालय, छज्जू) ही ऐसे निकले, जहां मतदाताओं की संख्या अधिक थी। इन दोनों केंद्रों में ही मूल भवन के भीतर सहायक मतदान केंद्र बनाए जाने का प्रस्ताव दिया गया। बाकी के विधानसभा क्षेत्रों — अस्थावां, राजगीर (अ.जा), इस्लामपुर, हिलसा, नालंदा और हरनौत में मतदाताओं की संख्या मानक के अनुरूप पाई गई, वहां किसी सहायक केंद्र की आवश्यकता नहीं महसूस की गई। चर्चा गंभीर थी, लेकिन सहमति सहजता से बनी। आम आदमी पार्टी से लेकर बीजेपी, राजद से लेकर जेडीयू, वाम दलों से लेकर अन्य मान्यता प्राप्त पार्टियों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन की तैयारियों की सराहना की और प्रस्ताव को निर्वाचन विभाग, बिहार को भेजने के लिए अपनी सहमति दी। बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत सभी प्रमुख दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे, और हर किसी की चिंता एक ही थी — मतदाता बिना डर और असुविधा के मतदान कर सकें।

## सड़क हादसे में घायल अधेड़ की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरमा गांव के पास हुए सड़क हादसे में घायल अधेड़ की पटना में इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। मृतक की पहचान मुजफ्फरा गांव निवासी स्व. रामजी प्रसाद के 56 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र कुमार सिंह के रूप में हुई है। घटना 14 सितंबर की है, जब धर्मेंद्र सिंह अपने गांव के ही उमेश प्रसाद के साथ बाइक से इस्लामपुर जा रहे थे। कोरमा गांव के समीप तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने पीछे से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन बाइक को करीब 50 मीटर तक सड़क पर घसीटता चला गया। इस हादसे में दोनों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल पटना भेजा गया था। इलाज के दौरान शुक्रवार को धर्मेंद्र कुमार सिंह की मौत हो गई, जबकि उमेश प्रसाद अब भी पटना के एक निजी क्लीनिक में इलाजरत हैं। मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही इस्लामपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया।

## कैडेटों ने किया नालंदा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी और गिरियक डैम का भ्रमण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** ऑल इंडिया राजगीर ट्रैक 2025 के अंतर्गत विभिन्न राज्यों से आए कैडेटों ने शुक्रवार को गिरियक डैम के प्राकृतिक नजारों का भ्रमण किया। लगभग 510 कैडेटों को दो समूह में बांटकर एक समूह को गिरियक डैम तथा दूसरे समूह को नालंदा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी यात्रा कराई गई। कैडेट प्राकृतिक छटा और ज्ञान की भूमि को देखकर बहुत ही प्रसन्न और उत्साहित थे। कैंप के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के अंतर्गत बिहार एवं झारखंड निदेशालय के कैडेटों ने वॉलीबॉल का फाइनल जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की है। फाइनल मैच बिहार एवं झारखंड निदेशालय और उत्तर प्रदेश निदेशालय के बीच खेला गया था जिसमें बिहार एवं झारखंड के खिलाड़ियों ने जीत हासिल की और आज रस्साकशी खेल के अंतर्गत उत्तर पूर्वी राज्य के कैडेटों एवं उत्तर प्रदेश निदेशालय के कैडेट फाइनल में उतरेंगे। समस्त खेल की प्रतियोगिता हवलदार भीम बुद्ध और एम बहादुर अधिकारी के देखरेख में संपन्न हो रही है। इसके अतिरिक्त जीसीआई प्रीति कुमारी और एनसीसी पदाधिकारी मधुकांत के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम के समस्त कार्यक्रम का प्रैक्टिस कराया जा रहा है कैंप के अंतिम दिवस में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रतियोगिता होनी है जिसमें विभिन्न राज्यों से आए कैडेट अपने-अपने राज्यों की सभ्यता और संस्कृति को गीत एवं नृत्य के रूप में प्रस्तुत करेंगे।

## एक नजर

### जनता दरबार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं। कुल 26 शिकायतें प्राप्त की गई। जनता दरबार में थाना-सीतामढ़ी, ग्राम- सराय बेलदारी की शारदा देवी द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में, थाना- मुफ्फसिल, ग्राम - गोडधोवा के सीमा देवी द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में, थाना-कादिरगंज, ग्राम-बहेरा की सलोनी कुमारी द्वारा शिक्षा से संबंधित, थाना-नारदीगंज, ग्राम-नारदीगंज के निवासी सौदागर मिस्त्री के द्वारा बैंक से संबंधित, थाना- सिरदला, ग्राम-भालूआई के निवासी नेहा कुमारी के द्वारा विकलांग पेंशन से संबंधित, तथा रजौली प्रखंड के कालेश्वर यादव विवादित रास्ता के संबंध में आवेदन दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य उपस्थित लोगों द्वारा भी विभिन्न शिकायतें प्रस्तुत की गई। जनता दरबार में आए लोगों को आश्वस्त करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि आपकी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। सभी मामलों का निष्पादन यथाशीघ्र किया जाएगा ताकि जनता को न्याय एवं सुविधा समय पर मिल सके। इस अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, बिजली विभाग के अधिकारी के साथ-साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

### मतदाता जागरुकता को लेकर विद्यालय में कई गतिविधियों का आयोजन

**कौआकोल।** प्रखंड मुख्यालय स्थित गायत्री प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय कौआकोल में शुक्रवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता गतिविधि आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार ने छात्राओं और शिक्षकों को विधानसभा चुनाव की तिथि और अन्य जानकारी दी। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने परिवार और आस-पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत छात्राओं को मेहंदी,चित्रकला,पेंटिंग,रंगोली और प्रभात फेरी आदि कार्यक्रम आयेजित किये गए। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिका मौजूद थे।

### 125 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई

**नारदीगंज (नवादा)।** बिहार विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त सम्पन्न करने के लिए प्रशासन द्वारा कार्रवाई शुरु कर दिया गया है। आगामी 11 नवम्बर 2025 को नवादा विधानसभा में चुनाव होने वाले हैं। थानाध्यक्ष राहुल अभिषेक ने बताया कि विधानसभा चुनाव में हुड़दंग करनेवालों और शांति भंग होने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के अभी तक 125 लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई है।

### सशस्त्र बल के जवानों के साथ किया फ्लैग मार्च

**कौआकोल।** विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से कौआकोल थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष उमाशंकर कुमार की देखरेख में बिहार पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल के जवानों द्वारा लगातार फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की जा रही है। तथा लोगों से आगामी 11 नवम्बर को निर्भय होकर भयमुक्त वातावरण में मतदान करने की अपील की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि किसी भी तरह की अफवाह या कानून-व्यवस्था भंग करने वाली गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पुलिस प्रशासन लगातार गश्त कर रहा है,ताकि मतदाता बिना डरे मतदान कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव के दौरान असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

### प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान आयोजित

**नारदीगंज,नवादा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में गुरुवार को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के तहत प्रखंड के विभिन्न गांवों के 282 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। चिकित्सक ने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने की सलाह दिये। उन्हें रक्त की कमी पाई गई। लैब टेक्नीशियन जितेंद्र कुमार, आशुतोष कुमार ने उपस्थित महिलाओं को खून,रक्तचाप समेत अन्य जांच किया। मौके पर प्रभारी डा. नवीन कुमार,डा.प्रदीप कुमार,डा.प्रवीण कुमार, डाटा आपरेटर जितेन्द्र कुमार, एएनएम शोभा देश पांडेय समेत अन्य रहे।

### कचरे के ढेर में मिला नवजात बच्ची का शव

**बिहारशरीफ।** पावापुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरी गांव से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शुक्रवार सुबह नगर पंचायत के सफाईकर्मियों को कचरा साफ करते समय एक नवजात बच्ची का शव मिला। जैसे ही इस बात की जानकारी फैली, पूरे गांव में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि नगर पंचायत के मजदूर पूरी गांव के पास नियमित सफाई अभियान में जुटे थे। उसी दौरान कचरे के ढेर में एक संदिग्ध कपड़े में लिपटा कुछ दिखा। जब उसे खोलकर देखा गया तो उसमें एक नवजात बच्ची का शव मिला। मजदूरों ने तुरंत इस बात की सूचना स्थानीय लोगों को दी, और देखते ही देखते वहां भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही पावापुरी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी गौरव कुमार सिंह अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और बच्ची को तत्काल पावापुरी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला किसी अज्ञात महिला द्वारा जन्म के तुरंत बाद बच्ची को त्यागने और कूड़े में फेंकने का प्रतीत होता है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### थानाध्यक्ष ने किया खड़सारी पंचायत में बूथ सत्यापन

**कौआकोल।** विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही प्रशासनिक पदाधिकारियों की चहल कदमी तेज हो गयी है। शुक्रवार को थानाध्यक्ष उमाशंकर कुमार ने प्रखण्ड के खड़सारी पंचायत में विभिन्न मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने मतदान केंद्र पर बिजली, पेयजल, शौचालय, रैंप आदि का जायजा लिया तथा प्रधानाध्यापकों एवं अन्य सम्बन्धित कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त किया। इस दरम्यान उन्होंने क्षेत्र में चुनाव की सारी व्यवस्था दुरुस्त रखने की बात कही।

## डीएम ने किया जिला स्वीप लोगो का अनावरण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र मतदाता जागरूकता अभियान को गति देने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर में जिले के स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला स्वीप लोगो का अनावरण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि नालंदा जिले में 6 नवंबर 2025 को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों का लक्ष्य महिलाओं, पुरुषों, युवाओं, दिव्यांगजनों एवं थर्ड जेंडर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करना है, ताकि सभी लोग अपने मताधिकार का स्वतंत्र एवं उत्साहपूर्वक प्रयोग कर सकें। जिलाधिकारी ने बताया कि यह लोगो जिले में मतदाता जागरूकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। यह मतदान की महत्ता को दर्शाता है और अधिकाधिक मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने का संदेश देता है। स्वीप कार्यक्रम का मूल उद्देश्य लोकतंत्र को सुदृढ़ करने में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है, विशेषकर युवाओं, महिलाओं और प्रथम बार मतदान करने वालों को प्रेरित करना। उन्होंने सभी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में स्वीप कोर कमिटी की अध्यक्ष-सह-उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला स्थापना उप समाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा), जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, डीपीएम जीविका, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शारदा माइंस से पत्थर लदा ट्रैक्टर जब्त

### चटकरी गांव की शारदा अभ्रक माइंस पर वन विभाग का छापा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रजौली। थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ के चटकरी गांव स्थित शारदा नामक अभ्रक माइंस में अवैध खनन के विरुद्ध वन विभाग ने बीते गुरुवार की देर रात बड़ी कार्रवाई की है। वन विभाग की टीम ने मौके से उजले रंग के बड़े-बड़े पत्थरों से लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है और साथ ही ट्रैक्टर चालक सह मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई काफी दिनों बाद हुई है।

**दर्जनों माइंस में जारी है अवैध ब्लास्टिंग और खनन**

सवैयाटांड़ पंचायत में शारदा अभ्रक माइंस के अतिरिक्त दर्जनों अन्य अभ्रक माइंस भी हैं, जहां दिन के उजाले से लेकर रात में भी जिलेटिन व डेटोनेटर से ब्लास्टिंग कर अभ्रक का अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है। ठेकेदार ब्लास्टिंग के बाद मजदूरों से अभ्रक चुनवाते हैं और उन्हें बहुत कम राशि देते हैं, जबकि ठेकेदार इसी अभ्रक को बाजार में बेचकर मोटी रकम अर्जित करते हैं। इस दौरान अभ्रक चुनने के बाद बचे शेष पत्थरों को भी बेच दिया जाता है।

**13वीं बार में पकड़ा गया आरोपित**

छापेमारी के दौरान जब्त ट्रैक्टर पर उजले पत्थर लदे हुए थे। गिरफ्तार युवक की पहचान झारखंड के कोडरमा जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के जोरा सिमर गांव निवासी चतलाल सिंह के पुत्र आशीष सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आशीष सिंह ही जब्त ट्रैक्टर का चालक सह मालिक है।

गिरफ्तार युवक ने पूछताछ में बताया कि वह बीते कुछ दिनों से शारदा माइंस से पत्थर लेकर अपने घर के पास एकत्रित कर रहा था। वह अब तक 12 बार ढुलाई कर चुका था और यह 13वीं बार था जब वह पत्थर लेकर जा रहा था और इसी दौरान वन विभाग के हत्थे चढ़ गया। उसने यह भी बताया कि उसने जब्त ट्रैक्टर को वास्तविक मालिक से ढाई लाख रुपये में एग्रीमेंट करके खरीदा था।

**गुप्त सूचना पर रेंजर के नेतृत्व में हुई छापेमारी**

रेंजर नारायण लाल सेवक ने बताया कि शारदा माइंस में अवैध खनन की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए फॉरेस्टर आदेश कुमार और पीयूष कुमार के अलावा वनरक्षी रंजन कुमार, मनोज साव, नीतीश कुमार और रवि कुमार के साथ मिलकर यह छापेमारी की गई। रेंजर ने बताया कि अवैध खनन में संलिप्त ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध वन विभाग के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा। वन विभाग ने साफ किया है कि अवैध खनन माफियाओं के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद खनन माफियाओं में सन्नाटा पसर गया है।

### दुकानदारों को फुटपाथ छोड़कर पीछे अपनी दुकानें लगाने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** नगर पंचायत के बजरंगबली चौक पर शुक्रवार की सुबह फुटपाथी दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत पदाधिकारी ने कार्रवाई शुरू की है। शिकायत मिलने के बाद, नगर पंचायत के कर्मियों ने फुटपाथी दुकानदारों से फुटपाथ छोड़कर पीछे अपनी दुकानें लगाने की अपील की। प्रभारी नगर पंचायत पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों के आवागमन में परेशानी हो रही थी, इसलिए दुकानदारों से अपील की गई थी। जब दुकानदारों ने निर्देश का पालन नहीं किया, तो कर्मियों ने कार्रवाई की चेतावनी दी। नगर पंचायत की इस कार्रवाई से आम लोगों में खुशी का माहौल है।

## नवादा में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा मेडिकेयर एण्ड गायनी हॉस्पिटल के चर्चित सर्जन डॉ॰ पीएस चौधरी को एक शख्स द्वारा लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से धमकी दिया जा रहा जिसको लेकर वे काफी परेशान हैं। इस बात की सूचना उन्होंने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को दिया, जिसको लेकर चिकित्सकों ने एक आपातकालीन बैठक कर कई मुद्दों पर निर्णय लिया। आईएमए की बैठक में चिकित्सक डॉ॰ पीएस चौधरी ने बताया कि टुनटुन यादव नामक एक शख्स द्वारा सोशल मीडिया पर गाली-गलौज और धमकी दिया जा रहा है, साथ हीं वे क्लीनिक के खिलाफ दुष्प्रचार भी कर रहे हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ॰ बी के शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ॰ बी पी सिंह एवं सचिव शंबूक ने कहा जिस प्रकार सोशल मीडिया के माध्यम से बड़े चिकित्सक को टारगेट कर झूठी अफवाह फैलाया जा रहा है। साथ शारीरिक और मानसिक प्रताड़ित किया जा रहा है। उससे नवादा के चिकित्सकों में डर और भय का माहौल कायम है। अध्यक्ष ने जिला प्रशासन से टुनटुन यादव पर न्याय संगत और कठोर कार्रवाई करने की मांग किया है, वहीं चिकित्सक डॉ॰ पीएस चौधरी की सुरक्षा प्रदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा अगर जिला प्रशासन ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं करती है, तो चिकित्सकों को अपना कार्य छोड़ना पड़ेगा।


## हिलसा और इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्रों के पांच प्रत्याशियों ने नामांकन रसीद कटवाई

### पहले चरण के विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई। शुक्रवार को हिलसा अनुमंडल कार्यालय में हिलसा और इस्लामपुर विधानसभा के अलग-अलग राजनीतिक दलों के पांच प्रत्याशियों ने नामांकन रसीद (एनआर) कटवाई। हिलसा विधानसभा के निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने बताया कि सोमवार को कुल 5 प्रत्याशियों ने नामांकन रसीद प्राप्त की। इसमें इस्लामपुर विधानसभा के राष्ट्रीय जनता दल (रालोसपा) के राकेश कुमार रौशन, भारतीय मोमिन पार्टी के कुमार हरिचरण सिंह यादव, लोक जन विकास पार्टी के सीताराम सिंह शामिल हैं। हिलसा विधानसभा से संयुक्त किसान विकास पार्टी के सुधीर कुमार और कौशल कुमार ने रसीद कटवाई। निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगी। इच्छुक प्रत्याशी 17 अक्टूबर तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 18 अक्टूबर को होगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर निर्धारित की गई है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय के बाद कोई नामांकन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि मतदान 6 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच चुनाव प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाएगी।

## हिलसा में विस चुनाव को ले प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** आगामी विधानसभा चुनाव को भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को हिलसा नगर में पुलिस एवं सीआईएसएफ के जवानों ने शहर के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च हिलसा थाना परिसर से शुरू होकर सिनेमा मोड़, बिहारी रोड, दरगाह रोड, दक्षिण कोयरी टोला, उत्तरी कोयरी टोला, गबरापर, बरुण तल, काली स्थान, रामबाबू हाई स्कूल, स्टेशन रोड और योगीपुर रोड होते हुए पुनः थाना परिसर पर आकर समाप्त हुआ। यह फ्लैग मार्च अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुश्री शैलजा के नेतृत्व में निकाला गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता को सख्ती से लागू करने और मतदाताओं में विश्वास पैदा करने के उद्देश्य से यह फ्लैग मार्च किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का उद्देश्य भयमुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराना है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की अशांति या डराने-धमकाने की कोशिश करने वाले शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इस मौके पर थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार, दारोगा सिद्धार्थ आनंद सहित, शिल्पी राणा, दिलीप कुमार सहित सीआईएसएफ के दर्जनों जवान मौजूद थे।

## मतदान सुविधा बढ़ाने के लिए इपीआइसी विकल्पों की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार राज्य में लगभग 100 प्रतिशत मतदाताओं को इपीआइसी जारी किए जा चुके हैं। आयोग ने सभी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि अंतिम निर्वाचक नामावली के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर सभी नये मतदाताओं को इपीआइसी वितरित कर दिया जाए।

किन्तु ऐसे मतदाताओं की सुविधा के लिए, जिनके नाम निर्वाचक नामावली में हैं परंतु वे मतदान के दिन इपीआइसी प्रस्तुत नहीं कर पाते, भारत निर्वाचन आयोग ने दिनांक 07 अक्टूबर, 2025 को अधिसूचना जारी कर यह प्रावधान किया है कि ऐसे मतदाता पहचान के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से किसी एक को प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं —

1. आधार कार्ड
2. मनरेगा जॉब कार्ड
3. बैंक / डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक
4. श्रम मंत्रालय / आयुष्मान भारत योजना के तहत जारी हेल्थ इंश्योरेंस स्मार्ट कार्ड
5. ड्राइविंग लाइसेंस
6. पैन कार्ड
7. एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड
8. भारतीय पासपोर्ट
9. फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज
10. केन्द्र / राज्य सरकार / सार्वजनिक उपक्रम / सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों के कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान पत्र
11. सांसद / विधायक / विधान परिषद सदस्य को जारी आधिकारिक पहचान पत्र
12. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आइडी कार्ड

यह पुनः स्पष्ट किया जाता है कि मतदान के लिए निर्वाचक नामावली में नाम का दर्ज होना अनिवार्य है।

## एरिया डोमिनेशन के दौरान युवक के पास से हथियार और कारतूस बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर नालंदा पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। जिले में निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस और अर्धसैनिक बलों की टीम लगातार एरिया डोमिनेशन व फ्लैग मार्च अभियान चला रही है। इसी क्रम में गुरुवार की रात लहेरी थाना पुलिस ने केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) के साथ मिलकर चेकिंग के दौरान एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। मामला रामचंद्रपुर बस स्टैंड के पास का है, जहां वाहन जांच के दौरान एक बाइक सवार की तलाशी ली गई। तलाशी में युवक के पास से एक देशी कट्टा और 9 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पकड़े गए आरोपी की पहचान रहुई थाना क्षेत्र के भदवा गांव निवासी आनंद कुमार उर्फ अन्ना के रूप में हुई है। लहेरी थाना के एसआई सर्वेश कुमार ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि वह अवैध हथियार लेकर कहां और क्यों जा रहा था। उसके खिलाफ लहेरी थाना में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर में लगातार सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है, ताकि किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा चुनाव प्रक्रिया में खलल न डाला जा सके। पुलिस व अर्धसैनिक बलों का फ्लैग मार्च भी नियमित रूप से जारी है।

### प्रमंडलस्तरीय प्रतियोगिता में विभीषण को द्वितीय स्थान

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार पश्चिमी के सातवीं वर्ग का छात्र एवं शैला देवी तथा भगीरथ प्रसाद का पुत्र विभीषण कुमार ने प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। शुक्रवार को वह प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में गया जी में शामिल हुआ। गौरतलब है कि जिलास्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2025 का आयोजन 8 अक्टूबर को नवादा में हुआ था। विभीषण का चयन कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रतियोगिता में हुआ। इसके बाद उसे प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा गया।

## व्यवहार न्यायालय में परिवाद दायर कर लगाई न्याय की गुहार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** थानाक्षेत्र के ननौरा निवासी स्व भुनेश्वर सिंह के पुत्र उमेश सिंह ने व्यवहार न्यायालय नवादा में परिवाद दायर कर न्याय की गुहार लगाई है। दायर परिवाद में नारदीगंज के अंचलाधिकारी रईस आलम, हल्का कर्मचारी आशुतोष कुमार,अंचल नाजीर गोपाल कुमार यादव और ननौरा निवासी कंचन देवी पति जगदीश चौरसिया को आरोपित किया गया है। उमेश सिंह ने बताया कि मौज ननौरा थाना संख्या 416 में खाता संख्या 79 में प्लॉट नंबर 3755 में 6 डिसमिल और प्लॉट नंबर 4036 में 21 डिसमिल जमीन मेरे पिता भुनेश्वर सिंह और चाचा लटन सिंह के नाम पर था। वर्ष 1979 में उक्त भूमि पर भुनेश्वर सिंह बनाम गोविंद सिंह के नाम से मुकदमा चला था। 31 जुलाई 1993 को मुकदमा का फैसला मेरे पिता जी के पक्ष में आया।उसके बाद हमारे पिता जी और चाचा जी के नाम से जमाबंदी कायम किया गया। उस समय से हमलोग रसीद भी कटवाते आ रहे थे। 2025 - 2026 का रसीद जब कटवाने गए तो पता चला कि उक्त भूमि का जमाबंदी कंचन देवी के नाम से कर दिया गया है। इसकी जानकारी के लिए जब हम अंचल कार्यालय गए तो सभी अभियुक्तों ने मेरे साथ धक्कामुक्की करने लगा और केस में फंसा देने की धमकी देने लगा। तब हम लाचार होकर न्यायालय में परिवाद दायर कर न्याय की मांग किया हूं। अंचलाधिकारी रईस आलम ने इस पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर गए। उन्होंने बताया कि जब न्यायालय से नोटिस आयेगा तब हम इसका जवाब देंगे।

# मगध विश्वविद्यालय में रोजगारोन्मुखी शिक्षा पर उच्चस्तरीय बैठक सम्पन्न

## कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक प्रशिक्षण पर दिया बल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में शुक्रवार को व्यावसायिक एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत रोजगारोन्मुखी शिक्षा को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने की। इस बैठक में विश्वविद्यालय परिसर स्थित तथा सभी अंगीभूत महाविद्यालयों में संचालित व्यावसायिक एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों की नामांकन स्थिति, चुनौतियां और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की शुरूआत में कुलपति ने सभी पाठ्यक्रम प्रभारी और समन्वयकों का स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा पिछली बैठक के निर्णयों की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि वर्तमान शैक्षणिक परिदृश्य में गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी शिक्षा की अत्यधिक आवश्यकता है और विश्वविद्यालय इस दिशा में गंभीर प्रयास कर रहा है। बैठक में नामांकन प्रक्रिया की समीक्षा की गई तथा सुझाव दिया गया कि प्रवेश प्रक्रिया को अधिक सरल, ऑनलाइन और छात्र-हितैषी बनाया जाए ताकि दूर-दराज के छात्र भी सहजता से नामांकन कर सकें। साथ ही व्यावसायिक और स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में नये एवं अधिक रोजगारोन्मुखी कोर्स शुरू करने, इंटर्नशिप, प्लेसमेंट और प्रायोगिक ज्ञान की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। बैठक में यह भी कहा गया कि छात्रों को प्रेरित करने के लिए कैरियर काउंसलिंग, वर्कशॉप, सेमिनार और जागरूकता कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जाए। ताकि उन्हें अपने कौशल और कैरियर संभावनाओं के प्रति मार्गदर्शन मिल सके। कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने कहा कि विश्वविद्यालय न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि छात्रों के समग्र विकास और रोजगारोन्मुखी शिक्षा के लिए भी निरंतर प्रयत्नशील है। उन्होंने सभी अधिकारियों से समर्पण भाव के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में आगामी 25 नवंबर 2025 को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता प्रो. ब्रजेश राय, सीसीडीसी डॉ. संजय तिवारी, कुलानुशासक प्रो. उपेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक, वित्त पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी, पाठ्यक्रम प्रभारी और समन्वयक उपस्थित रहे। सभी ने अपने विभागों की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए उपयोगी सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक का समापन कुलसचिव प्रो. बिनोद कुमार मंगलम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि प्रस्तुत सुझावों को विश्वविद्यालय स्तर पर प्राथमिकता के साथ लागू किया जाएगा।

## एक नजर

### दो समुदायों में झड़प, 7 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के विश्वनाथपुर गांव में शुक्रवार की सुबह दो समुदायों के बीच आपसी कहा सुनी के बाद झड़प हो गई। घटना शुक्रवार सुबह की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित कर लिया। संवाद सूत्रों के अनुसार विवाद की जड़ गुरुवार की शाम की एक घटना से जुड़ी बताई जा रही है। बताया गया कि एक समुदाय के किशोर ने मस्जिद के समीप कुछ दूरी पर स्थित पगडंडी के रास्ते में शौच कर दिया था। इसी बात को लेकर शुक्रवार की सुबह दूसरे समुदाय के लोगों ने आपत्ति जताई जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और फिर झड़प की स्थिति बन गई। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है। दोनों समुदायों से कुल सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के साथ कुछ लोगों द्वारा बदतमीजी भी की गई है जिसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो भी इस मामले में दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में शांति बनी हुई है, लेकिन किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

### दहेज के मामले में पति-पत्नी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के चन्दैनी गांव में दहेज प्रथा के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक दंपत्ति को गिरफ्तार किया। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर शुक्रवार की सुबह छापेमारी की गई जिसमें आरोपी बलीराम यादव और उनकी पत्नी सुनीता देवी को गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि दोनों पर दहेज उत्पीड़न का मामला पूर्व में दर्ज था जिसके बाद न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शुक्रवार की शाम लगभग 4 बजे न्यायालय में प्रस्तुत किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दहेज प्रथा जैसे सामाजिक कुरीति के मामलों में पुलिस सख्ती से कार्रवाई कर रही है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र में इस कार्रवाई की चर्चा बनी हुई है।

### चाचा ने भतीजे पर जानलेवा हमला कर किया घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी थाना क्षेत्र के अलालपुर गांव में चाचा ने भतीजे पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना शुक्रवार की देर शाम घटित हुई। घायल की पहचान अलालपुर ग्राम के रहने वाले सूबेदार सिंह के 35 वर्षीय पुत्र शैलेश सिंह उर्फ सूरज के रूप में हुई। शैलेश की भतीजी अनन्या ने बताया कि गांव में ही नाली को लेकर चाचा के साथ विवाद हुआ था जिसके बाद शुक्रवार की शाम घर में अकेला पाकर शैलेश के चाचा ने धारदार हथियार व लाठी डंडे से हमला बोल दिया जिसमें शैलेश गंभीर रूप से घायल हो अधमरा हो गये। घटना के बाद स्वजनों द्वारा आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल रेफर कर दिया गया। मामले को लेकर टिकारी थाना में शिकायत नहीं की गई है।

## गया में रिश्वतखोर राजस्व कर्मचारी पर गिरी गाज, डीएम ने किया सस्पेंड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया जी में रिश्वतखोर राजस्व कर्मचारी पर गाज गिरी। गया जी के डीएम ने उसे सस्पेंड कर दिया। बताया जाता है कि इस तरह की शिकायत आने के बाद डीएम ने इसकी जांच करवाई। जांच के दौरान मामला प्रथम दृष्ट्या सही प्रतीत हुआ जिसके बाद गया डीएम शशांक शुभंकर ने राजस्व कर्मचारी को सस्पेंड कर दिया। यह मामला गया जी के फतेहपुर अंचल कार्यालय से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार गया जी के डीएम शशांक शुभंकर के व्हाट्सएप पर फतेहपुर अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी रवि कुमार के खिलाफ एक ऑडियो प्राप्त हुआ था। आरोप था कि राजस्व संबंधी कार्यों के निष्पादन के लिए राजस्व कर्मचारी रवि कुमार के द्वारा 15 हजार रिश्वत मांगे गए। प्राप्त ऑडियो के सुने जाने के बाद प्रथम दृष्ट्या मामला सही पाया गया।

**फोन-पे के माध्यम से ली गई थी रिश्वत की राशि**

राजस्व कर्मचारी रवि कुमार के द्वारा राजस्व संबंधी कार्यों के निष्पादन में अपने दलाल अजय कुमार द्वारा पीड़ित आवेदक पिंटू यादव से फोन-पे के माध्यम से 15 हजार की राशि रिश्वत के रूप में ली गई थी। प्रथम दृष्ट्या मामला सही पाए जाने के बाद इसकी पूरी तरह से जांच के आदेश डीएम ने दे दिए हैं। वहीं फिलहाल कार्रवाई करते हुए गया डीएम के द्वारा राजस्व कर्मचारी रवि कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## भाजपा युवा मोर्चा ने गयाजी विधानसभा क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

### केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गयाजी।** सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी गयाजी पूर्वी के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमर शेखर के द्वारा गयाजी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बैरागी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, एपी कॉलोनी सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं एवं युवाओं के साथ जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अमर शेखर ने कहा कि युवाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य की नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार लगातार अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि आज का युवा भारत की विकास यात्रा का चालक बन चुका है और उसे अवसर, सम्मान और रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, मुद्रा योजना, नेशनल एजुकेशन पॉलिसी, डिजिटल इंडिया मिशन और नेशनल स्किल डेवलपमेंट मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार और कौशल प्रशिक्षण के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। वहीं, बिहार सरकार की मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, कौशल विकास योजना तथा मुख्यमंत्री बालक/बालिका प्रोत्साहन योजना के जरिए युवाओं को शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ा जा रहा है। अमर शेखर ने कहा कि एनडीए सरकार का उद्देश्य हर युवा को अवसर, रोजगार और सम्मान प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त पहल से बिहार के लाखों युवा आज उद्यमी, शिक्षक, तकनीकी विशेषज्ञ और रोजगार सृजक के रूप में उभर रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं और युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही विकास योजनाओं की सराहना की और एनडीए सरकार के प्रति समर्थन व्यक्त किया। इस अवसर पर सागर सचदेवा, आशीष पाठक, राज पाण्डेय, आदित्य वर्धन, विवेक चंद्रवंशी, राहुल चंद्रवंशी सहित कई कार्यकर्ता और युवा उपस्थित रहे।

## रतनपुरा गांव से पांच देशी कट्टे बरामद, एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के रतनपुरा गांव में गुरुवार की देर रात पुलिस ने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई किया गया। मिली जानकारी के अनुसार शेरघाटी एएसपी शैलेंद्र सिंह के प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार तथा अपर थानाध्यक्ष मोहन कुमार के संयुक्त नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया गया। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रतनपुरा निवासी सुजीत कुमार, पिता किशोर यादव के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके घर से पांच देशी कट्टा बरामद किया। मौके पर ही पुलिस ने आरोपी सुजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि उक्त व्यक्ति का संबंध स्थानीय असामाजिक तत्वों से हो सकता है जिसकी जांच पुलिस कर रही है। इस संबंध में शेरघाटी एएसपी शैलेंद्र सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अवैध हथियारों की बरामदगी और अपराध पर नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रतनपुरा से बरामद किए गए सभी देशी कट्टों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। ताकि यह पता लगाया जा सके कि इनका उपयोग किसी आपराधिक घटना में हुआ है या नहीं। एएसपी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। ताकि अपराधियों पर समय रहते कार्रवाई की जा सके। शेरघाटी पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है और स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

## प्रखंड कृषि पदाधिकारी को दी गयी विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** गया जिला के डोभी में प्रखंड कृषि पदाधिकारी का विदाई समारोह आयोजित किया गया। डोभी में शुक्रवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुमेश्वर कुमार मेहता का विदाई समारोह कृषि भवन में आयोजित किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने उनके पांच साल के कार्यकाल को बेहतर बताया और कहा कि उनके कार्यकाल में किसानों को कभी भी बीज या खाद के लिए परेशान नहीं होना पड़ा। किसानों ने कहा कि सुमेश्वर कुमार मेहता ने अपने कार्यकाल में सरकार की योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू किया और किसानों का मन जीता। किसानों ने उनकी प्रशंसा की और कहा कि उनके कार्यकाल में कृषि विभाग ने अच्छा काम किया। कार्यक्रम में नए प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजकुमार का स्वागत किया गया और उन्हें बुके देकर सम्मानित किया गया। निवर्तमान प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुमेश्वर कुमार मेहता को अंगवस्त्र देकर विदाई दी गई।

## एबीवीपी के विभाग संगठन मंत्री मोहित सिंह भदौरिया का मगध विश्वविद्यालय में सम्मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के गया, बोधगया एवं नवादा विभाग के संगठन मंत्री मोहित सिंह भदौरिया का शुक्रवार को मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में सम्मान किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आयोजित इस समारोह में कुलपति और कुलसचिव ने भदौरिया को विश्वविद्यालय का स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि युवा नेतृत्व और छात्र संगठनों की रचनात्मक भूमिका विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एबीवीपी जैसे संगठन समाज और शिक्षा दोनों के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कुलसचिव ने कहा कि मोहित सिंह भदौरिया जैसे ऊर्जावान युवा नेतृत्व विश्वविद्यालय और समाज के बीच संवाद एवं सहयोग का सेतु बनते हैं। उनका यह दौरा विश्वविद्यालय समुदाय के लिए प्रेरणादायक रहा। अपने संबोधन में मोहित सिंह भदौरिया ने विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मगध विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परंपरा गौरवशाली रही है। विद्यार्थी परिषद सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और विश्वविद्यालयों के सशक्त निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एबीवीपी का उद्देश्य शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की दिशा में सार्थक बनाना है और इस दिशा में विद्यार्थी परिषद लगातार कार्यरत है। समारोह में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी और छात्र प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वातावरण उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक रहा।

## गुरारू में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के गुरारू थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह हादसा गुरारू स्टेशन से पूरब, गुडरु मठिया के पास सुबह लगभग 8 बजे हुआ। मृतक की पहचान 26 वर्षीय राकेश कुमार, संजय गुप्ता के पुत्र और गुरारू चौक के निवासी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार राकेश मानसिक रूप से विक्षिप्त थे। मिली जानकारी के अनुसार राकेश गुरुवार रात करीब 8 बजे अपने घर से निकले थे और देर रात तक घर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की थी। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर उनका शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही गुरारू थाना प्रभारी खिलेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए गया मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि राकेश किस ट्रेन की चपेट में आया। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से रेलवे ट्रैक के आसपास सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## मगध विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह सफलतापूर्वक सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग एवं परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा आईक्यूएसी के तत्वावधान में 'मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह 2025' का आयोजन 6 से 10 अक्टूबर तक किया गया। इस सप्ताहव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जन-जागरूकता बढ़ाना तथा आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक समान पहुंच के महत्व को रेखांकित करना था। इस वर्ष की थीम 'एक्सेस टू सर्विसेज-मेंटल हेल्थ इन कैटास्ट्रॉफीज एंड इमरजेंसीज' रही जिसके अंतर्गत कई शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम की समन्वयक मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीति सुमन और परामर्श प्रकोष्ठ की संयुक्त समन्वयक व चेयरपर्सन डॉ. मीनाक्षी रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत 6 अक्टूबर को 'माइंड मैटर्स नेविगेटिंग द मेंटल हेल्थ मेज ऑफ मॉडर्न यूथ' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी से हुई। 7 अक्टूबर को 'संकट की घड़ी में मानसिक कल्याण' विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता, 8 अक्टूबर को 'मनोवैज्ञानिक प्राथमिक सहायता' पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, 9 अक्टूबर को मेंटल हेल्थः द ओवरलुक्ड इमरजेंसी इन डिजास्टर्स पर भाषण प्रतियोगिता और 10 अक्टूबर को वन वर्ल्ड, इक्वल एक्सेसः ग्लोबल यूनिटी फॉर मेंटल हेल्थ सर्विसेज विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. नृपेन्द्र श्रीवास्तव (इतिहास विभाग), प्रो. के. डी. वर्मा (पाली विभाग) और प्रो. प्रमोद चौधरी (समाजशास्त्र विभाग) शामिल रहे। प्रथम स्थान साधना प्रिया (जी.बी.एम. कॉलेज), द्वितीय स्थान सिमरन श्रेया (फिजियोथेरैपी विभाग) और तृतीय स्थान शुभम कुमार (शिक्षा विभाग) को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के समन्वयक डॉ. रविन्द्र सिंह, डॉ. मीनाक्षी प्रसाद और डॉ. प्रियंका सिंह रहे। इसके बाद जी.बी.एम. कॉलेज की छात्राओं ने मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। इस नाटक के संयोजन में डॉ. जियाउल्लाह अनवर, डॉ. एकता वर्मा और डॉ. बी.पी. नलिन की सक्रिय भूमिका रही जबकि आयोजन की सफलता में डॉ. प्रीति शेखर का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रविन्द्र सिंह ने किया। स्वागत भाषण डॉ. मीनाक्षी ने दिया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रगति चतुर्वेदी ने किया। विद्यार्थियों ने इस आयोजन को प्रेरणादायक और जागरूकता बढ़ाने वाला बताया। परामर्श प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों ने पूरे आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। कुलपति ने विभाग और परामर्श प्रकोष्ठ को बधाई देते हुए कहा कि आज के समय में मेंटल हेल्थ पर संवाद अत्यंत आवश्यक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों और समाज में सकारात्मक सोच तथा संवेदनशीलता का विकास करते हैं। विश्वविद्यालय भविष्य में भी इस तरह की रचनात्मक और समाजोपयोगी पहलों को प्रोत्साहित करता रहेगा।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर पहले मतदान फिर जलपान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**शेरघाटी।** विधानसभा क्षेत्र (संख्या 226) के अंतर्गत आने वाले सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में इन दिनों स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रशासन की ओर से यह पहल की गई है। ताकि हर पात्र मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंचे और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। शेरघाटी प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविकाएं और सहायिकाएं गांव-गांव, टोले-टोले जाकर लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बता रही हैं। दीवार लेखन, नारेबाजी, जागरूकता गीतों और रैलियों के माध्यम से ग्रामीणों को संदेश दिया जा रहा है कि पहले मतदान, फिर जलपान। महिलाएं, युवाओं और प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। शेरघाटी बीडीओ स्नेहील आनंद ने बताया कि इस अभियान को व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाया जा रहा है। ताकि मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो और शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र प्रदेश के सबसे अधिक मतदान वाले क्षेत्रों में शामिल हो सके। आंगनबाड़ी कर्मियों का यह प्रयास सराहनीय है जो न केवल पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रही हैं बल्कि अब लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करने में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। शेरघाटी में लोकतंत्र का यह उत्सव पूरी तैयारी और जागरूकता के साथ मनाया जाएगा।

## मध्य विद्यालय पुरा में शिक्षक को दी गई विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय पुरा में विगत 11 वर्षों से कार्यरत शिक्षक सुजित कुमार वर्मा के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित की गई। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रधानाध्यापिका कुमारी सत्यभामा ने कहा कि इनका प्राथमिक विद्यालय मिल्की में प्रधान शिक्षक के पद पर नियुक्ति हुई है। ये विगत 11 वर्षों से ईमानदारी पूर्वक इस विद्यालय में कार्य करते रहे हैं। हमलोग कामना करते हैं कि सुजीत कुमार वर्मा आगे भी इसी प्रकार अपनी सेवा देते रहेंगे तथा वहां भी उन्हें सम्मान मिलेगा। मौके पर शिक्षक मदन कुमार, शम्भु कुमार, चंदन कुमार, कृष्ण पाल, उद्यांशु कुमार, शिक्षिका संध्या कुमारी, अनिता कुमारी, राखी कुमारी सहित अन्य ने सामूहिक रूप से नम आखों से शिक्षक को विदाई दी।

## शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी महत्वपूर्ण : कुलपति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गयाजी)।** एक सामान्य एवं तंदुरुस्त जीवन यापन के लिए शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी महत्वपूर्ण है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने और दूसरों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए। उक्त वक्तव्य दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने मनोवैज्ञानिक विज्ञान विभाग द्वारा छात्र परामर्श और कल्याण केंद्र के सहयोग से आयोजित विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के समापन समारोह में कही। डब्ल्यूएचओ के विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह इस वर्ष के थीम सेवाओं तक पहुंच-आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो के. एन. सिंह ने तनावपूर्ण परिस्थितियों से उबड़ने के लिए रोजमर्रा की जिंदगी में व्यायाम, योग एवं खेलकूद के महत्व को भी साझा किया। अपने संबोधन में कुलपति ने कहा कि सीयूएसबी का मनोवैज्ञानिक विज्ञान विभाग लोगों को तनावपूर्ण परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने में मदद करके एक बेहतरीन काम कर रहा है जो काफी सराहनीय है। जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के समापन समारोह में कुलपति के साथ, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. पवन कुमार मिश्रा कार्यक्रम संयोजक डॉ. मंगलेश कुमार मंगलम, समन्वयक डॉ. चेतना जायसवाल, सह-समन्वयक प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह, डॉ. दास अंबिका भारती, डॉ. सुदर्शन बेहरा, डॉ. अंकिता कुमारी, आदि के साथ बड़ी संख्या में छात्र मौजूद थे। समापन सत्र की शुरूआत में विभागाध्यक्ष डॉ. मंगलेश कुमार मंगलम ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए विभिन्न आयामों को साझा किया। तीन दिवसीय कार्यक्रम की रिपोर्ट कार्यक्रम की समन्वयक डॉ चेतना जायसवाल ने प्रस्तुत किया। आगे छात्रों ने सांस्कृतिक नृत्य और गीत प्रस्तुत किए। मनोविज्ञान विभाग के छात्रों द्वारा एक माइम प्रस्तुत किया गया जिसमें दिखाया गया कि कैसे हम आपदा और आपात स्थिति में भी अपने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं।

## ग्रामीणों ने अज्ञात व्यक्ति को पकड़ किया पुलिस के हवाले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरा गांव में गुरूवार की देर रात एक अज्ञात व्यक्ति को पकड़कर ग्रामीणों ने पुलिस को सुपूर्द कर दिया। बीते सप्ताह लगातार दो घरों में चोरी होने के बाद गांव में लोग जगकर पहरा दे रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार रात्रि लगभग दो बजे अज्ञात व्यक्ति को गांव में घूमते हुए पाया गया। काफी पूछताछ करने के बावजूद उसका नाम एवं पता स्पष्ट नहीं हो पाया जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। प्रशिक्षु डीएसपी अभिनव कुमार ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति की पहचान की जा रही है। अगर कुछ भी गलत पाया गया तो उद्भेदन करते हुए उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

संपादकीय

# बिहार : नीतीश का भविष्य दांव पर

बिहार में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। दोनों प्रमुख महागठबंधनों की सेनाएं आमने-सामने हैं, हालांकि सीट बंटवारे को लेकर दोनों में घमासान मचा है। ये चुनाव बिहार में जहां नीतीश कुमार का भविष्य तय करेगा, वहीं तेजस्वी यादव के सीएम बनने के अरमान कहां तक पूरे होंगे, यह भी तय करेगा। यह भी निर्धारित होगा कि वोट चोरी और नीतीश के बुढ़ापे के मुद्दे को जनता तवज्जो देगी या फिर चुनाव से पहले एनडीए सरकार द्वारा बांटी गई रेवड़ियां सब पर भारी पड़ेगी और यह भी कि क्या बिहार में जातिवाद से इतर कोई राजनीति इस बार हावी होगी या जैसे चलता रहा है, वैसे ही चलेगा। गौरतलब है कि इस बार बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव आयोग ने दो चरणों में मतदान कराने का ऐलान किया है। ये मतदान 6 और 11 नवंबर को होंगे। मतगणना 14 नवंबर को होगी। बिहार में वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 22 नंवबर को समाप्त हो रहा है। यानी चुनाव आयोग सारी प्रक्रिया इसके पहले ही पूरी कर लेगा। राजनीतिक पार्टियों की मांग पर चुनाव प्रक्रिया को ज्यादा लंबा नहीं खींचा गया है। साथ ही त्यौहारों का भी ध्यान रखा गया है। सभी की निगाह इस बात पर है कि बिहार में आखिर होगा क्या? क्योंकि राज्य में नीतीश कुमार विगत 20 सालों से मुख्यमंत्री हैं। इस बीच वो दो बार पाला बदल चुके हैं। लेकिन नीतीश का अति पिछड़ा वोट इतना मजबूत है कि दूसरे दल उसे चाहकर भी नहीं हिला सके हैं। महागठबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती नीतीश के सुशासन और विकास के नैरेटिव को तोड़ना है। तेजस्वी यादव ने बेरोजगारी और पलायन जैसे मुद्दों को उठाकर युवा ईबीसी मतदाताओं को लुभाने की कोशिश की है। हालांकि, 'जंगल राज' की वापसी का डर, खासकर उच्च जाति और कुछ ईबीसी मतदाताओं के बीच, महागठबंधन के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इसके अलावा, कांग्रेस का बिहार में सीमित जनाधार एक बड़ी बाधा है। कांग्रेस को इस वर्ग के बीच अपनी पुरानी साख वापस लाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। हालांकि पिछले दिनों कांग्रेस और महागठबंधन ने 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प' पत्र जारी कर बिहार में नयी सियासी हलचल पैदा कर दी है। महागठबंधन के इस फ़ैसले को उस अति पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं को लुभाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है जो नीतीश कुमार का मज़बूत वोट बैंक रहा है। बिहार की राजनीति में अति पिछड़ा वर्ग का 36 प्रतिशत वोट बैंक है। इसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मजबूत आधार माना जाता है। सवाल उठ रहा है कि क्या यह संकल्प पत्र नीतीश के इस मजबूत वोट बैंक में सेंध लगा पाएगा? अब नीतीश पांचवीं बार सीएम बनेंगे या उन्हें कहीं और एडजस्ट किया जाएगा, वो स्वयं कुर्सी छोड़कर इसके लिए तैयार होंगे या नहीं होंगे, यह अभी कहना मुश्किल है। हालांकि नीतीश द्वारा अपने पुत्र को राजनीति में लाने के पीछे संकेत यह देखा जा रहा है कि वो चुनाव जीतने पर अपनी राजनीतिक विरासत बेटे को सौंप सकते हैं। लेकिन यह अभी दूर की कौड़ी है। बिहार में आज भी सबसे बड़ा मुद्दा खुद नीतीश कुमार ही हैं। उन्हें माइनस करके कोई भी गठबंधन सत्ता में आने का ख्वाब नहीं देख सकता। भाजपा के लिए तो नीतीश की गरज दिल्ली की सत्ता टिकाए रखने की दृष्टि से भी है। क्योंकि मोदी सरकार जिन दो बैसाखियों पर टिकी है, उनमें से एक नीतीश कुमार की जद यू है। दूसरे, इस चुनाव में दो गठबंधन की ताकतें भी अहम हैं। एक हैं जनसुराज पार्टी के प्रशांत किशोर और दूसरे हैं, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी। ओवैसी तो महागठबंधन के दरवाजे खटखटा रहे हैं। यदि उन्हें एडजस्ट नहीं किया गया तो वो राज्य के मुस्लिम वोटों में सेंध लगा सकते हैं।

# दलित प्रताड़ना- बिहार को मिला नया चुनावी मुद्दा

**बिहार के चुनावी मौसम में इस बार हवा कुछ अलग बह रही है। जहां एक तरफ विकास, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं की बातें जोर पकड़ रही हैं, वहीं रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की पीट-पीटकर हत्या और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई पर जूता उछालने की घटना अब बिहार विधानसभा चुनाव का बड़ा मुद्दा बनने जा रही हैं। कांग्रेस पार्टी इन घटनाओं को हाथों-हाथ लेकर दलित और पिछड़े वर्ग के वोटरों को साधने की पूरी तैयारी में जुट गई है। पार्टी के नेता कहते हैं कि ये सिर्फ दो घटनाएं नहीं, बल्कि भाजपा शासित राज्यों में दलितों पर हो रहे अत्याचारों का जीता-जागता सबूत हैं। सबसे पहले बात करते हैं रायबरेली की उस दर्दनाक घटना की, जो पूरे देश को झकझोर रही है।**

**अजय कुमार**

2 अक्टूबर 2025 को रायबरेली के ऊंचाहार इलाके में 38 साल के दलित युवक हरिओम वाल्मीकि को गांव वालों ने चोरी के शक में इतनी बेरहमी से पीटा कि उसकी जान चली गई। हरिओम अपनी ससुराल ईश्वरदासपुर आया था, लेकिन गांव वालों ने उसे ड्रोन चोर समझ लिया। दो घंटे तक लाठी-डंडों, बेल्ट और लात-घूंसों से पिटाई होती रही। हरिओम कराहते हुए बार-बार 'राहुल गांधी-राहुल गांधी' का नाम ले रहा था, मानो मदद की गुहार लगा रहा हो। हैरानी की बात यह है कि पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन हरिओम को अस्पताल ले जाने की बजाय गांव वालों के हवाले छोड़ दिया। हरिओम की पत्नी का कहना है कि पुलिस ने उसे मरने के लिए छोड़ दिया। किसी ने इस पूरी घटना के तीन वीडियो बना लिए, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। वीडियो में हरिओम की चीखें और उसकी आखिरी सांसें साफ सुनाई दे रही हैं, जो किसी भी इंसान का कलेजा चीर सकती हैं। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, लेकिन परिवार का आरोप है कि असली दोषी अब भी आजाद घूम रहे हैं। हरिओम के पिता गंगादीन ने बताया कि उनका बेटा मजदूरी करता था और परिवार की कमर टूट गई है। इस घटना ने एक बार फिर मॉब लिंचिंग के पुराने घावों को कुरेद दिया है, जहां दलित और कमजोर वर्ग के लोग आसानी से निशाना बन जाते हैं। कांग्रेस ने इसे समाज पर कलंक बताया और भाजपा सरकार पर सवाल उठाए कि क्या यूपी में जंगलराज चल रहा है?




वीडियो वायरल होने के बाद विपक्षी नेता राहुल गांधी ने तुरंत हरिओम के परिवार से फोन पर बात की। उन्होंने परिवार को न्याय का भरोसा दिलाया और अपने एक्स हैंडल पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया। राहुल ने लिखा, रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ एक इंसान की नहीं- इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब- हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है। देश में नफरत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है जहां संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है और इंसाफ की जगह डर ने। मैं हरिओम के परिवार के साथ खड़ा हूं- उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है और यह देश चलेगा संविधान से, भीड़ की सनक से नहीं। राहुल की यह पोस्ट लाखों लोगों तक पहुंच चुकी है और दलित समुदाय में काफी सराही जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, जो खुद दलित समुदाय से हैं, ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि मॉब लिंचिंग और बुलडोजर अन्याय आज की भयावह हकीकत बन गए हैं। खरगे और राहुल ने संयुक्त बयान में इसे संविधान के खिलाफ अपराध बताया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पीड़ित परिवार से मिलकर सरकार से नौकरी और मुआवजे की मांग की। कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया और राजेंद्र गौतम जैसे नेता भी परिवार से मिले और बोले कि भाजपा में दलितों का उत्पीड़न हो रहा है। यह घटना फतेहपुर के दलित समाज में आक्रोश पैदा कर रही है, जहां हरिओम को राहुल का नाम लेने पर और पीटा गया। इस घटना के ठीक बाद, 6 अक्टूबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट में एक और चौंकाने वाली वारदात हुई। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जो खुद दलित समुदाय से आते हैं, पर 71 साल के वकील राकेश किशोर ने जूता उछाल दिया। राकेश बरेली का रहने वाला है और खुद को सनातन धर्म का रक्षक बताता है। वह कहता है कि सीजेआई की एक पुरानी टिप्पणी से आहत था। दरअसल, 16 सितंबर को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस गवई ने मध्य प्रदेश के खजुराहो मंदिर में भगवान विष्णु की सिर कटी मूर्ति को लेकर याचिकाकर्ता से मजाक में कहा था कि मूर्ति से प्रार्थना करो, शायद वह अपना सिर वापस लगा ले। राकेश ने इसे सनातन धर्म का अपमान माना और कोर्ट में ही जूता फेंक दिया। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। राकेश ने बाद में कहा, मुझे कोई अफसोस नहीं, ये सब ऊपर वाले ने कराया। मैं सनातन का अपमान सहन नहीं कर सकता। हैरानी की बात यह है कि राकेश पर कोई केस दर्ज नहीं हुआ। चीफ जस्टिस गवई ने खुद इसे अनदेखा करने को कहा और बोले, इसे अनदेखा कर दीजिए, मैं इससे विचलित नहीं होने वाला। लेकिन सोशल मीडिया पर इस घटना ने तूफान मचा दिया। कुछ लोग इसे दलितों के खिलाफ नफरत का प्रतीक बता रहे हैं, तो कुछ इसे न्यायपालिका पर हमला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जस्टिस गवई से फोन पर बात की और घटना पर चिंता जताई। सोनिया गांधी ने भी निंदा की। विपक्षी नेता जैसे अखिलेश यादव और संजय राउत ने इसे भाजपा की साजिश बताया और कहा कि यह संविधान पर हमला है। राकेश का बयान कि दूसरे समुदाय के जज सनातन का मजाक उड़ाते हैं ने दलित समाज को और भड़का दिया है। अब सवाल यह है कि ये दोनों घटनाएं बिहार चुनाव में कैसे मुद्दा बन रही हैं? बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की घोषणा हो चुकी है। दो चरणों में वोटिंग होगी- 6 नवंबर और 11 नवंबर को, जबकि नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। यहां दलित वोटरों की संख्या करीब 16-19 प्रतिशत है, जो चुनावी नतीजों को पलट सकती है। कांग्रेस पार्टी इन घटनाओं को अपनी रणनीति का हिस्सा बना रही है। पार्टी की थीम है- दलित गरीब हो या सीजेआई, भाजपा राज में ये निशाने पर, संविधान-लोकतंत्र खतरे में। कांग्रेस ने बिहार में अपना प्रदेश अध्यक्ष दलित समुदाय से आने वाले राजेश राम को बनाया है, जो काफी पहले से तैयारी का हिस्सा है। राहुल गांधी हर सभा में दलित मुद्दों को उठा रहे हैं। वह संविधान पर हमले, आरक्षण और जाति जनगणना की बात करते हैं। हाल ही में उन्होंने नालंदा और गया में अत्यंत पिछड़ा वर्ग सम्मेलन किया, जहां सीएम नीतीश कुमार को चुनौती दी। राहुल ने सरकारी नौकरियों और ठेकों में ईबीसी आरक्षण का दांव चला, जो बिहार के पिछड़ों को लुभा रहा है। कांग्रेस महागठबंधन में 55 सीटों पर लड़ने की तैयारी में है, जहां राजद के साथ सीट बंटारे पर मुहर लग चुकी है। पार्टी सीमांचल इलाके पर फोकस कर रही है, जहां मुस्लिम और दलित वोटर ज्यादा हैं।

बिहार में दलित वोटरों का इतिहास देखें तो वे कभी एकमुश्त किसी पार्टी को नहीं जाते। रविदास और पासवान जातियां प्रमुख हैं। एनडीए में जीतन राम मांझी और चिराग पासवान खुद को दलितों का हितैषी बताते हैं, लेकिन कांग्रेस का कहना है कि भाजपा-जदयू सरकार में दलित अत्याचार बढ़े हैं। चुनाव आयोग पर भी आरोप लग रहे हैं कि वोटर लिस्ट में फर्जीवाड़ा हो रहा है। कई जगह जिंदा दलितों को मृत दिखाया गया है, जबकि मृतकों को जिंदा। कांग्रेस का दावा है कि यह गरीब-दलितों के वोट चुराने की साजिश है। राहुल की वोटर अधिकार यात्रा ने 23 जिलों में वोट चोरी को मुद्दा बनाया। विपक्षी पार्टियां जैसे राजद और सीपीआईएमएल भी दलितों पर फोकस कर रही हैं। सीपीआईएमएल के दीपांकर भट्टाचार्य कहते हैं कि बिहार में दलित बस्तियों में आग लगाकर बेदखली हो रही है, मजदूरों के हाथ काटे जा रहे हैं। पिछले 20 साल की सरकार में बेरोजगारी और पलायन चरम पर है। प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी भी नए विकल्प के रूप में उभर रही है, लेकिन राहुल और तेजस्वी का भरोसा दलितों को अपनी ओर खींच रहा है।ये मुद्दे चुनाव को नया मोड़ दे सकते हैं। जहां भाजपा विकास और मोदी-योगी की छवि पर जोर दे रही है, वहीं कांग्रेस दलितों की भावनाओं को भुनाने की कोशिश में है। रायबरेली और सीजेआई घटना ने दलितों में गुस्सा भरा है, जो बिहार में वोट बन सकता है। अगर कांग्रेस सफल हुई, तो यह न सिर्फ बिहार बल्कि पूरे देश की राजनीति को प्रभावित करेगा। अंत में, सवाल यही है- क्या संविधान और न्याय की लड़ाई चुनावी जीत दिलाएगी या विकास की बातें हावी रहेंगी? बिहार के मतदाता ही फैसला करेंगे।

अध्यात्म

# जो कृष्ण में है, वही तुममें भी



एक पुरानी कहानी है, एक शेरनी छलांग लगा रही थी। और छलांग के बीच में ही उसको बच्चा हो गया। वह तो छलांग लगाकर चली गई। एक टीले से दूसरे टीले पर! लेकिन बच्चा निचे गिर गया। निचे भेड़ो कि एक कतार गुजरती थी। वह बच्चा भेड़ो में मिल गया। भेड़ो ने उसे पाला -पोसा, बड़ा हुआ। सिंह था तो सिंह ही हुआ। लेकिन एक गलत फहमी में पड़ गया कि खुद को भेड़ मान कर जीने लगा।

एक दिन उसने जब भेड़ो के बीच में एक शेर को भागते देखा, सारी भेड़े भाग गई। वह अकेला रह गया। दूसरे शेर ने इस शेर को पकड़ लिया। यह रोने लगा, मिमियाया, गिड़गिड़ाने लगा। कहने लगा छोड़ दो मुझे। मुझे जाने दो। मेरे सब संगी साथी जा रहे है। दूसरे शेर ने कहा , नालायक, सुन! ये तेरे संगी साथी नहीं है। तेरा दिमाग फिर गया है। तू पागल हो गया है। परन्तु वह नहीं माना। उस बड़े शेर ने उसे पकड़ कर घसीटा, जबरदस्ती उसे ले गया नदी के किनारे।

दोनों ने नदी में झांका। और उस बूढ़े सिंह ने कहा कि देख दर्पण में। देख नदी में। अपना चेहरा देख, मेरा चेहरा देख। पहचान। उसने देखा, पाया, हम दोनों तो एक जैसे हैं। तो मैं भेड़ नहीं हूँ ? एक क्षण में गर्जना हो गई। एक क्षण में ऐसी गर्जना उठी उसके भीतर से, जीवन भर कि दबी हुयी सिंह कि गर्जना, सिंहनाद! पहाड़ कंप गए। बूढ़ा सिंह भी कंप गया। उसने कहा, अरे! अरे इतने जोर से दहाड़ता है? उसने कहा जन्म से दहाड़ा ही नहीं। बड़ी कृपा तुम्हारी जो मुझे जगा दिया। और इसी दहाड़ के साथ उसका जीवन रूपांतरित हो गया।

अगर एक तुम यह देख लो कि जो बुद्ध में है, जो महावीर में है, जो सद्गुरु में है, जो कृष्ण में है वही तुममें भी है, फिर गर्जना निकल जाएगी, अहं ब्रह्मास्मि। मैं ही ब्रह्म हूँ। गूंज उठेंगे पहाड़। कंप जाएंगे पहाड़। और भीतर आनंद ही आनंद होगा।

# मीठे कफ सिरप का जहरीला कारोबार

**यूनिसेफ़ ने अपने बाल स्वास्थ्य दिशा-निर्देशों में कहा है कि कफ सिरप बच्चों के उपचार में अनुशंसित नहीं हैं। इसके स्थान पर गुनगुने तरल पदार्थ, एक वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों के लिए शहद, और लक्षणों की निगरानी जैसी सुरक्षित विधियों की सलाह दी गई है। भारत में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) भी चार वर्ष से कम उम्र के बच्चों में कफ सिरप के नियमित उपयोग के विरुद्ध सलाह देती है, यह कहते हुए कि इसकी प्रभावशीलता का कोई प्रमाण नहीं है और यह बच्चों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। अब आवश्यक है कि औषधि नियंत्रण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। दवाओं के निर्माण, वितरण और गुणवत्ता नियंत्रण पर कड़ी निगरानी तत्काल सुनिश्चित की जाए।**

**राज कुमार सिन्हा**

मध्यप्रदेश में जहरीले कफ सिरप से मरने वाले बच्चों की संख्या 16 हो गयी है। हाल ही में राजस्थान के भरतपुर और सीकर ज़िले में भी बच्चों को कफ सिरप पिलाने से मौत हुई है। बच्चों को दिए गए सिरप में डाय- एथिलीन ग्लाइकोल (डीईजी) एवं एथिलीन ग्लाइकोल (ईजी) जैसे कूलेंट (ठंडा रखने वाला तरल पदार्थ) के लिए उपयोग होने वाले घातक रसायन पाए गए हैं, जो अत्यंत विषैले हैं। यह गुर्दे, लीवर और मस्तिष्क पर घातक असर डालता है। दवाओं में इनका प्रयोग पूर्णतः गैरकानूनी है। डीईजी ग्लिसरीन में पाया जाने वाला सबसे आम संदूषक (कंटेमीनेशन) है। इसमें ग्लिसरीन की तरह ही गाढ़ा करने और आराम देने वाले गुण होते हैं। डीईजी एक औद्योगिक विलायक (सोल्वेंट) है जिसका उपयोग 'एंटीफ्रीज़ और पॉलिएस्टर फाइबर बनाने के लिए कच्चे माल के रूप में' किया जाता है। कंपनियां कभी-कभी तरल दवाओं, जैसे कि कफ सिरप, में अवैध मिलावट के रूप में डीईजी का इस्तेमाल करती हैं, क्योंकि यह ग्लिसरीन जैसे गैर-विषैले विलायकों का एक सस्ता विकल्प है। संदूषण के माध्यम से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए निर्माताओं या आपूर्तिकर्ताओं द्वारा जानबूझकर मिलावट किया जाता है। मेडिसिन के जानकार डाक्टर अनंत फडके, पुणे बताते हैं कि बाजार में उपलब्ध अधिकांश कफ सिरप अविवेकपूर्ण (इरेशनल) हैं, परंतु कुछ कफ सिरप अविवेकपूर्ण नहीं हैं। अविवेकपूर्ण कफ सिरप वे होते हैं जिनमें एक साथ दो परस्पर विरोधी तत्व मिलाए जाते हैं। एक कफ दबाने वाला पदार्थ और दूसरा बलगम निकालने वाला जो एक-दूसरे के कार्य को निष्फल कर देते हैं। इनके साथ अक्सर कुछ बेकार या अप्रभावी तत्व भी मिलाए जाते हैं। यदि किसी कफ सिरप में केवल एम्ब्रोक्सोल हो, तो वह अविवेकपूर्ण कफ सिरप नहीं माना जाता। हाल के वर्षों में भारत के कई राज्यों में विशेषतः मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान और बिहार में कफ सिरप के दुरुपयोग व काला कारोबार के मामले तेजी से बढ़े हैं।कफ सिरप का काला कारोबार केवल कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा का सवाल है। यह न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है बल्कि दवा नियमन, कानून और उद्योग एवं प्रशासन तीनों की नैतिक विफलता का संकेत भी है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी.नड्डा ने एडवाइजरी किया है कि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप (खांसी की दवा) नहीं दी जानी चाहिए, और दो वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को केवल डॉक्टर की सलाह पर ही कफ सिरप दी जाए। यह बाल स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए एक अत्यंत आवश्यक कदम है।जन स्वास्थ्य अभियान, इंडिया के अमुल्य निधि ने कहा कि हाथी समिति रिपोर्ट (1975) ने अनुशंसा की थी कि अविवेकपूर्ण और अनावश्यक औषधि संयोजन, जैसे कि कफ सिरप, को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाना चाहिए। समिति ने स्पष्ट कहा था कि कफ सिरप का



कोई सिद्ध चिकित्सीय लाभ नहीं है और इससे प्रतिकूल प्रभावों का खतरा बढ़ जाता है।

2022 में, कई देशों ने बच्चों के लिए ओवर-द-काउंटर कफ सिरप के डीईजी और एथिलीन ग्लाइकॉल (ईजी) के विषाक्त स्तर से दूषित होने की घटनाओं की सूचना दी थी, जिसके परिणामस्वरूप गाम्बिया, इंडोनेशिया और उज्बेकिस्तान में 300 से अधिक बच्चों की मौत हो गई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने प्रभावित देशों में इन घटनाओं से निपटने के लिए 2022 के अंत तक और 2023 के मध्य तक 5 चिकित्सा उत्पाद अलर्ट जारी किए थे । इंडोनेशिया में स्वास्थ्य अधिकारियों ने 144 बच्चों की मौत के बाद कुछ कफ सिरप-आधारित दवाओं की बिक्री अस्थायी रूप से रोक दी थी ।विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बार-बार कहा है कि खांसी और सर्दी की दवाएं पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में उपयोग नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि इनका प्रभाव बहुत कम होता है और गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं।


यूनिसेफ़ ने अपने बाल स्वास्थ्य दिशा-निर्देशों में कहा है कि कफ सिरप बच्चों के उपचार में अनुशंसित नहीं हैं। इसके स्थान पर गुनगुने तरल पदार्थ, एक वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों के लिए शहद, और लक्षणों की निगरानी जैसी सुरक्षित विधियों की सलाह दी गई है।भारत में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) भी चार वर्ष से कम उम्र के बच्चों में कफ सिरप के नियमित उपयोग के विरुद्ध सलाह देती है, यह कहते हुए कि इसकी प्रभावशीलता का कोई प्रमाण नहीं है और यह बच्चों के लिए नुकसानदायक हो सकता है।अब आवश्यक है कि औषधि नियंत्रण व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। दवाओं के निर्माण, वितरण और गुणवत्ता नियंत्रण पर कड़ी निगरानी तत्काल सुनिश्चित की जाए। मशेलकर समिति (2004) की सिफारिश के अनुसार, औषधि प्रशासन (एफडीए) को सुदृढ़ किया जाए। पर्याप्त संख्या में औषधि निरीक्षकों की नियुक्ति की जाए और उनकी कार्यप्रणाली को पारदर्शी व जवाबदेह बनाया जाए।जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर मांग किया है कि सरकारी आपूर्ति श्रृंखलाओं (राज्य स्वास्थ्य विभागों और केंद्रीय एजेंसियों) से सभी कफ सिरप को तुरंत हटाया जाए।

राजस्थान और मध्य प्रदेश में कफ सिरप से हुई मौतों के लिए जिम्मेदार निर्माताओं और अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इन घटनाओं ने दिखाया है कि राज्य और केंद्र के ड्रग कंट्रोलर तंत्र में निगरानी की गंभीर कमी है। यदि नियमित सैंपल टेस्टिंग, निरीक्षण और 'ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम' ठीक से लागू होते, तो ऐसी त्रासदी टाली जा सकती थी। जबकि 'ड्रग कंट्रोलर' अधिकारी का पद भारत में दवाओं की गुणवत्ता, विनियमन, निरीक्षण और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार होता है। जिसमें यदि कोई शिकायत आती है कि किसी दवा में अशुद्धियां या विषाक्तता हो सकती है, तो तुरन्त उस दवा के सैंपल लेना, दवा को बाजार से हटाने की कार्रवाई करना।जिम्मेदारों (निर्माता, वितरक, विक्रेता) के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना।यदि किसी दवा की गुणवत्ता मानकों को पूरा न करती हो या वह जोखिमपूर्ण पाई जाए, तो उससे संबंधित लाइसेंस रद्द करना, या उस दवा के निर्माण एवं बिक्री पर प्रतिबंध लगाना। राजस्थान सरकार ने राज्य स्तर के ड्रग कंट्रोलर 'राजाराम शर्मा' को निलंबित कर दिया है। यह संकेत है कि प्रशासन ने मान लिया कि ड्रग कंट्रोलर की कार्यप्रणाली में गंभीर चूक हुई है।

केवल दवा कंपनी को दोषी ठहराना पर्याप्त नहीं है। निरीक्षण अधिकारियों, आपूर्ति अधिकारियों, और नियामक निकायों की भी जवाबदेही तय करनी होगी। 'सिस्टम की चूक' पर संस्थागत जवाबदेही तय की जाए, ताकि अगली बार कोई अधिकारी निरीक्षण में लापरवाही न करे।

## आज का कार्टून

एक मुर्गी चोर से मिलने आ रहे हैं, सुना है अखिलेश मुझसे मिलने आ रहे हैं: आजम खां




## राशिफल

**मेष**
आज आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी और आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से सचेत रहने के लिए रहेगा। यदि आपको कोई पुरानी समस्या चली आ रही थी, तो उससे सबको राहत मिलेगी।

**मिथुन**
अतिथि का आगमन होने से वाद-विवाद खड़ा हो सकता है। नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे थे, आप किसी दूसरी जगह अप्लाई कर सकते हैं।

**कर्क**
किसी सामाजिक कार्यक्रम में आपको मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। बच्चे आपके साथ कहीं घूमने-फिरने की जिद कर सकते हैं।

**सिंह**
परिवार में वरिष्ठ सदस्यों की सेवा के लिए समय निकालेंगे। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आप किसी नए वाहन की खरीदारी की प्लानिंग कर सकते हैं।

**कन्या**
आज आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आज अच्छी सोच का आपको लाभ मिलेगा। आपके बॉस से आपको शाबाशी मिल सकती हैं।

**तुला**
दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से राहत मिलेगी। आप अपने घर के साथ-साथ बाकी कामों पर भी पूरा ध्यान देंगे।

**वृश्चिक**
आज आपको लेनदेन से संबंधित मामलों में लापरवाही नहीं करनी है। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल-मिलाप करने आ सकता है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अच्छा रहेगा। आपको अपने भाई-बहनों का पूरा साथ मिलेगा। धन को लेकर भी आप बचत की योजनाओं पर पूरा ध्यान देंगे।

**मकर**
आपको किसी नए काम को करने की इच्छा जागृत हो सकती है। सरकारी मामलों में लापरवाही करने से खमियाजा भुगतना पड़ेगा। प्रॉपर्टी डिलिंग में सोच समझकर ही आगे बढ़ें।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपकी कला कौशल में निखार आएगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी।

**मीन**
आपका अपने किसी सहयोगी से भी बेवजह का लड़ाई-झगड़ा होने की संभावना है। परिवार में किसी सदस्य से आपको खरी खोटी सुनने को मिल सकती है।

# 2537 मतदान केन्द्रों पर रहेगी मुकम्मल व्यवस्था

## डीएम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सहायक निर्वाची पदाधिकारी के साथ समन्वय बनाने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बिहार विधान सभा चुनाव 2025 को लेकर बेगूसराय जिले के सातो विधान सभा में तैयारी जोर-शोर से जारी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी के निर्देश पर सभी 2537 मतदान केन्द्रों पर व्यवस्था की जा रही है। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर सभी मतदान केन्द्रों पर जल्द से जल्द व्यवस्था पूर्ण करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के सातो विधान सभा मे डिस्पैच ईवीएम कमिशनिंग हेतु स्थल चिन्हित कर अधिग्रह्ा लिया गया है। 141 चेरियाबरियारपुर विधान सभा के लिए आर0सी0एस0 कॉलेज, मंझौल, 142 बछवाड़ा विधान सभा के लिए आरकेसी प्लस टू हाई स्कूल, बरौनी, 143 तेघड़ा विधान सभा में एपीएसएम कॉलेज बरौनी, 144, मटिहानी विधान सभा के लिए जीडी कॉलेज बेगूसराय, 145 साहेबपुर कमाल विधान सभा के लिए पीडीएसके कॉलेज, सदानंदपुर बलिया, 146 बेगूसराय विधान सभा के लिए जी0डी0 कलेज, बेगूसराय, 147 बखरी (अ0ज0) के लिए लक्ष्मी उदित नारायण उच्च विद्यालय, शकरपुरा बखरी को चिन्हित कर अधिग्रह्ा किया गया है। जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल विभाग को उपरोक्त सभी चिन्हित विद्यालयों, कॉलेजों मे बज्रगृह निर्माण कराने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही सभी निर्वाची पदाधिकारी को चिन्हित स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने पुरूष एवं महिला मतदान कर्मियों, पदाधिकारियों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था करने का सख्त निर्देश दिया है। आगामी बिहार विधान सभा चुनाव हेतु तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है, जिससे की मतदान की तिथि 6 नवंबर 2025 को मतदाताओं के लिए सुगम हो।

## सभी विधानसभा क्षेत्रों में कराई जा रही स्वीप गतिविधि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले के सभी सात विधान सभा में लगातार स्वीप गतिविधि की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर सभी कोषांगों, जीविका दीदियों एवं आईसीडीएस विभाग द्वारा लगातार स्वीप गतिविधि चलायी जा रही है। प्रत्येक दिन विभिन्न प्रखंडों में रैली, मेहंदी प्रतियोगिता, मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान, रात्रि चौपाल आदि के माध्यम से मतदाताओं के बीच जनजागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वीप के माध्यम से प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर भी वोट के महत्व को समझाया जा रहा है। मल्हीपुर दक्षिण पंचायत में आईसीडीएस विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 233 पर स्वीप गतिविधि द्वारा रैली निकाली गई तथा रंगोली बनाकर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया। साथ ही बछवाड़ा प्रखंड के रानी तीन पंचायत में भी रंगोली के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मटिहानी प्रखंड के पंचायत रामदीरी 1 में बूथ संख्या 251, 252 पर आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं द्वारा भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। साहेबपुर कमाल विधान सभा अंतर्गत रघुनाथपुर करारी पंचायत में पोषण माह के साथ-साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जहां मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं का हर वोट हर भागीदारी हर आवाज लोकतंत्र की नींव को मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि इस बार के बिहार विधान सभा चुनाव का प्रतिशत बढ़े, इसके लिए लगातार जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को जाग:क करने हेतु विभिन्न गतिविधियां का संचालन करने का निर्देश दिया है।

## चुनाव खर्च मॉनिटरिंग को लेकर दो पर्यवेक्षक नियुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बेगूसराय।** बिहार विधान सभा चुनाव को लेकर अभ्यर्थियों द्वारा किये जाने खर्च की मॉनिटरिंग करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में 2 व्यय प्रेक्षक नियुक्ति किये गये हैं। 141 चेरियाबरियारपुर विधान सभा, 142 बछवाड़ा विधान सभा, 143 तेघड़ा विधान सभा एवं 147 बखरी विधान सभा के लिए डा. जतिन अब्बी (आई0आर0एस0) नियुक्त किये गये है। जिनका मोबाइल नंबर 9905933665 है। साथ ही 144 मटिहानी विधान सभा, 145 साहेबपुर कमाल विधान सभा एवं 146 बेगूसराय विधान सभा के लिए अंकुर कुमार नियुक्त किये गये हैं। जिनका मोबाइल नंबर 9153584993 है। दोनों व्यय प्रेक्षक बेगूसराय जिले के युवराज होटल में रहेंगे। जिनसे शाम 5.00 बजे के 6.00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। दोनों व्यय प्रेक्षकों द्वारा बिहार विधान सभा चुनाव में बेगूसराय जिला अंतर्गत सभी सात विधान सभा में चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के द्वारा किये जाने वाले खर्च की समीक्षा की जाएगी। व्यय प्रेक्षक सभी संबंधित विधान सभा का निरीक्षण करेंगे। प्रबंधन कोषांग, बेगूसराय के नोडल पदाधिकारी-सह- राज्य कर संयुक्त आयुक्त रौशन कुमार ने बताया कि पारदर्शी निर्वाचन हेतु सभी तरह के नियमों का पालन करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

## चुनाव सेक्टर पदाधिकारी एवं पोलिंग पार्टी का प्रशिक्षण

**बेगूसराय।** बिहार विधान सभा चुनाव के मद्देनजर प्रत्येक दिन सेक्टर पदाधिकारियों एवं पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को 2400 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। जिले के बीपी प्लस टू हाई स्कूल एवं एमआरजेडी कलेज, बेगूसराय में आयोजित प्रशिक्षण में 960 पीठासीन पदाधिकारी एवं 1440 मतदान पदाधिकारी-1 को प्रशिक्षण दिया गया। नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण के लिए 152 मास्टर ट्रेनरों की नियुक्ति की गई है। जिनके द्वारा 22264 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया नामांकन केंद्रों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**दरभंगा।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी दरभंगा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक दरभंगा ने संयुक्त रूप से विधानसभा के नामांकन केन्द्रों का औचक निरीक्षण किये। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने 85-बहादुरपुर, 84-हायाघाट, 82-दरभंगा ग्रामीण एवं 86-केवटी विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए नामांकन केंद्रों की व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने समाहरणालय परिसर में संचालित सिंगल विंडो केंद्र का भी जायजा लिया। सदर अनुमंडल स्थित सिंगल विंडो सिस्टम को बेहतर संचालन करने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार को दिया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी कौशल कुमार ने निरीक्षण के उपरांत बताया कि नामांकन प्रक्रिया के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सभी संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन कार्य प्रारंभ हो चुका है, जो प्रतिदिन पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक संपन्न होगा। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी, सहायक समाहर्ता के परीक्षित, उपनिदेशक जनसंपर्क उप निर्वाचन अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## खेत में जाने के दौरान करंट लगने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुखद**

**बलिया।** थाना क्षेत्र के ताजपुर पंचायत अंतर्गत गोखले नगर विष्णुपुर गांव के वार्ड 5 में शुक्रवार की दोपहर विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से 26 वर्षीय युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी. मृतक युवक की पहचान गोखले नगर विष्णुपुर गांव निवासी अमीर कुंवर के पुत्र शिवम कुमार के रूप में हुई है. थाना को दिये आवेदन में घटना के संबंध में बताया गया है कि मृतक शिवम कुमार शुक्रवार की दोपहर कई लोगों के साथ अपने खेत जा रहा था। इसी दौरान वह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया जहां देखते ही देखते उसकी मौत हो गयी। प्रवाहित तार की चपेट में आने के बाद साथ में गये लोग किसी तरह उसको विद्युत प्रवाहित तार से मुक्त कराया। इसके बाद आनन-फानन में उसे इलाज के लिये बलिया स्थित एक निजी क्लीनिक में ले जाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। माता सुभद्रा देवी का रो रोकर बुरा हाल था। मृतक के संबंध में बताया जाता है कि वह पांच भाई बहनों में सबसे छोटा था जो गांव में ही रहकर पशुपालन के साथ-साथ खेती-बाड़ी में परिजनों का हाथ बटाता था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बलिया पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये बेगूसराय भेज दिया गया है। इस संबंध थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि सूचना पाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों द्वारा दिये गये आवेदन पर यूडी केस दर्ज की जायेगी। सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया शिवनंदन कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी लेते हुये पीडिघ्त परिवार को ढाढस बंधाया साथ ही हर संभव मदद का भी भरोसा दिलाया।

## एक नजर

### शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के बनवारीपुर पंचायत के चक्दुल्लम में पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 48 पिस टेट्रा पैक विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में एस आई देवेंद्र कुमार सत्यार्थी एवं पुलिस बल ने गुप्त सूचना पर कारोबारी के घर पीछे केला बाड़ी से 180 एम एल का अफिसर च्वाइस कंपनी का 48 पीस टेट्रा विदेशी शराब जब्त किया।थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।उसकी पहचान बनवारीपुर पंचायत के चकदुल्लम निवासी धनराज चौरसिया के 29 वर्षीय पुत्र शशि कुमार के रूप में की गई।उन्होंने बताया कि थाने में उत्पाद मद्य निषेध अधिनियम के तहत थाना कांड संख्या 301/25दर्ज कर आरोपी को व्यवहार न्यायालय बेगूसराय भेज दिया।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से शुक्रवार को तीन वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या 176/20 के अभियुक्त थाना क्षेत्र के सहूरी गांव निवासी मोहम्मद वसीर के पुत्र मोहम्मद चुन्नू एवं जगदर गांव निवासी राम बहादुर सहनी के पुत्र देबू सहनी जो थाना कांड संख्या 62/21 एवं देबू सहनी के पुत्र संतोष कुमार थाना कांड संख्या 105/21 बिहार मध निषेध के नामजद अभियुक्त है। जिसको गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए बेगुसराय न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया गया।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के समसा पंचायत के करैयटाड में ष्णा जीविका महिला ग्राम संगठन के मतदाता जागस्क्ता कार्यक्रम के तहत रैली तथा शपथ ग्रह्ा समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। पहले मतदान, फिर जलपान, वोट हमारा है अनमोल, नहीं लेगें कोई मोल, मतदान है अधिकार हमारा, इससे बनता लोकतंत्र सारा, छोड़कर अपने सारे काम, पहले चलो करे मतदान, एक वोट से जीत हार, वोट न हो कोई बेकार, सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो आदि स्लोगन लगाते हुए पोषक क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओं को वोटिंग करने के लिए जागस्क किया। जिसमें सामुदायिक समन्वयक विकास कुमार, बुक कीपर संगीता, निर्मला, संजू आसपास के मतदाताओं को प्रेरित कर 6 नवम्बर को होने वाले विधान सभा चुनाव के लिए बूथ पर भेजकर वोट डालने की अपील की गयी। मौके पर काजल देवी, संजू देवी, सुशीला देवी सहित काफी संख्या में जीविका दीदीओ ने हिस्सा लिया।

### विवाहिता का संदिग्ध परिस्थिति में मिला शव

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव के वार्ड संख्या 02 में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया।मृतका की पहचान भगवानपुर गांव के वार्ड संख्या 02 निवासी मो सलामत की 28 वर्षीया पत्नी अफसाना खातून के रूप में की गई। मृतका को तीन पुत्र हैं। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, एसआई प्रिया कुमारी के नेतृत्व में पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अब तक परिजनों द्वारा कोई आवेदन नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

### चुनाव से पूर्व पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी थाना क्षेत्र में अनुमंडल सदर 2 डीएसपी पंकज कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के मकसद से पुलिस ने शुक्रवार की संध्या फ्लैग मार्च निकाला। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर विकास कुमाररंजन ने इस मार्च में बड़ी संख्या में बीएसएफ जवान, थाना पुलिस के अन्य जवान शामिल रहे। फ्लैग मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना और मतदाताओं को निर्भय होकर मतदान करने का भरोसा दिलाना था। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की ताकि चुनाव सुचारू रूप से संपन्न हो सके। इस अभियान से इलाके में सुरक्षा की अच्छी भावना पैदा हुई है और जनता का पुलिस प्रशासन पर विश्वास मजबूत हुआ है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि वे क्षेत्र में लगातार गश्ती कर रहे हैं और किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था भंग करने वाली गतिविधियों पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसआई आलोक कुमार, एसआई अभिजीत कुमार शस्त्र पुलिस बल उपस्थित थे।

### पहले दिन नहीं हुआ नामांकन

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव को लेकर नामाकंन के पहले दिन शुक्रवार को कोई प्रत्याशी अपना पर्चा दाखिल करने नहीं आया। नतिजतन नामाकंन का खाता बिक्रम में नहीं खुला। हलांकि इस दौरान निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में इंतजार करते रहे। वहीं निर्वाची पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नामाकंन के पहले दिन बिक्रम एक भी प्रत्याशियों ने नामाकंन पर्चा दाखिल नहीं किया है। तीन प्रत्याशियों ने बिक्रम में एनआर कटवाया है।

## पूर्व विधायक अमिता भूषण ने किया जनसंपर्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**वीरपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र के वीरपुर प्रखण्ड में पूर्व विधायक अमिता भूषण ने पदयात्रा कर जनसम्पर्क अभियान चलाया। शुक्रवार को इसी कड़ी में बेगुसराय विधानसभा से महागठबंधन समर्थित कांग्रेस की संभावित प्रत्याशी अमिता भूषण ने पिछले 20 दिनों पहले से ही पदयात्रा के माध्यम से लोगों से जुड़ाव का सिलसिला शुरू कर दिया है। इस दौरान अपने क्षेत्र की ज्यादातर पंचायतों में उनकी पदयात्रा पूरी हो चुकी है। इस पदयात्रा के सिलसिले में श्रीमती भूषण वीरपुर प्रखंड क्षेत्र के भवानंदपुर पंचायत के लोगों से शुक्रवार को आशीर्वाद लिया। जिसकी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि भवानंदपुर पंचायत के पानापुर, पबड़ा ढाब आदि गांवों में आज जनसंपर्क किया गया। जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष धर्म राज सहनी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष संजीव सिंह, पंचायत अध्यक्ष अनिल पासवान, लालो पासवान, मोहम्मद कलीम, शंभू साह, पूर्व मुखिया मोहम्मद मेराज, नागो, सुरेंद्र, राममूर्ति सिंह, चंदन कुशवाहा, सत्यम कुशवाहा, पूर्व जिला पार्षद सुरेश पासवान, संतोष पासवान, चंद्रचूड पासवान मुकेश चौधरी, अंकित पासवान, डा. सूरज यादव. तारकेश्वर सदा सहित महागठबंधन समर्थित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** लनामि विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में विगत तीन दिनों से आयोजित विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस समारोह का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन समारोह में डॉ. गीतेन्द्र, सेवानिवृत्त मेडिकल ऑफिसर और पटना से क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ नीरज कुमार वेदपुरी उपस्थित रहे। डॉ गीतेंद्र ने संतुलित आहार, योग एवं ध्यान के महत्त्व और व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य पर इनके सकारात्मक प्रभाव पर विचार रखें। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली की आदतों को अपनाने की प्रेरणा दी। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. नीरज ने ऑनलाइन माध्यम से सभी को संबोधित करते हुए मानसिक स्वास्थ्य पर सूचना समृद्ध व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण हुआ जिसमें भाषण, क्विज़ एवं पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी विभागीय शिक्षक, शोधार्थी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## लोडेड कट्टा एवं खोखा के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र के मखवा बदिया पथ पर नौला पिकेट प्रभारी अकरम खान ने रात्रि गश्त के दौरान मखवा बांध पर बाइक सवार दो युवकों को एक लोडेड देसी कट्टा और एक खोखा के साथ गिरफ्तार कर लिया। पिकेट प्रभारी अकरम खा ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान बाइक सवार युवक मखवा गांव की तरफ से बदीया गांव की तरफ जा रहा था। पुलिस की गाड़ी देख कर भागने लगे। पुलिस ने खदेड़कर उसे मखवा बांध के समीप पकड़ा। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास एक लोडेड देसी कट्टा और एक खोखा बरामद किया। युवक की पहचान मखवा वार्ड संख्या 08 निवासी मंगल महतो के पुत्र नीतीश कुमार और मखवा गांव के वार्ड संख्या 07 निवासी यदुनंदन महतो के पुत्र मनोहर कुमार के रूप में की गई। पुलिस ने एक लोडेड देसी कट्टा एवं एक खोखा और ब्लेक कलर का पल्सर बाइक जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी के खिलाफ थाने में कांड संख्या 301/2025 दर्ज कर दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## स्वीप अभियान के तहत आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदियों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के मद्देनजर नालंदा जिले में स्वीप गतिविधियों के तहत व्यापक स्तर पर मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न प्रखंडों में आंगनबाड़ी सेविकाओं, जीविका दीदियों और स्थानीय समुदायों द्वारा रैलियों, प्रभात फ़ेरियों, रंगोली और मेहंदी कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

उच्च माध्यमिक विद्यालय मखदुमपुर और करायपरसुराय में शिक्षकों एवं कर्मियों ने विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। वहीं सिलाव प्रखंड में जीविका दीदियों ने रैली निकालकर मतदान दिवस 6 नवंबर को मतदान करने के लिए आम मतदाताओं को प्रेरित किया।

इस्लामपुर प्रखंड में भी आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा रंगोली एवं मेहंदी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनके जरिए महिलाओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। इसके अलावा, इस्लामपुर सदर की व्यस्क महिलाओं ने आईसीडीएस टीम के साथ मिलकर मतदान जागरूकता अभियान को और अधिक व्यापक बनाया। धोबडिया पंचायत के ग्राम जैतिया में शिवगुरु ग्राम संगठन की जीविका दीदियों ने प्रभात फ़ेरी निकालकर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। इसी तरह, रहुई, अस्थावां, सरमेरा, और चंडी प्रखंडों में भी जीविका दीदियों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा रैलियां निकाली गईं और मतदान के अधिकार के प्रयोग हेतु शपथ दिलाई गई। इन सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों में लोकतंत्र के प्रति विश्वास जगाना और मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित, भयमुक्त और निष्पक्ष बनाना है ताकि सभी मतदाता अपने मताधिकार का पूर्ण रूप से प्रयोग कर सकें।

नालंदा जिले में चल रहे इस स्वीप अभियान के तहत मतदान जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के बीच प्रभावी समन्वय देखने को मिल रहा है, जो चुनाव को लोकतांत्रिक और सफल बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

## ऊब में आज से शुरू होगा श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह कथा यज्ञ

**निकाली गई जलभरी यात्रा**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिले के हसपुरा प्रखंड के ऊब गांव में शनिवार से श्रीमद् भागवत महापुराण सह सप्ताह कथा यज्ञ की शुरुआत जलभरी यात्रा के साथ होगी। यह यात्रा गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के बीच पुनपुन नदी से जल भरकर यज्ञ स्थल तक निकाली जाएगी। आयोजन समिति के प्रमुख एवं कपिलदेव संगीत महाविद्यालय के निदेशक दिनेश पांडेय ने बताया कि यह आयोजन गांव में धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक वातावरण के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला आध्यात्मिक महोत्सव है, जो समाज में प्रेम, करुणा और सेवा की भावना जागृत करता है। इस सप्ताह भर चलने वाले आयोजन में अनुराधा सरस्वती कथा प्रवचन देंगी। वे प्रतिदिन श्रीकृष्ण लीला, भक्ति, धर्म और जीवन के मूल्यों पर आधारित प्रसंगों का वर्णन करेंगी। कथा के साथ प्रत्येक दिन आरती और भोग का कार्यक्रम होगा, जबकि समापन दिवस पर भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा जिसमें श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया जाएगा। दिनेश पांडेय ने बताया कि गांव के सैकड़ों श्रद्धालु इस कथा आयोजन में भाग लेंगे। स्थानीय युवाओं और महिला मंडलों ने भी कथा स्थल की साज-सज्जा और जलभरी यात्रा की तैयारी में सक्रिय भूमिका निभाई है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त करें और इस आध्यात्मिक महोत्सव को सफल बनाएं। धार्मिक परंपरा और लोक संस्कृति के संगम से यह आयोजन न केवल श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि गांव में सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना को भी सशक्त करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता जागरूकता अभियान चला

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के जीतपुर पंचायत में शुक्रवार को समेकित बाल विकास परियोजना अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें सीडीपीओ संगीता कुमारी के द्वारा जीतपुर गांव में दर्जनों ग्रामीणों को मेरा वोट मेरा अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी उन्होंने बताया कि पहले मतदान फिर जलपान के शब्दों के साथ संबोधन कर जागरूकता अभियान की शुरूआत की।इस जागरूकता अभियान में आंगनबाड़ी सेविका की अहम भूमिका और सराहनीय रही।मौके पर दर्जनों सेविका सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



### ध्रुव प्रसाद बनाए गए भाजपा नागरिक परिषद के सदस्य

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं कद्दावर नेता ध्रुव प्रसाद जिन्होंने अपने मान सम्मान से ज्यादा भाजपा को तरजीह दी। कभी भाजपा का कद नही था जब वे आदापुर विधानसभा से चुनाव लड़ें थे उसके बाद आयी राजनितिक गतिविधिया ने उलट पुलट कर रख दिया। जिन्हें मान सम्मान बनायें जाने को लेकर भाजपा के द्वारा भारतीय नागरिक परिषद का सदस्य बनाया गया, जिससे भाजपा कार्यकताओं में खुशी व्याप्त है वहीं जिले से भाजपा के सदस्यों के द्वारा बधाई देने का सिलसिला जारी है इस बाबत रक्सौल जिला अध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय, आदापुर मंडल अध्यक्ष नितेश कुमार पटेल, लाल बाबू सिंह, शत्रुध्न दुबे, राजेश कुमार गुप्ता,बिजय पटेल, मुन्ना कुमार, अनिल कुमार आडवाणी, अखिलेश गुप्ता, सुनील यादव, जितेंद्र सिंह, सुबोध सिंह, प्रवीण सिंह,झूनू सिंह, वैदेही भूषण सिंह इत्यादि लोगों ने नेता जी को बधाई दी।



### स्मैक के अवैध कारोबारी ने किया कोर्ट में आत्मसमर्पण

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में हरैया पुलिस की लगातार दबिश से घबराये स्मैक के अवैध कारोबारी विक्की पंडित (पिता रमेश पंडित) ने आज न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। विक्की पंडित रक्सौल शहर के सुंदरपुर, थाना हरैया का रहने वाला है। हरैया थानाध्यक्ष किशन पासवान ने प्रेस संवादाता को बताया कि विक्की पंडित का पहले से ही आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर, 1.कांड संख्या 26/24 दिनांक 03/11/24 धारा 8(c)/20(b)(ii)(b)/22(b)/24/29ndpscact 2.कांड संख्या 296/22दिनांक 23/06/2022 धारा 147/148/ 149/341/ 323/ 324/ 326/ 302/379/504/506ipc 3.कांड संख्या 165/24 दिनांक 11/05/24 धारा 8(c)/21(b)/29/ एनडीपीएस एक्ट मामले पहले से दर्ज हैं।

### जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार खेल विभाग और जिला प्रशासन के तत्वावधान में पश्चिम चंपारण में जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन महाराजा स्टेडियम सहित विभिन्न स्थलों पर शुरू हुआ। इसमें 18 प्रखंडों के 375 विद्यालयों से लगभग 4500 बालक-बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन वरीय उपसमाहर्ता नगमा तब्बूसुन, ज्योति रानी, डीपीओ गार्गी कुमारी, जिला योजना पदाधिकारी प्रदीप कुमार और राकेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। गार्गी कुमारी ने कहा कि खेलकूद से अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता बढ़ती है। कार्यक्रम में झंडातोलन, एनसीसी मार्च पास्ट, मशाल दौड़, स्वागत गान और खेल भावना की शपथ शामिल हुई। एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, खो-खो, क्रिकेट और फुटबॉल की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

मिड-डे मील खाने से बीमार पड़े 27 बच्चे

### उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद पहुंचे अस्पताल

**मैनाटाड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के मध्य विद्यालय पुरैनिया हरिहर राम टोला में शुक्रवार को मध्याह्न भोजन खाने के बाद 27 बच्चों को उल्टी व माथे में चक्कर आने की शिकायत पर बच्चों को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनाटांड ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद बच्चों को खतरे से बाहर बताया। जानकारी अनुसार मध्य विद्यालय में भोजनावकाश के दौरान बच्चों को अंडा कड़ी परोसा गया, जिसे बच्चों ने खाना प्रारंभ किया। बच्चों को माथे में चक्कर, पेट दर्द व उल्टी होने लगी। चिकित्सक पदाधिकारी डॉ विजय चौधरी ने कहा कि सभी बच्चों का प्राथमिक स्तर पर इलाज किया गया है।

### घर का भेंडीलेटर तोड़ नगद व मोबाइल चोरी

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड़ बाजार स्थित एक घर में घुसकर नगद रुपया एवं मोबाइल चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पहुंच मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। इधर गृहस्वामी मृत्युंजय कुमार ने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि गुरुवार की देर रात अज्ञात चोरों के द्वारा घर का भेंडीलेटर तोडकर नगद साढे बारह हजार रूपए व दो मोबाइल चोरी कर ली गई है। गृहस्वामी ने आवेदन में यह भी बताया कि चोरी की गई मोबाइल पर फोन करने पर कल वापस करने की बात कही जा रही है। जिससे पूरा परिवार दहशत में है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### 6.41 किलोग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया थाना क्षेत्र के लौरिया नरकटियागंज रोड में अशोक स्तंभ के समीप वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने 6.41 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। नरकटियागंज एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव पूर्व अपराध नियंत्रण एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध शस्त्र एवं शराब की बरामदगी हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक डा. शौय सुमन के निदेर्शानुसार पूरे जिला में वाहन जांच का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को संध्या लौरिया थाना द्वारा लौरिया नरकटियागंज मार्ग पर वाहन जाँच किया जा रहा था। वाहन जांच के क्रम एक संदिग्ध बाइक सवार को रोका गया। उसकी तलाशी के दौरान उसके बाइक से 6.41 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। गांजा बरामद होने के साथ हीं बाइक सवार को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसकी पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर वृति टोला निवासी दिनेश कुमार गुप्ता के रुप में हुयी है। एसडीपीओ ने बताया कि बरामद गांजा एवं तस्कर द्वारा प्रयुक्त बाइक को जब्त करते हुए तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### जन सुराज में मतभेद कायम, टिकट को लेकर अपनी-अपनी दावेदारी

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रक्सौल विधानसभा क्षेत्र में चुनावी तारीखें घोषित किए जाने के बाद से नेताओं में चहलकदमी बढ़ गई है इसी बीच जनसुराज पार्टी के कार्यकताओं में दो नेताओं के बीच प्रत्याशी को लेकर काफी मतभेद हो रही है, बाहरी नेता के प्रति सामान्य कार्यकर्ताओ में नाराजगी है लेकिन पार्टी हाईकमान ने तरजीह देकर आम कार्यकताओं को ठेस पहुंचा रही है,जनसुराज में पहले से पैठ बनायी पूर्णिमा भारती आज दर-दर की ठोकरें खा रही है भरोसा आज भी है कि टिकट कन्फर्म होगा,दो दावेदारी पूर्णिमा भारती और कपिल देव उर्फ भुवन पटेल ही है मैदान में, बाकी सामान्य कार्यकर्ताओ की तरह चुनावी गति विधियां को संभालते रहेंगे, वैसे तो जनसुराज पार्टी से चार लोगों की दावेदारी थी लेकिन राजनीतिक उठा-पटक के कारण कमी आयी है, कार्यकताओं की आपसी विवाद से माहौल इतना खराब हुआ कि कयी कुर्सियां टूट गई,हो हंगामे के बीच मान मनौव्वल भी हुआ लेकिन आज भी नाराजगी बनी हुई है,इस बीच जदयू के दामन छोड़ नेता भुवन पटेल पुरे जोर शोर से चुनावी बिगुल फूंक दिया है और गांव की ओर निकल चलें है , इनके साथ में जदयू के दर्जनों कार्यकर्ता भी लगे हुए हैं क्षेत्र में भुवन पटेल की जन सुराज में दावेदारी मजबूत है, दोनों नेताओं की दावेदारी से रक्सौल आदापुर भेलाही में चौंक चौराहों पर चर्चा हो रही है कि टिकट किनको मिलेगा।

### घर के बाहर से स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के अदिया गांव बाइक चोरी का मामला सामने आया है। बाइक मालिक संजय कुमार दास ने थाना में आवेदन देकर अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आवेदन में बताया है कि बीती रात प्रति दिन की भांति घर के दरवाजे पर बाइक खड़ी कर सोने चले गए। सुबह देखा तो बाइक चोरी हो गई थी। पीड़ित ने इस संबंध में कोटवा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। संजय कुमार दास ने बताया कि उनकी मोटरसाइकिल काले रंग की गाड़ी नंबर बीआर 05एएन/ 3193 घर के बाहर खड़ी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करने की बात कही है।ग्रामीणों में लगातार हो रही ऐसी घटनाओं को लेकर डर और नाराजगी का माहौल है।

# डीएम, एसपी ने चिरैया एवं ढाका विस क्षेत्रों के लिए प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ की बैठक




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा 10.10.2025 को उच्च विद्यालय ढाका के सभाकक्ष में 20-चिरैया एवं 21- ढाका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सफलतापूर्वक चुनाव का संपन्न कराने को लेकर प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर अभी तक किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी के द्वारा सभी सेक्टर पदाधिकारी से उनके दायित्व को लेकर प्रश्न किया गया। जिलाधिकारी ने पूछा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी के द्वारा अभी तक अपने सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ क्या क्षेत्र भ्रमण किया गया है, उनके जिम्मे कितने मतदान केंद्र हैं, मतदान केंद्र किस - किस लोकेशन पर स्थित है। मतदान केंद्र तक जाने के लिए रास्ते की क्या स्थिति है। जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले दिनों हुई बारिश के कारण कहीं-कहीं जल जमाव की स्थिति बन गई है तो क्या उससे बूथ तक जाने का रास्ता प्रभावित हो रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि बूथ पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी (अटत्र) की उपलब्धता क्या है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान कितने संवेदनशील पॉकेट है, क्या उसे चिन्हित किया गया है। महादलित टोले का भ्रमण किया गया है कि नहीं। लोगों में फ्री एंड फेयर पोल संबंधी विश्वास बढ़ाने की काम की गई है अथवा नहीं, से संबंधित सारी चीजों के बारे में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक में जानकारी प्राप्त की गई। सभी सेक्टर पदाधिकारी ने बताया कि पुलिस पदाधिकारी के साथ क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण किया गया है। मतदान केंद्र पर न्यूनतम जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता देखी गई है एवं इसके संबंध में प्रतिवेदन दिया गया है।

ज्ञातव्य है कि चिरैया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 36 एवं ढाका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 43 सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। बैठक में सभी उपस्थित पदाधिकारी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन का कार्य अत्यंत संवेदनशील एवं दायित्वपूर्ण है। चुनाव प्रक्रिया की सफलता का आधार क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत क्षेत्रीय पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी और पुलिस सेक्टर पदाधिकारी पर ही होते हैं। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव को संपन्न कराने में सेक्टर पदाधिकारी की भूमिका मेरुदंड की तरह है, यदि वह अपनी जिम्मेवारी का ईमानदारी से सजगता के साथ निर्वहन करेंगे तो जिले में चुनाव को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने में सफलता प्राप्त होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्य प्रणाली की भी व्यवस्थित जानकारी रखें ताकि मतदान के दिन कहीं कोई दिक्कत हो तो उसका शीघ्रता से समाधान किया जा सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस सेक्टर पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कार्य सुनिश्चित करेंगे। चुनाव केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है बल्कि लोकतंत्र का महापर्व है और इसे सफल बनाने में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण एवं सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी सजग रहें, सक्रिय रहें और निष्पक्षता बनाए रखते हुए अपनी भूमिका का निर्वहन करें ' इस अवसर पर ढाका विधान सभा के निवार्ची पदाधिकारी- सह - अनुमंडल पदाधिकारी, सिकरहना, साकेत कुमार, चिरैया विधान सभा के निवार्ची पदाधिकारी-सह-भूमि सुधार उप समाहर्ता, सिकरहना, श्रीमती सुनिधि, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिकरहना, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पकड़ीदयाल एवं सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी उपस्थित थे।

# फ्लाइंग स्क्वाड एवं स्टेटिक सर्विलांस टीम को दिया गया प्रशिक्षण



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा में निर्वाचन 2025 को स्वच्छ, पारदर्शी,प्रलोभन रहित एवं भय मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग द्वारा गठित फ्लाइंग स्क्वायड एवं स्टेटिक सर्विलांस टीम के दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को उनके कार्य संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी फ्लाइंग स्क्वाड टीम एवं स्टेटिक सवेर्लेंस टीम के सदस्यों को निम्नलिखित महत्वपूर्ण निदेर्शों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। (1) ₹50,000 से अधिक राशि मिलने पर ही उसकी जांच के उपरांत आवश्यकतानुसार जब्ती की जाए। बिना उचित कारण या दस्तावेज जांच के, जब्ती नहीं की जाएगी। (2) ₹10.00 लाख से अधिक नकद राशि की स्थिति में आयकर विभाग (इनकम टैक्स) को सूचना दी जाएगी तथा आगे की कार्रवाई आयकर विभाग द्वारा की जाएगी। (3) टीम को मद्य (लिक्विर), नशीले पदार्थ (ड्रग्स/नारकोटिक्स), असामाजिक तत्वों की आवाजाही एवं अवैध शस्त्र की गतिविधियों पर विशेष रूप से निगरानी रखनी है। (4) सभी प्रवर्तन एजेंसियों (इनफोर्समेंट एजेंसीज) जैसे :- इनकम टैक्स डिपार्टमेंट डिपार्टमेंट, सशस्त्र सीमा बल नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय एवं सूचना-साझाकरण (कोऑर्डिनेशन एंड इनफार्मेशन शेयरिंग) बनाए रखें। (5) प्रत्येक कार्रवाई का विवरण रिपोर्ट के रूप में तैयार कर प्रतिदिन नोडल अधिकारी को भेजें। ज्ञातव्य है कि बिहार विधानसभा निर्वाचन 2025 के अवसर पर पूर्वी चंपारण जिले में 39 फ्लाइंग स्क्वॉड टीम एवं 39 स्टेटिक सर्विलांस टीम का गठन किया गया है। प्रशिक्षण के समय निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सहित सभी कर्मिगण उपस्थित थे।

## चुनाव को लेकर एक्शन मोड में दिखी साठी पुलिस

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शांति एवं भयमुक्त माहौल में चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार की रात थाना अध्यक्ष राजन कुमार के नेतृत्व में पुलिस एवं अर्धसैनिक बल के जवानों ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च थाना से नवमी चौक होते हुए साठी बाजार, फिर बाजार से वापस नवमी चौक पहुंची जहां पुलिस प्रशासन एवं अर्ध सैनिक बल के जवान एक्शन में थे। नवमी चौक पर बेतिया नरकटियागंज मुख्य मार्ग में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान थानाध्यक्ष राजन कुमार के साथ एस एस बि के इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार मौर्य दारोगा अमरजीत कुमार व अर्धसैनिक बल के जवान मौजूद रहे। चेकिंग के दौरान बस, चार चक्का वाहन और दो चक्का वाहनों की सघनता से जांच की गई। थाना अध्यक्ष ने बताया कि जांच के दौरान शराब तस्करी अवैध हथियार और तय सीमा से अधिक रुपए की जांच बारीकी से की जा रही है।

## नामांकन प्रक्रिया कार्यशाला सम्पन्न

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिए कई निर्देश



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने हेतु समाहरणालय सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में हुई इस कार्यशाला में सभी निवार्ची, सहायक निवार्ची पदाधिकारियों और कोषांग प्रभारियों को नामांकन प्रक्रिया के तकनीकी, प्रशासनिक व विधिक पहलुओं की जानकारी दी गई। श्री कुमार ने कहा कि नामांकन चुनाव की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है, जो पूर्ण पारदर्शिता के साथ होनी चाहिए। उन्होंने वीडियोग्राफी, हेल्प डेस्क, सुरक्षा व्यवस्था और दस्तावेजों की जांच जैसे कार्यों में सावधानी बरतने के निर्देश दिए। अवर निर्वाचन पदाधिकारी श्री यशलोक रंजन ने आवश्यक दस्तावेजों, फॉर्म भरने और अन्य प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपने क्षेत्र में व्यवस्थाओं की समीक्षा करने और जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करने को कहा, ताकि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित हो। कार्यशाला में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता और अनुमंडल पदाधिकारी सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

# चोरों की पिकअप पेड़ से टकरायी, दो की मौत

## दो की हालत चिंताजनक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेतिया मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रुपडीह से भैंस की चोरी कर भाग रहे चोरो की पीकअप अनियंत्रित हो एक पेड़ से टकरा गयी। जिससे पीकअप बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान दो चोरो की मौत घटनास्थल पर हीं हो गयी। जबकि दो अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। जख्मी दोनो को जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। जिनकी हालत चिंताजनक बतायी गयी है। घटना शुक्रवार की तड़के की है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि पुलिस निगरानी जख्मी दोनो का इलाज कराया जा रहा है। होश में आते हीं बयान लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि सूचना मिली कि पीकअप सवार कतिपय अपराधी श्रीनगर से एक भैंस की चोरी कर बरवत होते हुए रुपडीह से भी एक भैंस की चोरी कर भाग रहे है। सूचना पर पुलिस ने उनके भागने के संभावित रास्ते पर नाकाबंदी की गयी। इधर श्रीनगर थाना क्षेत्र से चोरी कर भाग रहे पीकअप सवार चोरो का पीछा वहां के लोगो द्वारा भी किया जा रहा था। जैसे हीं पीकअप सवार चोर रुपडीह गांव से आगे बढ़े उसी दौरान सामने से आ रही एक स्कार्पियों को बचाने के दौरान चोरो की पीकअप सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से जा टकरायी। अनियंत्रित पीकअप के पेड़ से टकराते हीं पीकअप के आगे के हिस्सो के परखच्चे उड़ गये। इसी दौरान सूचना पाकर पुलिस भी वहा पहुंची। जहां दो की मौत हो गयी थी। जबकि दो गंभीर रुप से जख्मी हो गये थे। चोरो को पुलिस टीम जीएमसीएच लेकर आयी जहां चिकित्सकों ने दो को मृत घोषित कर दिया। जबकि दो अन्य की गंभीर हालत बनी हुयी है। उनका इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान पुरुषोतमपुर थाना क्षेत्र के भेड़िहारी निवासी म. हसलम, एवं जुम्मन आलम के रुप में हुयी।

# तस्करी कर नेपाल से लायी गयी 13 बोरी शराब जब्त



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुफस्सिल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए मिजार्पुर स्थित एक आवासीय मकान से भारी मात्रा में नेपाली शराब बरामद किया है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन को गुप्त सूचना मिली कि नेपाल से तस्करी कर शराब की बड़ी खेप लाकर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मिजार्पुर में एक घर में भंडारण किया गया है। सूचना पर एसएसपी ने मुफस्सिल थाना को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। एसएसपी के निर्देश पर मुफस्सिल पुलिस के साथ 112 टीम में शामिल जमादार विश्वास यादव, चालक ओमप्रकाश दुबे के साथ पुलिस के जवानों ने छापेमारी की। पुलिस टीम को आते देख मकान का केयर टेकर मौके से फरार हो गया। घर में तलाशी के दौरान पुलिस को 13 बोरी में रखी शराब की बोतले मिली। उसे जब्त कर मुफस्सिल थाना लाया गया। एसडीपीओ ने बताया कि बरामद शराब 14 सौ से ज्यादा बोतले होने का अनुमान है। शराब के बोतलों की गिनती की जा रही है। इस धंधे में शामिल केयर टेकर समेत अन्य की गिरफ्तारी की जाएगी।

# कोटवा-मोतिहारी सड़क पर भारी वाहनों का बेरोकटोक परिचालन जारी

## कोटवा बाजार में घंटों फंसे रहते हैं लोग,प्रशासन मूक दर्शक



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कोटवा-मोतिहारी कोटवा बाईपास रोड में कोटवा बाजार में भारी वाहनों की आवाजाही के कारण रोजाना जाम की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। खासकर सुबह और शाम के समय बाजार में ट्रकों और कंटेनरों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे आम जनता, एंबुलेंस और छोटे वाहन चालकों को भारी परेशानीयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाईपास का निर्माण इसलिए किया गया था ताकि भारी वाहन शहर बाजार के अंदर प्रवेश ना करे, लेकिन अब ये वाहन सीधे बाजार के बीचोंबीच से होकर गुजरते हैं। इससे कोटवा बाजार में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। दुकानदारों का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है, वहीं जाम में फंसे मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में देरी होती है।स्थानीय प्रशासन से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।लोग मांग कर रहे हैं कि भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किया जाए और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए पुलिस बल की तैनाती हो। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष प्रत्युष कुमार विक्की ने बताया कि अतिक्रमण के वजह से लगातार लग रहा है जाम, जल्द ही अतिक्रमण को हटवाया जायेगा।

## नरकटियागंज एवं सिकटा विधानसभा क्षेत्रों के लिए 13 से नामांकन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा आम चुनाव के लिए दो विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियो का नामांकन लिया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी लगभग अंतिम चरण में है। यहां 03 नरकटियागंज एवं 09 सिकटा विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन दाखिल किया जाएगा। शुक्रवार को निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 03 नरकटियागंज विधानसभा एवं 09 सिकटा विधानसभा के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ हीं प्रत्याशियों का नामांकन 13 अक्टूबर यानी सोमवार से 20 अक्टूबर तक 03 विधानसभा के लिए अनुमंडल कार्यालय प्रकोष्ठ में लिया जाएगा। वही 09 सिकटा विधानसभा के लिए डीसीएलआर कार्यालय प्रकोष्ठ में लिया जाएगा। जिसकी वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। नामांकन का समय सुबह के 11 बजे से दोपहर के तीन बजे तक का समय निर्धारित है।आरओ ने बताया कि नामांकन को लेकर करीब एक सौ मीटर की परिधि में दोनों ओर से बैरिकेटिंग किया जाएगा। ड्रॉप्ट गेट बैरिकेडिंग अनुमंडल कार्यालय मुख्यद्वार एवं दक्षिण दिशा में कृषि कार्यालय के समीप बनाया जाएगा। जहां दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्त रहेंगे। उन्होंने कहा कि ड्रॉप्ट गेट से नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों के साथ अधिकतम पांच लोगों को हीं प्रवेश दिया जाएगा। वहीं बैरिकेडिंग से आगे वाहनों का प्रवेश बिल्कुल वर्जित रहेगा। आरओ ने यह भी बताया कि नामांकन प्रक्रिया में सहयोग के लिए कार्यालय परिसर में एक हेल्प डेस्क भी बनाया जाएगा। ताकि अभ्यर्थी अपने नामांकन से संबंधित कागजात की आवश्यक जांच व तैयार कर सकेंगे।ताकि उन्हें नामांकन करने में सहूलियत होगी।

## एकल खिड़की कोषांग को लेकर आरओ ने की बैठक,दिए आवश्यक निर्देश

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव को लेकर निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को एकल खिड़की कोषांग की समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान 03 नरकटियागंज एवं 09 सिकटा विधानसभा के सभी प्रत्याशियो को चुनाव के दौरान जूलूस, रैली, पार्टी कार्यालय का संचालन, प्रचार प्रसार को लेकर वाहन आदि प्रयोग से सम्बंधित अनुमति लेने आदि पर चर्चा की गई।

# जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में डीएम ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

## खेल प्रतियोगिता में उपस्थित खिलाड़ियों को मतदान करने के लिए किया गया प्रेरित





**मोतिहारीनवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खेल विभाग, बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में 09 से 12 अक्टूबर तक आयोजित चार दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार ने दीप प्रज्वलन कर एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, योगा, वूशु, ताइक्वांडो, कुश्ती, बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को खेल विभाग की योजनाओं से अवगत कराते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मशाल दौड़ एवं खिलाड़ियों के शपथ ग्रहण के साथ खेल प्रतियोगिता प्रारम्भ हुई। इसके पहले सभी खिलाड़ियों से जिलाधिकारी ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेने के अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह जरूरी है की सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के लिए पूर्वी चंपारण जिला में 11 नवंबर को मतदान की तिथि निर्धारित है,उस दिन सभी लोग सबसे पहले अपना मतदान करें, उसके बाद फिर अपना काम करें। मताधिकार से बड़ा कोई अधिकार नहीं। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी जो आज यहां उपस्थित हैं अपने अभिभावक, आसपास के व्यक्ति एवं मित्रजनो से मतदान करने की अपील करेंगे। सभी खिलाड़ी इसके लिए आइकॉन के रूप में कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थितथे। जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, योगा, वूशु, ताइक्वांडो, कुश्ती, बैडमिंटन खेल की प्रतियोगिता आयोजित हुई।

# प्रशिक्षण ही निर्वाचन प्रक्रिया की आधारशिला : जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के विभिन्न विद्यालयों में मतदान संपन्न कराने हेतु पोलिंग ऑफिसर 1 एवं पोलिंग ऑफिसर 2 का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुचारू आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा संचालित किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनरों के द्वारा सभी मतदान कर्मियों को बेहद सरलतापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया गया ताकि मतदान की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सुनिश्चित की जा सके।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा शहर में चल रहे विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों का औपचारिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण सत्र की गुणवत्ता, प्रशिक्षण सामग्री की उपलब्धता तथा उपस्थित मतदान कर्मियों की संख्या का अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षण में सम्मिलित मतदान कर्मियों से प्रत्यक्ष संवाद करते हुए मतदान प्रक्रिया में शत-प्रतिशत दक्षता एवं निष्पक्षता बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण कोषांग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मतदान कर्मी को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन के संचालन, मतदान केंद्र पर आचार संहिता का अनुपालन, दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए विशेष प्रबंध, तथा आपातकालीन परिस्थितियों में कार्यवाही की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि प्रशिक्षण ही निर्वाचन प्रक्रिया की आधारशिला है और इसका उचित संचालन मतदान दिवस की सफलता सुनिश्चित करेगा। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल अधिकारी रितेश कुमार यादव ने कहा कि "प्रशिक्षण एक आवश्यक प्रक्रिया है, जो प्रत्येक मतदान कर्मी को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों के प्रति सक्षम बनाता है। हमारा प्रयास है कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्रत्येक कर्मी निर्वाचन प्रक्रिया की समस्त तकनीकी एवं व्यवस्थापकीय सूचनाओं से परिपूर्ण होकर मतदान दिवस पर निर्बाध एवं निष्पक्ष सेवा प्रदान कर सकें। प्रथम चरण के प्रशिक्षण के सफल आयोजन के उपरांत द्वितीय चरण की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं, जिसमें व्यावहारिक अभ्यास एवं दिशा-निर्देश सम्मिलित होंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मियों से अनुरोध किया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान एवं निर्देशों को मतदान दिवस पर पूर्ण रूप से कार्यान्वित करें, जिससे बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 एक सशक्त, पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक आयोजन के रूप में सुनिश्चित हो सके।

## इंटर स्कूल पथरौल में चोरी का मामला

**हसपुरा।** हसपुरा थाना क्षेत्र के इंटर स्कूल पथरौल में गुरुवार शाम चोरी की घटना हुई। स्कूल के हेडमास्टर डॉ. विनोद कुमार ने थानाध्यक्ष दिनेश कुमार को लिखित आवेदन देकर घटना की जानकारी दी। हेडमास्टर ने बताया कि परिचारी अनील कुमार ने रात में सूचना दी कि कार्यालय की लाइट नहीं जल रही। जब परिसर में जाँच की गई तो पाया गया कि कार्यालय का दरवाजा टूटा हुआ था और 2 कंप्यूटर, 1 इन्वर्टर, 1 बैटरी और 1 प्रिंटर चोरी हो गया था। आवेदन में परिचारी पर संदेह जताया गया है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना स्कूल बंद होने के बाद हुई है और चोरी संदिग्ध परिस्थितियों में हुई लग रही है। पुलिस ने मौके का मुआयना किया और शुरुआती जांच में सुरक्षा व्यवस्था, ताले और अन्य साक्ष्यों को संकलित किया।

# दिव्यांग बच्चों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करने पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के सभागार में सदर प्रखंड के नोडल टीचर्स का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य उदय कुमार सिंह एवं प्रशिक्षक राकेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण के शुभारंभ के उपरांत नोडल टीचर्स को संबोधित करते हुए प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने कहा कि तीन दिन का प्रशिक्षण से उनका दिव्यांगों के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव हो जाएगा। दिव्यांगों का हौसला केवल बढ़ाने की जरूरत है वह किसी भी कठिन से कठिन कार्य को बेहतर तरीके से संपादित कर सकते हैं। उन्होंने स्टीफन हॉकिंस, सुधा चंद्रन, यूपी में डीएम रहे सुहास एल वाई आदि का उदाहरण देकर कहा कि वह इसलिए इतने कामयाब हुए क्योंकि कोई न कोई एक अच्छा शिक्षक



या मोटीवेटर उनकी जिंदगी में आया था। प्राचार्य ने कहा कि प्रशिक्षक राकेश कुमार तीन दिवसीय ट्रेनिंग के लिए डिजाइन किए हुए मॉड्यूल के अनुरूप उन्हें प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण निश्चित रूप से उनके मानवीय दृष्टिकोण को रुपान्तरित करेगी। श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित, अस्थि दिव्यांगता, सेरेब्रल पाल्सी आदि से पीड़ित बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने की मुख्यधारा में लाने में प्रशिक्षण बड़ी भूमिका अदा करेगी। प्रशिक्षक राकेश कुमार ने बताया कि प्राचार्य उदय कुमार सिंह समावेशी शिक्षा के तहत चेन्नई स्थित तमिलनाडु स्पस्टिक सोसाइटी के द्वारा प्रभावी प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए हैं इस कारण समावेशी शिक्षा पर उनके संबोधन से प्रशिक्षु काफी लाभान्वित हुए हैं। सभी विद्यालयों के एक एक शिक्षक को इसका प्रशिक्षण दिया जाना है जो निरंतर विद्यालय में एवं पोषक क्षेत्र में जाकर दिव्यांग बच्चों की काउंसिलिंग करेंगे।

# सनकी ने दो भाइयों पर किया चाकू से हमला, एक की हालत गंभीर

**घटना के बाद दुकानदारों में बना दहशत का माहौल**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के नगर थाना क्षेत्र के हाट बाजार में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक सनकी युवक ने आपसी विवाद के चलते दो सगे भाइयों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हाट बाजार निवासी शंकर साव के दो पुत्र — सुजल कुमार और राधेश्याम — ड्राई फ्रूट्स की दुकान चलाते हैं। गुरुवार की शाम राधेश्याम दुकान पर बैठे थे, तभी पास के ही एक युवक ने अचानक उन पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए।इसके बाद जब परिजन राधेश्याम का इलाज कराकर लौट रहे थे, उसी दौरान हमलावर ने दोबारा हमला करते हुए राधेश्याम के छोटे भाई सुजल कुमार को भी चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आनन-फानन में दोनों घायलों को सदर अस्पताल, जहानाबाद लाया गया, जहां से डॉक्टरों ने सुजल कुमार को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घर में ताला लगाने को लेकर हुए विवाद ने यह हिंसक रूप ले लिया। नगर थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर के बीचोबीच बाजार में हुई इस चाकूबाजी की घटना से स्थानीय लोगों और व्यापारियों में दहशत फैल गई है। घटना के बाद लोग काफ़ी भयभीत और डरे सहमे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## तीन आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा।** हसपुरा थाना क्षेत्र के डिहुरी गांव निवासी बच्चे राम, विद्या राम और हसपुरा डीह निवासी कबीर अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि तीनों के खिलाफ कोर्ट से एनबीडब्ल्यू जारी किया गया था। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपितों की तलाश पिछले कई दिनों से की जा रही थी। ये पुरानी मामलों में शामिल थे, जिसके कारण कोर्ट ने वारंट जारी किया था। गिरफ्तार आरोपितों को हसपुरा पुलिस ने विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# जमीन विवाद में बुजुर्ग की हत्या, पसरा सन्नाटा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के सिकरिया थाना क्षेत्र के लुतफुल्लाह चक गांव में जमीन विवाद को लेकर एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 79 वर्षीय राजबलम यादव के रूप में हुई है। मृतक बुजुर्ग लुतफुल्लाह चक गांव के निवासी बताए जाते हैं। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, जहानाबाद भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि राजबलम यादव अपने खेत में बरगद के सूखे पत्तों को इकट्ठा कर जलाने का काम कर रहे थे, तभी उनके गोतिया (सगे रिश्तेदार) वहां पहुंच गए और इसका




विरोध करने लगे। इस बीच दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो धीरे-धीरे हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि गोतिया के लोगों ने राजबलम यादव पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि यह विवाद कई महीनों से चला आ रहा था। दोनों पक्षों के बीच जमीन की सीमांकन को लेकर लगातार तनातनी बनी रहती थी। इसी तरह शुक्रवार को भी मामूली विवाद हुआ जो बाद में झगड़े का गंभीर रूप ले लिया। इस लड़ाई में एक शांत स्वभाव के बुजुर्ग जो अपने जीवन के अंतिम पड़ाव पर था उनकी जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए। वहीं, जब मृतक के परिजनों को खबर मिली, तो वे खेत की ओर दौड़े और लहूलुहान अवस्था में पड़े राजबलम यादव का शव देखकर रो-रो कर बेहाल हो गए। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल पसर गया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घटना की सूचना पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलते ही सिकरिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला जमीन विवाद से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि घटना की हर पहलू से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि की जा सकेगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, ग्रामीणों ने प्रशासन से दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि राजबलम यादव एक शांत और मिलनसार व्यक्ति थे, जो कभी किसी से विवाद नहीं करते थे।

# विकास भवन में जनता दरबार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति की अध्यक्षता मे उनके कार्यालय प्रकोष्ठ मे तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा विकास भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमे सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित हुए। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना गया।जनता दरबार में कुल 36 आवेदन प्राप्त हुए, जो मुख्य रूप से जनसुविधाओं से संबंधित थे। जिन मामलों का निवारण तत्काल संभव था, उन्हें वहीं उपस्थित संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित कर समाधान हेतु कार्रवाई



आरंभ करवाई गई। जबकि जिन मामलों की सुनवाई जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के अधीन है, उन्हें विधि अनुसार लोक शिकायत निवारण कार्यालय को भेजा गया। जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया कि सभी प्राप्त आवेदनों का शीघ्र, पारदर्शी एवं प्राथमिकता के आधार पर निवारण सुनिश्चित किया जाएगा।

# रचनात्मक गतिविधियों से मतदाताओं को किया जागरूक

**आपका वोट , जहानाबाद की नई सोच**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देश पर जहानाबाद जिला अंतर्गत तीनों विधानसभा क्षेत्र में स्वीप गतिविधि के तहत अनेकों रचनात्मक गतिविधि आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जहानाबाद जिला अंतर्गत 217 घोसी विधानसभा क्षेत्र के घोसी, हुलासगंज एवं मोदनगंज प्रखंड



के कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों मे मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। काको प्रखंड मे बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, काको के नेतृत्व मे काको पासवान टोला मतदान केन्द्र संख्या 44 एवं 58 मे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे रंगोली प्रतियोगिता, स्लोगन राईटिंग तथा डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत पंचायत पश्चिमि काको केंद्र काको डीहिया पर केन्द्र संख्या 150 बूथ नंबर 55 मे स्लोगन राईटिंग किया गया तथा डोर टू डोर अभियान चला कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। साथ ही 'मेरा वोट मेरा भविष्य' का नारा लगाया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत पंचायत पश्चिमी काको में कालीस्थान केंद्र संख्या 43 बूथ नंबर 56 पर मतदाताओं को जागरूक किया गया। साथ ही रैली निकाल कर "छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करे मतदान" का नारा लगाया गया। वहीं 218-मखदुमपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत उ0म0वि0 कोयली मतदान केन्द्र संख्या 108 पर मतदाता जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया।

## एक नजर

### अनियंत्रित ट्रैक्टर सब्जी की दुकान में घुसा



**हसपुरा।** हसपुरा थाना क्षेत्र के एनएच-120 पथ, पुरानी बाजार सिहाड़ी में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे सब्जी की झोपड़ी में घुस गया। इस घटना में दुकान की 60 वर्षीय मालकिन कुंती देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, बालू लदा ट्रैक्टर दाउदनगर की ओर जा रहा था और चालक नियंत्रण खो बैठा। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोग बताते हैं कि यह मार्ग अक्सर दुर्घटना प्रवण रहता है। घटना के समय आसपास कई लोग मौजूद थे, लेकिन किसी बड़े नुकसान से बच गया। घटना में एक बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई। ट्रैक्टर घटनास्थल पर खड़ा है और चालक की तलाश जारी है। पुलिस ने लोगों से अपील की कि सड़क पर सावधानी बरतें और यदि किसी संदिग्ध वाहन को तेज रफ्तार में देखा जाए तो तत्काल पुलिस को सूचना दें।

### ठेला लगाने से मना करने पर ईंट से किया हमला

**रजौली।** थाना क्षेत्र के बजरंगबली चौक पर कपड़ा दुकान के सामने ठेला लगाने से मना करने पर ठेले वाले ने दुकानदार के साथ मारपीट की। इस मारपीट में दुकानदार घायल हो गया,जब आसपास के दुकानदार एकत्रित हुए, तो ठेला वाला भाग खड़ा हुआ। गुरुकृपा वस्त्रालय के दुकानदार पुरानी बस स्टैंड निवासी महेश राय के पुत्र भोला कुमार ने बताया कि वे बजरंगबली चौक पर किराए के दुकान में कपड़ा का दुकान किए हुए हैं। प्रत्येक शुक्रवार को बजरंगबली चौक पर साप्ताहिक हाट लगता है। महसई मोहल्ले के आरिफ उर्फ अन्ना हमारे दुकान के आगे सड़क पर केला बेचने के लिए अपना ठेला लगा दिया। सड़क पर ठेला लगाने से जाम की समस्या हो जाया करती है और लोगों का आवागमन भी बाधित हो जाता है,जिसका प्रतिकूल प्रभाव दुकानदारी पर भी पड़ता है। ठेला वाले को जब दुकान के सामने रास्ता अवरुद्ध करने से मना किया, तो वो उग्र होकर गाली-गलौज के साथ मारपीट करने लगा। घटना को लेकर पीड़ित दुकानदार ने डायल 112 की टीम को मदद के लिए बुलाई। वहीं घटना से आक्रोशित दर्जनों दुकानदारों ने घटना की गहरी निंदा की।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल एवं निर्विघ्न संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, जहानाबाद अलंकृता पांडे के निर्देशानुसार तथा वरीय प्रभारी प्रशिक्षण कोषांग सह उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति के अध्यक्षता में जहानाबाद जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त द्वारा निर्वाचन कार्यों में जहानाबाद जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल प्रतिनिधियों की भूमिका और निर्वाचन आयोग के निदेशों का विस्तार से जानकारी दी गई। नोडल पदाधिकारी, प्रशिक्षण सह निदेशक, एन.ई.पी. सूदर्शन कुमार ने प्रशिक्षण में जहानाबाद जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण



हेतु उपलब्ध कराए गए इवीएम, वीवीपैट का व्यवहारिक प्रशिक्षण अच्छी तरह से प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। जहानाबाद जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल प्रतिनिधियों को इवीएम, वीवीपैट का विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। 11 अक्टूबर 2025 से होने वाले मतदान हेतु जहानाबाद जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल प्रतिनिधियों को इवीएम, वीवीपैट का मॉक ड्रिल कराया जाएगा, इसके लिए आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया गया। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर कोषांग के वरीय प्रभारी सह उप विकास आयुक्त द्वारा जहानाबाद जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल प्रतिनिधियों को उनके निर्वाचन आयोग निर्देशों के बारे में जानकारी देते हुए अपेक्षा की गई कि सभी जहानाबाद जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल प्रतिनिधियों अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वाहन करेंगे।

# कैदियों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद के निर्देश पर मंडल कारा, जहानाबाद में शुक्रवार को बंदियों के लिए एक विशेष चिकित्सा एवं मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में पीएचसी काको की टीम ने भाग लिया। शिविर के दौरान कुल छह बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं मानसिक स्थिति की जांच की गई। शिविर में डॉ. रंजीत कुमार द्वारा मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित जांच की गई तथा जिन बंदियों में मानसिक रोग या उसके लक्षण पाए गए, उन्हें उचित परामर्श और उपचार की सलाह दी गई। इस अवसर पर कारा अधीक्षक अजित कुमार, उपाधीक्षक भोला प्रसाद शर्मा, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल राजीव



कुमार, एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल बैद्यनाथ शरण उपस्थित रहे।

सभी अधिकारियों एवं विधिक सेवा प्राधिकार के प्रतिनिधियों ने बंदियों से संवाद कर यह सुनिश्चित किया कि उन्हें आवश्यक चिकित्सीय और कानूनी सहायता समय पर प्राप्त होती रहे। यह चिकित्सा शिविर जेल प्रशासन एवं विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त प्रयास का परिणाम है, जिसका उद्देश्य बंदियों के मानवाधिकारों की रक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्य सुधार सुनिश्चित करना है।

# राजद प्रदेश अध्यक्ष को मुखिया प्रतिनिधी ने सौंपा मांग पत्र

**28 मुखियों के साथ पहुंचे पार्टी कार्यालय पटना**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** चुनावी बिगुल बजने के बाद बिहार में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं। वैसे-वैसे अपने नेता को टिकट दिलाने के लिए शुभचिंतक व कार्यकर्ता पूरा जोर लगा दे रहे हैं। इस दौरान लगभग सभी पार्टी कार्यालयों या पार्टी प्रमुखों की आवास सियासी अखाड़ा बनता जा रहा है। गुरुवार को दाऊदनगर प्रखंड के गोरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह 28 मुखिया प्रतिनिधि मंडल के साथ राजद प्रदेश कार्यालय पटना पहुंचे और प्रदेश अध्यक्ष मांगनी लाल मंडल को मांग पत्र सौंपा है। साथ ही उन्होंने मांग की है कि ओबरा से इस बार किसी मुखिया को उम्मीदवार बनाया जाए। इस दौरान नागेंद्र सिंह के समर्थन में सभी मुखिया ने एक स्वर में आवाज बुलंद की। उनकी मांग है कि नागेंद्र सिंह को ओबरा सीट से प्रत्याशी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि विधायक ऋषि कुमार ने क्षेत्र में कोई काम नहीं किया है। जनता उनसे असंतुष्ट है। अगर फिर से उम्मीदवार बनाया गया, तो पार्टी



को नुकसान होगा। मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय जनता से हम लंबे समय से जुड़े रहे है। पार्टी ओबरा से मुझे चुनाव लड़ने का अवसर दे। वर्षों से अपने क्षेत्र में जनता के सुख-दुख में साथ खड़े हैं और लोगों का सीधा भरोसा उनके साथ है। उन्होंने वर्तमान विधायक पर अनदेखी का आरोप लगाया है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित

**नारी के अंदर सप्त शक्तियां होती है मौजूद**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** सरस्वती शिशु मंदिर हुलासगंज में शुक्रवार को सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डा. सुधा कुमारी, वीणु शर्मा, कुमारी प्रियंका, शांतला कुमारी तथा स्कूल के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार, विभाग के निरीक्षक उमाशंकर पोद्दार तथा प्रोफेसर डॉ श्रीनिवास शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रो श्रीनिवास शर्मा ने सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम की प्रस्तावना में कहा कि नारी के अंदर सप्त शक्तियां मौजूद रहती हैं। उन्होंने विस्तार से बताते हुए कहा कि वे शक्तियां हैं श्री, वाक, कीर्ति, स्मृति, मेधा, धृति व क्षमा. श्रीमद् भागवत गीता के 10वें अध्याय के 34वें श्लोक में इसका वर्णन है। प्राचार्य



द्वारा परिवार प्रबोधन पर मार्गदर्शन किया गया। आज के माहौल में भारत जैसे देश में परिवारों की जो स्थितियां बन रही है और जो होनी चाहिए उस पर अपनी बातों को रखी। उन्होंने बताया कि पश्चिमीकरण से भारतीय परिवारों को बचाने के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए और उसमें हमारा क्या योगदान होना चाहिए? हमारी क्या भूमिका होनी चाहिए? किस प्रकार हम अपने परिवार को और अपने समाज को पश्चिम के आंधी से बचा सकते हैं, इस पर मार्गदर्शन दिया।वक्ताओं द्वारा भारत के विकास में महिलाओं के योगदान पर चर्चा की गयी। सुधा कुमारी ने कहा कि हर रिश्ते से नौ महीने ज्यादा रिश्ता मां का होता है। स्त्री पीहर और ससुराल दोनों घरों को मर्यादा में रहकर संभालती हैं। स्त्री में भक्ति सिर्फ ईश्वर के प्रति ही नहीं होती, बल्कि रिश्तों और मानवीयता के प्रति भी रहती है। उन्होंने कहा कि स्त्री की मेघा शक्ति पुरुष से अधिक होती है। वह घर के साथ-साथ अन्य जिम्मेदारियां भी सुगमता पूर्वक निर्वहन कर सकती है। इस दौरान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

# दिवाली की तैयारी में परिवार सहित जुटे कुम्हार

**घरों को रोशन करने चाक की रफ्तार हुई तेज**

**रजौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

प्रखंड क्षेत्र में दीपों का पर्व दीपावली को महज कुछ ही गिनती के दिन बचा है।दीपावली पर धन लक्ष्मी को प्रसन्न करने मिट्टी के दीपक बनाने वाले कुम्हारों का चाक तेजी से चलने लगा है।उन्हें अच्छी ग्राहकी की उम्मीद है,जिससे उनकी रोजी-रोटी बेहतर ढंग से चल सकेगी। कुम्हारों का पूरा परिवार मिट्टी के दीपक बनाने में लगा है। नगर पंचायत क्षेत्र के कुम्हारटोली में स्थित कुम्हारों के चार-पांच घरों में मिट्टी का सामान तैयार किया जा रहा है। कुम्हार अनिल पंडित,सुरेन्द्र पंडित,विजय पंडित आदि ने बताया कि मिट्टी के दीपक बनाने में मेहनत लगती है। रोज 100 से 200 दीपक बना रहे हैं। साथ ही बताया कि मिट्टी के बर्तन व दीए की खरीदारी में हर साल कमी से कुम्हार चिंतित हैं।इसके बाद भी कुम्हारों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में मिट्टी के बर्तनों की मांग बढ़ेगी। इन कुम्हारों के घरों में मिट्टी के दीपक, मटकी आदि बनाने माता-पिता के साथ उनके बच्चे भी हाथ बंटा रहे हैं। कोई मिट्टी गूंथने में लगा है,तो किसी के हाथ चाक पर बर्तनों को आकार दे रहे हैं। मिट्टी के बर्तन व दीये की बिक्री होती है,तब कुम्हार परिवार दिवाली मनाया है। प्रखंड क्षेत्र में एक ओर कुम्हार के घरों के सभी सदस्य दिन-रात मेहनत कर एक दिन में एक सैकड़ा दीपक बना पाते हैं।वहीं दूसरी ओर बाजारों में इलेक्ट्रॉनिक्स झालरों की चमक-दमक के बीच मिट्टी के दीपक की रोशनी धीमी पड़ती जा रही है। लोग दीपक का उपयोग महज पूजन के लिए करने लगे हैं। कुम्हार अनिल पंडित का कहना है कि दीपावली व गर्मी के सीजन में मिट्टी से निर्मित बर्तनों की मांग बढ़ जाती है। बाद के दिनों में वे मजदूरी कर परिवार का पेट पालते हैं। दूर से मिट्टी लाना,महंगी लकड़ी खरीदकर दीपक पकाने में जो खर्च आता है, उसके बदले आमदनी लगातार घटती जा रही है।

# विधानसभा चुनाव को सफल बनाने को लेकर डीएम ने प्रवर्तन एजेंसियों के साथ की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** आगामी विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, रोहतास की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में सभी प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक की गई जिसमें बताया गया कि निर्वाचन व्यय के सफल अनुश्रवण हेतु सभी प्रवर्तन एजेंसियों के बीच गहन समन्वय का होना अतिआवश्यक है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रलोभन देने हेतु उनके बीच नगद, शराब, मादक पदार्थ बहुमूल्य वस्तु उपहार अथवा रिश्वत आदि के रूप में वितरित किया जाता है। ऐसी स्थिति में इलीगल कैश, इलिसीट लिक्विर, ड्रग्स, नारकोटिक्स, फ्रीबीज आदि के अवैध परिचालन एवं वितरण पर कड़ी नजर रखने हेतु सभी प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय होना आवश्यक है। जिला स्तरीय प्रवर्तन एजेंसियों को यह भी बताया गया कि उपर्युक्त गतिविधियों पर नजर रखने हेतु जिला अन्तर्गत 22 एसएसटी एवं 22 एफएसटी का गठन किया गया है जिनके द्वारा 24X7 जांच कार्य किया जायेगा जिनके साथ समन्वय स्थापित करना आवश्यक है। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी, रोहतास द्वारा यह भी बताया गया कि मद्य निषेध, पुलिस विभाग एवं अन्य विभाग के पदाधिकारियों को सम्मिलित करते हुए मल्टी एजेंसी चेक पोस्ट बनाया गया है जो 24X7 कार्यशील है। बैंक के नोडल पदाधिकारी (एलडीएम) को निदेश दिया गया कि अपने स्तर से सभी बैंकों को निदेशित करें कि चुनाव के दौरान यदि किसी बैंक खाता से छोटी-छोटी मात्रा में बड़ी संख्या में ऑनलाइन माध्यम से राशि का संदेहास्पद अंतरण हो रहा है तो इसकी सूचना शीघ्र जिला निर्वाचन पदाधिकारी को दी जाय। पोस्टल विभाग के नोडल पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि पार्सल के स्कैनिंग एवं चेकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। आय कर विभाग के जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी को अनडिसक्लोज्ड कैश के मूवमेंट पर नजर रखने हेतु निदेशित किया गया। सीजीएसटी एवं एसजीएसटी के नोडल पदाधिकारियों को फ्रीबीज (साड़ी, धोती, टी शर्ट आदि) की मूवमेंट पर नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि जांच के दौरान कोर्टयस / डिसेंट व्यवहार रखना है तथा आयोग द्वारा निर्गत शौप का पालन करते हुये यह ख्याल रखना है कि किसी भद्र नागरिक को कोई असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। सभी एजेंसियों के जिला नोडल पदाधिकारी का निदेशित किया गया कि ई एसएमएस (इलेक्शन सेजूर मैनेजमेंट सिस्टम) ऑनबोर्डिंग होना सुनिश्चित करेंगे और ई एसएमएस के माध्यम से ही डेली सेजूर की रिपोटिंग सुनिश्चित करेंगे।

# डीडीयू मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छ आहार दिवस और अमृत संवाद कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डीडीयू मंडल ने आज 'स्वच्छ आहार दिवस' का दूसरा चरण आयोजित किया। इस अवसर पर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्थित पैंट्री कारों, किचनों और खानपान इकाइयों में निरीक्षण एवं सफाई अभियान चलाया गया। टीमों द्वारा बर्तनों की सफाई विधि, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, स्टोर क्षेत्र की स्वच्छता और अपशिष्ट निस्तारण प्रणाली की जांच की गई। स्टाफ के व्यक्तिगत स्वच्छता, चिकित्सा फिटनेस और कार्यस्थल की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। स्मार्ट बिन (कम्पैक्टर) जैसी तकनीकों के उपयोग को प्रोत्साहित किया गया ताकि अपशिष्ट प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। यात्रियों से खानपान सेवाओं की स्वच्छता और गुणवत्ता पर फीडबैक भी लिया गया जिसे सेवा सुधार की दिशा में उपयोग किया जाएगा। साथ ही डीडीयू मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर आज भी 'अमृत संवाद' कार्यक्रम सक्रिय रूप से जारी रहा। इस संवाद के माध्यम से यात्रियों से प्रत्यक्ष बातचीत कर उनकी यात्रा अनुभवों, खानपान सेवाओं, स्वच्छता सुझावों और अपेक्षाओं को समझा गया। डीडीयू मंडल ने आज के समवर्ती प्रयासों के माध्यम से स्वच्छता, जन सहभागिता और सेवा गुणवत्ता को सशक्त किया है। मंडल आगामी दिनों में भी स्वच्छता पखवाड़ा के कार्यक्रमों को सक्रिय रूप से जारी रखेगा।

# विधानसभा चुनाव के सफल संपादन हेतु गठित कोषांगों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी कैमूर के द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव के सफल संपादन हेतु गठित कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी के द्वारा बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर सभी स्तरों पर पहले से ही बेहतर तैयारी पूर्ण करने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

विभिन्न कोषांगों द्वारा किये जा रहे अद्यतन कार्यों की जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा गहन समीक्षा किया गया। संबंधित कोषांग के नोडल पदाधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नोडल पदाधिकारी कार्मिक कल्याण को डिस्पैच सेंटर एवं रिसीविंग सेंटर पर सभी आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया गया। नोडल पदाधिकारी व्यय कोरांव को एस एस टी चेक पोस्टों पर लगातार गहन तलाशी करने का निर्देश दिया गया। वाहनों के चेकिंग में तेजी लाने का निर्देश संबंधित नोडल पदाधिकारी को दिया गया। नोडल पदाधिकारी इवीएम कोषांग को फर्स्ट रेंडमाइजेशन की सभी तैयारी ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया। नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण को मोबाइल रखने की व्यवस्था बूथ पर की जाएगी। इसकी ट्रेनिंग देना, प्रपत्र 17सी पर्याप्त संख्या में पीओ को उपलब्ध कराना, द्वितीय प्रशिक्षण में मॉडल बूथ बनाकर प्रशिक्षण देने का निर्देश हुआ।

आचार संहिता को 72 घंटे पूरे हो चुके हैं सभी निर्वाची पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी सारे पोस्टर बैनर हट गए हैं यह सुनिश्चित कर लेंगे। नोडल पदाधिकारी स्विप कोषांग को मतदाता जागरूकता के संबंध में स्वीप एक्टिविटी बढ़ाने का निर्देश दिया गया। पोस्टल बैलेट, मतदान केन्द्र, निर्वाचन व्यय अनुश्रवण, सामाग्री कोषांग, परिवहन कोषांग, विधि-व्यवस्था, कम्युनिकेशन प्लान, आईटी एप्लीकेशन, वेबकास्टिंग आदि से संबंधित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यों को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने हेतु सभी कार्रवाई को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

# वंदे भारत एक्सप्रेस का 160 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से हुआ सफल ट्रायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल के ग्रैंड कॉर्ड लाइन पर डीडीयू - धनबाद मंडल अंतर्गत गया-सरमाटांड़ स्टेशनों के बीच आज बंदे भारत एक्सप्रेस का 160 किलोमीटर प्रतिघंटा के स्पीड का ट्रायल सफल रहा। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक एवं प्रधान मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता हाजीपुर के मार्गदर्शन तथा डीडीयू धनबाद मंडल के डीआरएम के सहयोग से गया जंक्शन होकर से प्रधानखंता तक 160 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से ट्रेनों का परिचालन करने के लिए रेलवे लगातार काम कर रहा है। दिल्ली हावड़ा के बीच 130 की स्पीड को बढ़ाते हुए 160 किलोमीटर से ट्रेनों का परिचालन करने की योजना पर काम की जा रही है। इसी के तहत फिलहाल धनबाद रेल मंडल के सरमा टांड़ स्टेशन से गया जंक्शन तक चीफ कम्युनिकेशन इंजीनियर अजीत कुमार एवं उप मुख्य अभियंता संकेत एवं दूरसंचार टेलिकॉम (कवच) राजेश कुमार कुशवाहा के सफल नेतृत्व में तकरीबन 88 किलोमीटर की दूरी में 160 किलोमीटर प्रति घंटे के स्पीड से ट्रेनों का सफल परिचालन किया गया। वंदे भारत एक्सप्रेस का एमटी रैक के सहारे सफल ट्रायल से पहले भी पिछले एक सप्ताह से सामान्य रूप से ट्रायल किया गया था। यह ट्रायल 5 से 10 अक्टूबर के बीच विभिन्न स्तरों पर 160 किलोमीटर स्पीड का विशेष ट्रायल किया जा रहा था जिसका आज फाइनल रुप दिया गया। विशेष एमटी ट्रायल के तहत 2 दिन का एकल इंजन से ट्रायल किया गया है। एक दिन का ट्रायल 10 एचएलबी कोच की एमटी रेक से और एक दिन वंदे भारत एक्सप्रेस के एमटी से ट्रायल किया गया जो सफल रहा। रेल सूत्रों ने बताया कि चीफ कम्युनिकेशन इंजीनियर अजीत कुमार एवं डीडीयू रेल मंडल के सीनियर डीएसटीई रहे राजेश कुमार कुशवाहा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेलमंत्री की विशेष रुचि वाले महत्वपूर्ण रेल योजना 'कवच' को पूर्व मध्य रेलवे में संभालने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। यूरोपीय देश इटली की टीम भी इस कार्य की गहन निरीक्षण किया और संतुष्ट दिखीं थी। आज बहुत ही तेजी के साथ जोनल स्तर पर कार्य प्रगति में है। इस कार्य में डीडीयू मंडल के सीनियर डीओएम केशव आनंद एवं धनबाद मंडल के सीनियर डीओएम अंजय तिवारी का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा जबकि दानापुर मंडल के सीनियर डीओएम सुधांशु रंजन ने भी वंदे मातरम एक्सप्रेस का रेक उपलब्ध करा सहयोग दिया। डीडीयू मंडल तथा धनबाद मंडल के दोनों सीनियर डीओएम सहित कवच से जुड़े पूरी टीम भी आज की सफल ट्रायल में मौजूद थी।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी प्रखंडों में रंगोली कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, रोहतास के निर्देश पर जिले में स्वीप गतिविधियां संचालित है। रोहतास जिला के सभी प्रखण्डों में शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके परिपेक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही रोहतास जिले के शुभंकर लिट्टी बाबू से लोग काफी प्रेरित हो रहे है जिसके अन्तर्गत प्रत्येक प्रखण्ड के विद्यालयों में विभिन्न प्रकार की रंगोली कलाकृतियों का आयोजन किया गया जिनमें मेरा वोट मेरा भविष्य, जागरूक मतदाता लोकतंत्र का भाग्यविधाता, पहले मतदान फिर जलपान, आपका मत आपकी ताकत इस प्रकार की कई गतिविधियों के माध्यम मत देने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही महिला मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ताकि रोहतास जिला अन्तर्गत महिला मतदाताओं की भागीदारी अत्यधिक हो। ज्ञातव्य हो कि जिला प्रशासन, रोहतास मतदाता जागरूकता अभियान के लिए कमर कस चुका है तथा प्रत्येक दिन अलग-अलग माध्यमों से स्वीप गतिविधियां की जा रही है ताकि शत-प्रतिशत मतदान कराया जा सके।

# कला के माध्यम से चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** स्वीप कोषांग के अंतर्गत श्री शंकर उच्च विद्यालय +2 तकिया, सासाराम में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें जिला प्रशासन के पदाधिकारी समेत विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों ने भाग लिया। बच्चों के द्वारा मस्कट लिट्टी बाबू का रंगोली बनाया गया एवं रंगोली के द्वारा मतदान के प्रति जागरूकता दिखाया गया। पदाधिकारियों के द्वारा बातचीत के दौरान मतदान के महत्व को बताया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा वोटर अपना मतदान दें सके और सभी वोटर ज्यादा से ज्यादा लोकतंत्र के इस महाकुंभ में भाग ले सके और अंत में पदाधिकारी द्वारा सभी स्कूली शिक्षकों एवं बच्चों के साथ मतदाता जागरूकता शपथ दिलाया गया।

# रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** जिला पदाधिकारी रोहतास तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी रोहतास के निर्देशानुसार स्थानीय पीएम श्री मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें कक्षा 5 6 7 8 की छात्र-छात्राओं में भाग लिया तथा अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से लोगों को आकर्षित करने का कार्य किया। रंगोली प्रतियोगिता का कमान विद्यालय की शिक्षिका चंचल द्विवेदी, मोनू गुप्ता, नसरीन, आयुषी गौतम ने संभाल रखी थी। कार्यक्रम प्रधानाध्यापक संजय कुमार के नेतृत्व में कराई गई। छात्रों ने वोट फॉर बिहार के लिए रंगोली बनाई। वहीं बच्चियों ने आपका वोट मेरा भविष्य के माध्यम से संदेश देने का कार्य किया। आज की इस प्रतियोगिता में कक्षा 7 की छात्रा लक्ष्मी कुमारी, प्रिया कुमारी तथा कक्षा आठ की छात्र सिमरन कुमारी, वर्षा कुमारी, रानी कुमारी, स्वीटी कुमारी ने तथा कक्षा 5 की छात्रा सृष्टि कुमारी, खुशबू कुमारी समूह ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं बालक वर्ग में अंश कुमार, धीरज कुमार, अभिषेक कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक प्रेमचंद प्रसाद, सतीश कुमार, नरेश प्रसाद मौजूद थे।

# वर्ल्ड मेन्टल हेल्थ डे पर निकाली गई प्रभातफेरी




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी।** संवेदना न्युरोसायकियेट्रिक रिसर्च प्रा लि द्वारा वर्ल्ड मेन्टल हेल्थ डे के अवसर पर आज सुबह मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ उदय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में एक सामाजिक जागरूकता अभियान प्रभातफेरी निकाली गई जो शहर में भ्रमण किया। मौके पर उपस्थित महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रागिनी सिंह, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर यूके सिन्हा, आरबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक, देश के चर्चित फुटबॉलर नौशाद उर्फ गुड्डू समेत अन्य लोगों ने हरी झंडी दिखाकर प्रभातफेरी को रवाना किया। इसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी, गुरुकुल स्कूल व मध्य विद्यालय शिवगंज के छात्र-छात्राएं व शिक्षक तथा अभिनव कला संगम के पूरी टीम संस्था के बैनर के साथ प्रभात फेरी में शामिल हुआ।

# बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पीठासीन एवं प्रथम मतदान पदाधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भभुआ।** प्रशिक्षण कोषांग एवं इवीएम कोषांग के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षण पा रहे सभी पीठासीन पदाधिकारी एवं प्रथम मतदान पदाधिकारी का शाहिद संजय सिंह महिला कॉलेज भभुआ में इवीएम मॉक ड्रिल कराकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत कम से कम 100-100 वोट डालकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चुनाव आयोग की इस पहल से सभी प्रशिक्षणार्थी संतुष्ट है एवं इसकी सराहणा की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण कोषांग का आज निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया गया एवं सभी प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण सही ढंग से तत्परता के साथ लेने का निदेश दिया गया।

# रौशन, पीयूष व परी शर्मा को मिला पहला स्थान

## जहानाबाद हाई स्कूल में हुआ विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कुदरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जहानाबाद हाई स्कूल में प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ जिसमें प्रखंड के सभी मध्य विद्यालय व माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्रों में भाग लिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों के गणमान्य लोगों ने पुरस्कार का वितरण किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रथम शिक्षा पदाधिकारी मुकेश मणि ने तथा संचालन राजेश कुमार श्रीवास्तव ने किया। विभिन्न विद्यालयों से आए छात्रों ने विज्ञान से संबंधित प्रदर्शों का प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रदर्शनी वर्ग छह से आठ में मध्य विद्यालय जहानाबाद के छात्र रोशन कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि वर्ग नौ से दस में उच्च माध्यमिक विद्यालय भदौला के छात्र पीयूष कुमार को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ जबकि क्विज प्रतियोगिता में छह से आठ वर्ग में उत्क्रमित मध्य विद्यालय घटाव की छात्रा परी शर्मा को प्रथम, मध्य विद्यालय केवड़ी की छात्रा डोली कुमारी को द्वितीय व मध्य विद्यालय भदौला के छात्र अभिषेक कुमार को तृतीय स्थान मिला। वर्ग नौ से दस में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय भदौला के छात्र सूरज कुमार को प्रथम, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय हरदासपुर के छात्र अनीष कुमार को द्वितीय तथा प्लस टू उच्च विद्यालय सिसवर के छात्र आशीष कुमार शर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में लेखापाल राकेश कुमार, ब्रजेश कुमार व संयुक्ता सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# पीरो के गांधी राम एकबाल वरसी की 9वीं पुण्य तिथि मनायी गयी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दिनारा (रोहतास)।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित गैर दलीय संगठन लोक समिति के तत्वावधान में दिनारा प्रखंड के करंज गांव में, स्वतंत्रता सेनानी, पीरो गांधी एवं पूर्व विधायक स्व. राम एकबाल वरसी की 9 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता लोक समिति शाहाबाद प्रक्षेत्र के अध्यक्ष एवं गांधीवादी किसान नेता सुरेश प्रसाद तथा संचालन लोक समिति दिनारा प्रखंड के अध्यक्ष विकास शर्मा ने की। श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत समाजवादी नेता स्व.राम एकबाल वरसी स्व.प्रो.सोमनाथ त्रिपाठी(वाराणसी) एवं मजदूर नेता स्व. विश्वनाथ बागी( धनबाद)के तैलचित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्पाजंली अर्पित कर किया गया।

**AFFIDAVIT**

I, Seema Devi, W/o- Banti Kumar, permanent residing at Sri Krishna Vihar Colony, Road No. B3, Post-Ps Beur, Dist.- Patna, Bihar-800002 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That, my name is SEEMA DEVI according to my Aadhar Card bearing Aadhar no-3079 4096 1676 and all documents but in my My husband FSD my name is mentioned as SEMA DEVI.
2. That, my correct name is SEEMA DEVI according to my Aadhar card and all document.
3. That I SEEMA DEVI and SEMA DEVI both are same and one person.
4. That, my correct Date of Birth is 02.02.1978 according to my Aadhar card and Pan Card.
5. That My Date of Birth mentioned in MY husband FSD as 11.05.1984 is incorrect, Hence this affidavit.
6. That I am self-responsible for this Affidavit.
7. That the contents of this Affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief.
Affidavit No.861 date 11.9.25
Deponent
Seema Devi

**AFFIDAVIT**

I, Purushottam Kumar, S/o- Banti Kumar, permanent residing at Sri Krishna Vihar Colony, Road No. B3, Post+Ps-Beur, Dist.- Patna, Bihar-800002 do hereby solemnly affirm and declare as follows: -
1. That, my name is PURUSHOTTAM KUMAR according to my Aadhar Card bearing Aadhar no 8653 2128 0020 and all documents but in my My Father FSD my name is mentioned as PURUSHOTAM KUMAR.
2. That, my correct name is PURUSHOTTAM KUMAR according to my Aadhar card and all document.
3. That I PURUSHOTTAM KUMAR and PURUSHOTAM KUMAR both are same and one person.
4. That, my correct Date of Birth is 23.10.2001 according to my Aadhar card and Pan Card.
5. That My Date of Birth mentioned in MY Father FSD as 03.12.2001 is incorrect, Hence this affidavit.
6. That I am self-responsible for this Affidavit.
7. That the contents of this Affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief.
Affidavit No.860 date 11.9.25
Deponent
Purushottam Kumar

# धमदाहा की जमीन पर उठती सियासी लहर : जातीय समीकरणों की बिसात पर विकास की राजनीति कितनी टिकेगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** धमदाहा विधानसभा का नाम इन दिनों पूर्णिया के राजनीतिक नक्शे पर सबसे चर्चित है। वजह भी खास है — जदयू के पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा अब जदयू का दामन छोड़ राजद में शामिल हो चुके हैं, और अब वे धमदाहा से चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी में हैं। यह वही सीट है, जहां से मंत्री लेसी सिंह ने वर्षों से अपनी मजबूत पकड़ और विकास कार्यों के बूते पर अपराजेय छवि कायम कर रखी है। लेकिन इस बार समीकरण बदले-बदले से हैं और सियासी हवा का रुख अनिश्चित दिख रहा है।





**जातीय गणित की नई करवट**

धमदाहा विधानसभा क्षेत्र में कुशवाहा समाज की निर्णायक उपस्थिति रही है। ऐसे में संतोष कुशवाहा का राजद में आना और धमदाहा से संभावित उम्मीदवार के रूप में उभरना, राजनीतिक संतुलन को पूरी तरह झकझोर सकता है। अगर कुशवाहा समाज एकजुट हुआ, तो यह राजद के लिए नई जान फूंकने वाला कदम साबित होगा।

वहीं, लेसी सिंह जो फॉरवर्ड समाज से आती हैं, उनके लिए यह लड़ाई अब सिर्फ विकास बनाम विरोध की नहीं बल्कि सामाजिक समीकरणों की परीक्षा बन सकती है। बिहार की राजनीति में 'बैकवर्ड बनाम फॉरवर्ड' का स्वर हमेशा निर्णायक रहा है, और इस बार धमदाहा उस टकराव का केंद्र बिंदु बनता दिख रहा है।

**जन सुराज – तीसरी ताकत या खेल बिगाड़ने वाला तत्व**

राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि जन सुराज पार्टी भी धमदाहा में अपनी किस्मत आजमा सकती है। यदि यह पार्टी किसी फॉरवर्ड समाज के उम्मीदवार को उतारती है, तो लेसी सिंह के वोट बैंक में सेंध लग सकती है। वहीं यदि प्रत्याशी बैकवर्ड वर्ग से हुआ, तो संतोष कुशवाहा के समीकरणों पर असर पड़ना तय है। ऐसे में जन सुराज भले ही जीत न पाए, लेकिन यह जरूर तय करेगा कि कौन हारेगा। बिहार की राजनीति में तीसरी ताकतें प्रायः यही करती हैं — खुद भले न जीतें, मगर किसी का खेल बिगाड़ देती हैं।

**विकास बनाम समाज की राजनीति**

लेसी सिंह की पहचान एक कर्मठ और प्रभावी जनप्रतिनिधि के रूप में रही है। सड़क, पुल, पेयजल योजनाओं से लेकर महिला सशक्तिकरण तक — उन्होंने धमदाहा को बदलने की दिशा दी है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या यह विकास जातीय ध्रुवीकरण की आँधी में टिक पाएगा?

बिहार की राजनीति में विकास अक्सर 'दूसरा एजेंडा' बन जाता है। चुनाव आते ही पहचानें और जातीय समीकरण पहले पायदान पर आ जाते हैं। ऐसे में मंत्री लेसी सिंह को अपने कार्यों से ज्यादा अपनी सामाजिक चुनौती से जूझना पड़ सकता है।

**धमदाहा : बिहार की राजनीति का सूक्ष्म चित्र**

धमदाहा का चुनाव अब सिर्फ एक विधानसभा की लड़ाई नहीं, बल्कि बिहार की राजनीति की दिशा तय करने वाला युद्ध बन चुका है।

एक ओर राजद अपने सामाजिक समीकरणों और संतोष कुशवाहा के जनाधार पर भरोसा करेगा, तो दूसरी ओर जदयू अपनी विकासपरक छवि और लेसी सिंह के कार्यों को जनता के सामने रखेगा।

लेकिन अंततः फैसला जनता के हाथ में है — क्या वह जातीय सीमाओं से ऊपर उठकर विकास को तवज्जो देगी, या फिर एक बार फिर 'जातीय जुगलबंदी' ही चुनाव की दिशा तय करेगी?

धमदाहा का चुनाव केवल एक सीट का फैसला नहीं करेगा, बल्कि यह भी बताएगा कि बिहार की राजनीति अब भी अतीत की जातीय छाया में कैद है या भविष्य की ओर कदम बढ़ा रही है।

# चुनाव को शांतिपूर्ण बनाने की तैयारी तेज, एसपी ने अपराध गोष्ठी में दिए सख्त निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** 10 अक्टूबर 2025 को पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिले के सभी थानाध्यक्षों एवं वरीय पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

बैठक के दौरान सभी थानों के अपराध डाटा, लंबित कांडों के निष्पादन, वारंटों की स्थिति तथा अन्य विधि-व्यवस्था संबंधी बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई।पुलिस अधीक्षक ने आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी थानाध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में किसी भी प्रकार की ढिलाई न हो। वारंट निष्पादन, मादक पदार्थों की बरामदगी एवं अवैध आग्नेयास्त्रों के खिलाफ अभियान को और तेज किया जाए।उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए तथा असामाजिक तत्वों पर निरोधात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में विधि-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के साथ ही जनसहभागिता को भी अहम बताया गया।

# स्ट्रांग रूम निर्माण में सुस्ती पर डीएम नाराज, दिए सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने जिला स्कूल परिसर स्थित बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के चिन्हित भवन में स्ट्रांग रूम निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार पर उन्होंने गहरा असंतोष जताया। डीएम ने मौके पर उपस्थित नोडल पदाधिकारी, बज्रगृह कोषांग एवं भवन प्रमंडल पूर्णिया के कार्यपालक अभियंता को स्पष्ट हिदायत दी कि तय समय सीमा के भीतर किसी भी हाल में निर्माण कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।साथ ही संबंधित विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे प्रतिदिन निर्माण कार्य की प्रगति का अनुश्रवण करें और सुनिश्चित करें कि निर्धारित समय सीमा के भीतर स्ट्रांग रूम निर्माण कार्य पूर्ण रूप से संपन्न हो।डीएम ने कहा कि निर्वाचन से जुड़ा हर कार्य प्रशासन की प्राथमिकता में है, इसलिए समयबद्धता और गुणवत्ता दोनों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

निर्वाचन तैयारी में कड़ी परीक्षा

# पूर्णिया में अधिकारियों की दक्षता पर लगी निगाह

**पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए पूर्णिया जिला प्रशासन ने तैयारी को अंतिम रूप दे दिया है। इसी प्रयास के तहत शुक्रवार को महानंदा सभागार में सभी निवार्ची पदाधिकारियों और सहायक निवार्ची पदाधिकारियों की दक्षता जांच परीक्षा आयोजित की गई।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने बताया कि यह परीक्षा सुनिश्चित करती है कि सभी अधिकारी निर्वाचन प्रक्रिया के हर चरण में पूरी सतर्कता और क्षमता के साथ तैनात हों।

चुनावी सुरक्षा के बीच बड़ी कार्रवाई

# 215 लीटर प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बनमनखी/पूर्णिया।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जिले भर में सुरक्षा अभियान को और कड़ा कर दिया है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक पुलिस की निगाहें हर चौक-चौराहे पर टिकी हैं। पूर्णिया पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चल रहे वाहन चेकिंग और अपराध नियंत्रण अभियान में गुरुवार को जानकीनगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। एसडीपीओ शैलेश प्रीतम ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छर्रापट्टी वार्ड नंबर 12, चांदपुर भंगहा पंचायत में भारी मात्रा में प्रतिबंधित कोडीन कफ सिरफ छुपाए जाने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर छापेमारी दल गठित किया।एसडीपीओ शैलेश प्रीतम के नेतृत्व में विवेक कुमार, अर्चना कुमारी, अनुष्का रानी, पिंटू कुमार, अमर कुमार यादव, रमेश कुमार, इन्दल कुमार सहित जानकीनगर और रूपेश्वरी-चकमका ओपी की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। छापेमारी के दौरान पुलिस ने देखा कि दो व्यक्ति ऑल्टो कार से कोडीन कफ सिरफ उतारकर छुपा रहे थे। पुलिस को देख एक तस्कर फरार हो गया, जबकि दूसरा रंगे हाथ गिरफ्तार हुआ।




प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट राजस्व अधिकारी बालकृष्ण भारद्वाज की उपस्थिति में तलाशी के दौरान छुपाए गए 10 बोरे से कुल 2,158 पीस (215.8 लीटर) कोडीन कफ सिरफ बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई गई है। इसके अलावा आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान दिलीप कुमार यादव, उम्र 58 वर्ष, वार्ड नंबर-12, छर्रापट्टी, थाना-जानकीनगर के रूप में हुई। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि अल्टो कार से भागने वाला युवक उसका पुत्र चेतन यादव उर्फ मोनू यादव है।

जानकीनगर थाना में कांड सं. 319/25 दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है, जबकि फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## 301246 मतदाता तय करेंगे बनमनखी का भाग्य

# 379 बूथों पर लोकतंत्र का होगा महासंग्राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बनमनखी/पूर्णिया।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों ने रफ्तार पकड़ ली है। चुनाव आयोग के निर्देश पर विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची से हजारों फर्जी नाम हटाए गए हैं, वहीं नए योग्य मतदाताओं को जोड़ा गया है।

इस बार बनमनखी विधानसभा क्षेत्र संख्या 59 में कुल 3,01,246 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेंगे।निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए विधानसभा क्षेत्र में कुल 379 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें बनमनखी प्रखंड में 281 और बड़हरा कोठी प्रखंड में 98 बूथ शामिल हैं।

महिलाओं और विशेष वर्ग के मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने इस बार विशेष पहल की है। गोरेलाल मेहता महाविद्यालय बनमनखी में तीन पिंक बूथ (संख्या 154, 155, 156), ठाकुर उच्च विद्यालय खूंट जानकीनगर में दो पिंक बूथ (संख्या 194, 195) बनाए गए हैं। वहीं, पन्नालाल वैध कन्या मध्य विद्यालय बनमनखी में एक मॉडल बूथ (संख्या 151), मातूराम विद्यालय में पीडब्ल्यूडी बूथ (संख्या 158) तथा मध्य विद्यालय हृदयनगर उत्तर में यूथ बूथ (संख्या 146) स्थापित किए गए हैं।आंकड़ों के अनुसार, मतदाताओं में 1.54% 18-19 वर्ष के युवा, 21.85% 20-29 वर्ष के, 29.47% 30-39 वर्ष के, 22.45% 40-49 वर्ष के, तथा 13.17% 50-59 वर्ष के मतदाता शामिल हैं। वहीं वरिष्ठ नागरिकों की संख्या भी उल्लेखनीय है — 7.46% 60-69 वर्ष के, 3.11% 70-79 वर्ष के, 0.83% 80-89 वर्ष के, और कुछ शतायु मतदाता भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

कुल मतदाताओं में 1,57,383 पुरुष, 1,43,856 महिला और 7 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। प्रशासन ने बताया कि विकलांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है — जो मतदाता स्वयं बूथ तक नहीं पहुंच सकते, उनके घर जाकर मतदान कराया जाएगा।

निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि बनमनखी विधानसभा में 36 सेक्टर बनाए गए हैं, जिनमें 35 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इनमें बड़हरा कोठी प्रखंड के 11 पंचायतों के 11 सेक्टर और बनमनखी प्रखंड के 25 सेक्टर शामिल हैं।

उन्होंने कहा — ह्लचुनाव लोकतंत्र का पर्व है, और प्रशासन हर बूथ पर निष्पक्ष, भयमुक्त और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करनेके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# सदर विधायक विजय खेमका ने शोक संतप्त परिवारों से की मुलाकात, व्यक्त की गहरी संवेदना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** सदर विधायक विजय खेमका पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र के ईस्ट ब्लॉक अंतर्गत भोगा भटगामा पहुंचे, जहां उन्होंने लक्ष्मी प्रसाद पोद्दार एवं राम किशन पोद्दार के आकस्मिक निधन पर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक ने कहा कि किसी अपने को खोने का दर्द शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता, लेकिन दुख की इस घड़ी में पूरा समाज आपके साथ खड़ा है।

उन्होंने भोगा भटगामा में मंटू मिस्त्री की पूज्य माता के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वे गुलाबबाग हांसदा पहुंचे, जहां नारद नारायण राय की स्वर्गीय धर्मपत्नी के निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



विधायक खेमका के साथ इस अवसर पर विजय मांझी, मंगल पोद्दार, मनोज गोस्वामी, महेश चौहान, अवनीश पोद्दार, अशोक पोद्दार तथा वेणु दा सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि परिवार को इस गहन शोक की घड़ी में धैर्य और शक्ति मिले — यही ईश्वर से उनकी प्रार्थना है।

# चुनावी माहौल में अर्द्धसैनिक बलों की शुरू हुई तैनाती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को लेकर पूर्णिया जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां अब चरम पर पहुंच चुकी हैं। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अर्द्धसैनिक बलों (CAPF) की कंपनियों का आगमन जिले में प्रारंभ हो गया है। इसी क्रम में गुरुवार को धमदाहा पहुंची सीएपीएफ कंपनी का स्वागत स्थानीय प्रशासन द्वारा बेहद गरिमामय ढंग से किया गया। निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी एवं वरीय अधिकारियों ने कंपनी के अधिकारियों को गुलदस्ता भेंट कर और फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। वहीं, ग्रामीण महिलाओं एवं छात्राओं ने पारंपरिक तरीके से तिलक-चंदन लगाकर और आरती उतारकर जवानों का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर मौजूद अधिकारियों ने कहा कि अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती से क्षेत्र में आम मतदाताओं का विश्वास और सुरक्षा की भावना और मजबूत होगी। धमदाहा की धरती ने एक बार फिर स्वागत की ऐसी मिसाल पेश की, जो लोकतंत्र की सशक्त परंपरा को और अधिक गौरवान्वित करती है।

# बैरगाछी में विवाहिता की रहस्यमय मौत, मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**केनगर/पूर्णिया।** केनगर थाना क्षेत्र के गणेशपुर पंचायत के वार्ड संख्या-1 के बैरगाछी गाँव में गुरुवार की रात एक विवाहिता की संदिग्ध मौत से पूरे इलाके में खलबली मच गई। शुक्रवार की सुबह पुलिस ने घटनास्थल पर पहुँचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया। मृतका की पहचान जुली देवी (30 वर्ष) के रूप में हुई है, जो बैरगाछी निवासी सेवल पासवान की पत्नी थीं। जुली के पिता चंदेश्वरी पासवान, निवासी हाट धनहरा (गोकुलपुर पंचायत), ने अपनी पुत्री की मौत को हत्या बताते हुए केनगर थाना में आवेदन दिया है।



आवेदन में पिता ने दामाद सेवल पासवान सहित छह परिजनों को आरोपित किया है— जिनमें स्व. नवल पासवान की पत्नी सत्ती देवी, स्व. घोलटू पासवान का पुत्र सुरेश पासवान, दयानंद पासवान का पुत्र फूलो पासवान, मंजित पासवान की पत्नी पुतुल देवी और पप्पू पासवान की पत्नी भुदनी देवी शामिल हैं। चंदेश्वरी पासवान का कहना है कि उनकी पुत्री को लंबे समय से दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था और अंततः ससुराल वालों ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। पिता ने बताया— 'गुरुवार देर रात मेरा नाती शनि कुमार ने फोन कर बताया कि मां की मौत हो गई है। जब मैं तुरंत पहुँचा तो बेटी का शव कमरे में पड़ा मिला, शरीर पर संघर्ष के निशान भी थे।'

घटना के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि ह्लमृतका के पिता के आवेदन पर छह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। सभी आरोपित घर छोड़कर फरार हैं, जिनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है।ह्लपुलिस सूत्रों ने यह भी बताया कि प्रारंभिक जांच में मृतका के गले पर फंदे का निशान पाया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि मामला आत्महत्या का है या सुनियोजित हत्या का।

# हर वोट, हर भागीदारी, लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अंशुल कुमार के निदेशानुसार स्वीप कोषांग की ओर से मतदाता जागरूकता की दिशा में लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिले के सभी प्रखंडों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका और आंगनबाड़ी सेविकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। पोषण माह के साथ जोड़कर आयोजित इस अभियान में महिलाओं और दिव्यांग (ढहऊ) मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया गया।

स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती हर मतदाता की भागीदारी पर टिकी है। ह्लहर वोट, हर भागीदारी, हर आवाज — लोकतंत्र की नींव को मजबूत बनाती हैह्व इस संदेश को केंद्र में रखकर लोगों को प्रेरित किया गया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।दिव्यांग मतदाताओं के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी संबंधित मतदान केंद्रों पर रैंप और व्हीलचेयर जैसी सुविधाएँ सुनिश्चित की गई हैं ताकि उन्हें मतदान में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।अधिकारियों ने अपील की कि प्रत्येक परिवार यह सुनिश्चित करे कि यदि परिवार में कोई दिव्यांग मतदाता हो, तो उन्हें मतदान केंद्र तक अवश्य लेकर जाएं और मतदान कराएं।

# चुनावी प्रचार पर अब सख्त निगरानी, मीडिया को मिली निष्पक्षता की सीख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर अब प्रचार के हर शब्द और हर दृश्य पर पैनी निगाह रखी जाएगी। जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को महानंदा सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता सिलिंग ने की। प्रशिक्षण का संचालन नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं एमसीएमसी समिति द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति (एमसीएमसी) का गठन इसी उद्देश्य से किया गया है कि किसी भी माध्यम से प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापन न तो भ्रामक हों और न ही आचार संहिता की मर्यादा को लांघें। समिति यह सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक प्रचार सामग्री सच्चाई, निष्पक्षता और मर्यादा की सीमा में रहे।

प्रशिक्षण में बताया गया कि अब किसी भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी द्वारा दूरदर्शन, रेडियो, केबल नेटवर्क, सिनेमा या सोशल माध्यमों पर कोई भी प्रचार सामग्री प्रसारित करने से पहले एमसीएमसी से अनुमोदन लेना अनिवार्य होगा। बिना स्वीकृति के प्रसारित विज्ञापन को आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। यही नियम फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, एक्स और व्हाट्सएप जैसे माध्यमों पर भुगतान आधारित सामग्री पर भी लागू होगा। कार्यक्रम में भुगतान कराई गई खबर (पेड न्यूज) की पहचान और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बताया गया कि यदि किसी समाचार पत्र, चैनल या पोर्टल पर किसी प्रत्याशी या दल के पक्ष में प्रचार जैसी खबर प्रकाशित होती है, तो एमसीएमसी उसे पेड न्यूज घोषित कर सकती है। ऐसी स्थिति में संबंधित राशि प्रत्याशी के चुनावी खर्च में जोड़ी जाएगी।

अधिकारियों ने कहा कि राजनीतिक दल अपने प्रचार सामग्री की प्रति और निर्धारित प्रपत्र समय से जमा करें, ताकि अंतिम समय में कोई परेशानी न हो। किसी भी विज्ञापन में जाति, धर्म, समुदाय, भाषा या क्षेत्र के प्रति भेदभाव या नफरत फैलाने वाली बातें नहीं होनी चाहिए। राष्ट्रध्वज, सेना या संविधान के प्रतीकों का अनुचित प्रयोग भी वर्जित रहेगा। निर्वाचन अवधि के दौरान समिति जिले के मीडिया निगरानी कक्ष से अखबारों, चैनलों और सामाजिक माध्यमों पर चौकस नजर रखेगी। किसी भी संदिग्ध सामग्री की प्रति या चित्र संजोकर जांच की जाएगी। यदि कोई समाचार पेड न्यूज के रूप में चिन्हित होता है, तो संबंधित प्रत्याशी को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा, और असंतोषजनक जवाब की स्थिति में मामला राज्य निर्वाचन पदाधिकारी को भेजा जाएगा। अंत में यह भी कहा गया कि राजनीतिक दल अपने मीडिया प्रभारी को प्रमाणन प्रक्रिया की पूरी जानकारी दें। आयोग का यह प्रयास लोकतंत्र की जड़ों को और सुदृढ़ करने तथा जनमत को शुद्ध और निष्पक्ष बनाए रखने की दिशा में एक अहम पहल है।

# लोकतंत्र की मजबूती का आधार है वोट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** चुनाव के मद्देनजर स्वीप के तहत जिले के सभी प्रखंडों, कस्बों एवं अनुमंडल मुख्यालयों में रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के मार्गदर्शन में अयोजित किया गया। आगामी विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना, मतदाताओं विशेषकर महिला एवं युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने सृजनात्मक कार्यों के माध्यम से मतदान अवश्य करें, मेरा वोट मेरा अधिकार, लोकतंत्र का पर्व– मतदान जैसे संदेशों को रंगों और डिजाइन के माध्यम से अभिव्यक्त किया। सभी प्रतिभागी रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेकर समाज के सभी वर्ग के लोगों को मतदान में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को एक संदेश देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता का एक वोट लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। अतः सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग कर सशक्त भारत निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए उन्होंने आगे कि स्वीप कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के महत्व से जोड़ना तथा निर्भीक और निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित करना है। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी कोटि के विद्यालय महाविद्यालय एवं प्रखंड मुख्यालयों में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## न्यायालय की अवमानना मामले में शो-कॉज व वेतन बंद

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश प्रसाद ने गोह थाना की एक कांड में सुनवाई की है। न्यायधीश ने राजकीय अस्पताल गोह के चिकित्सा पदाधिकारी, कस्टोडियन, रिकार्ड कीपर को शॉकोज करते हुए अगले आदेश तक वेतन बंद करने का आदेश दिया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि न्यायालय ने यह भी आदेश दिया है कि सदेह उपस्थित होकर 01 नवम्बर 25 को अपना स्पष्टीकरण दें, अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्रवाई आरम्भ किया जाएगा। अधिवक्ता ने बताया कि यह वाद ढाई दशक पहले की है। इस वाद में जख्मी का ज़ख्म प्रतिवेदन की मांग 2001 से की जा रही है जिसके कारण सुनवाई लंबित है।

# गृहभेदन कांड के तीन अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** गृहभेदन कांड में फरार तीन शातिर चोरों को कुटुंबा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए चोरों की पहचान नबीनगर थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी गोधन मुसहर उर्फ अक्षय मुसहर, मनोज मुसहर उर्फ डिंगल मुसहर, एवं मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पवई निवासी अनिल मुसहर के रूप में की गई है। इसके पास से सोने का झुमका दो पीस, चांदी का झुमका एक पीस एवं चांदी का दो जोड़ी पायल बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम ने बताया कि 22 सितंबर 2025 को थाना क्षेत्र के एक घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। कांड की गंभीरता के आधार पर 27 सितंबर को धनंजय मुसहर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में उसने बताया उनका एक गिरोह है। ये कुटुंबा सहित कई थाना क्षेत्रों में अपने सहयोगियों के साथ चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। उन्होंने बताया कि इस गिरोह के सदस्य दिन में बोतल और कचरा चुनने का काम करते हैं। इस दौरान वे घरों पर नजर रखते और रात में ऑटो से पूरा गिरोह निकल पड़ता। गांव के किनारे सुनसान जगह पर ऑटो खड़ा कर पगडंडी से लक्षित घर तक पहुंचते, चोरी की वारदात को अंजाम देकर वापस उसी रास्ते से निकल जाते। उन्होंने बताया कि पुलिस इस गिरोह की गतिविधियों पर पहले से निगरानी कर रही थी। लगातार प्रयास के बाद आखिरकार इस गैंग के एक सक्रिय सदस्य को पकड़ने में सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के उपरांत तीनों को जेल भेज दिया गया है।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से इलेक्ट्रिशियन की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग - 19 पर रपुरा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान देव थाना क्षेत्र के केताकी गांव निवासी नागदेव बैठा के 22 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में की गई है। घटना की जानकारी देते हुए केताकी पंचायत के पूर्व मुखिया मनीष पाठक ने बताया कि राहुल इलेक्ट्रिशियन का काम करता था और उसी का सामान लेने अपनी बाइक से गांव से निकला था और डिहरी जा रहा था। इसी बीच अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राहुल तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और घर की पूरी जिम्मेवारी अपने कंधों पर ले रखा था। उसके पिता नागदेव बैठा केताकी गांव में ही ग्रामीण लॉन्ड्री चलाकर परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में लगे हुए थे। उन्होंने बताया कि राहुल की मां प्रभा देवी मेरे मुखिया काल में वार्ड सदस्य थी। राहुल की मौत के बाद परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इधर सदर अस्पताल पहुंचे प्रत्यक्षदर्शी नागेन्द्र यादव ने बताया कि वे अपने मित्र के साथ बारून जा रहा था तभी रास्ते में इन्हें तड़पते देखा तो स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया लेकिन यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# मुख्य न्यायाधीश पीबी भजंत्री करेंगे लॉयर्स हॉल व 10 क्वार्टरों का उद्घाटन

## औरंगाबाद में न्यायिक अवसंरचना को मिला नया आयाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिला मुख्यालय में न्यायपालिका के लिए एक ऐतिहासिक दिन आने वाला है। जिले में न्यायिक अवसंरचना के विकास को नई दिशा देते हुए आगामी 14 अक्टूबर को बिहार के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी. बी. भजंत्री नवनिर्मित लॉयर्स हॉल एवं 10 न्यायिक पदाधिकारियों के आवासीय क्वार्टरों का उद्घाटन करेंगे। यह उद्घाटन कार्यक्रम वर्चुअल मोड में आयोजित किया जाएगा, जिसे औरंगाबाद जिला मुख्यालय में स्थापित विशाल एलईडी स्क्रीन पर भी सीधा प्रसारण के रूप में देखा जा सकेगा। इस अवसर पर पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुधीर सिंह, न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद तथा औरंगाबाद के इंस्पेक्टिंग जज न्यायमूर्ति हरीश कुमार भी शामिल होंगे। जिला जज राजकुमार ने बताया कि लॉयर्स हॉल का निर्माण औरंगाबाद के अधिवक्ताओं की वर्षों पुरानी मांग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के पास अब तक बैठने और वाद-विवाद की तैयारी करने के लिए समुचित व्यवस्था नहीं थी। पिछले वर्ष इस भवन का शिलान्यास किया गया था और अब यह अत्याधुनिक सुविधा युक्त दो मंजिला भवन तैयार हो चुका है।ङ्क यह लॉयर्स हॉल अधिवक्ताओं के लिए एक आधुनिक, सुसज्जित परिसर के रूप में विकसित किया गया है। इसमें अधिवक्ताओं के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान, वाचनालय, मीटिंग कक्ष, वॉशरूम और डिजिटल संसाधन की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। दूसरी ओर, न्यायिक पदाधिकारियों की आवासीय समस्या के समाधान के लिए 10 नए क्वार्टरों का निर्माण कराया गया है। ये सभी क्वार्टर 4 बीएचके होंगे और इनमें आधुनिक सुविधाएं जैसे लिफ्ट, एस्केलेटर, पुस्तकालय, वेंटिलेशन सिस्टम और पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था की गई है। जिला जज ने बताया कि इन निर्माण कार्यों से औरंगाबाद के न्यायिक तंत्र को बड़ी राहत मिलेगी। न्यायिक पदाधिकारियों को अब बेहतर आवास सुविधा मिलेगी, वहीं अधिवक्ताओं को भी अपने पेशेवर कार्यों के लिए आधुनिक वातावरण मिलेगा. कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला न्यायालय परिसर में विशेष व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा, तकनीकी सहयोग, वर्चुअल स्क्रीनिंग और अतिथियों के स्वागत हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। स्थानीय अधिवक्ता संघ ने भी इस अवसर को ऐतिहासिक बताया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि यह लॉयर्स हॉल न केवल पेशेवर सुविधा देगा बल्कि अधिवक्ता समुदाय के बीच आपसी संवाद और सहयोग का केंद्र भी बनेगा।

# नाबालिग का अपहरण मामले में अभियुक्त को सश्रम कारावास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने देव थाना में दर्ज एक कांड में सज़ा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त को सज़ा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त मदनपुर थाना क्षेत्र के बुदिबिगहा निवासी प्रदीप कुमार पाल को नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में पांच साल की सजा व बीस हजार रूपये जुर्माना लगाया गया है। पॉक्सो एक्ट में तीन साल की सजा व दस हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आदेश दिया गया है कि पीड़िता को एक लाख रूपये प्रतिकर दिलाई जाए। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियुक्त को गुरुवार को नाबालिग लड़की के अपहरण में दोषी करार देने के साथ बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया। पीड़िता के पिता ने 27.09.24 को प्राथमिकी दर्ज करायी थी जिसमें बताया कि प्रतिदिन कोचिंग करने जाती थी। देर शाम तक वह वापस नहीं लौटी तो अपने स्तर से काफी खोजबीन की। इसी क्रम में पता चला कि अभियुक्त ने नाबालिग लड़की का अपहरण कर भगा ले गया है। अनुसंधान और गवाही से घटना की पुष्टि हुई थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# निर्वाचन कार्य में बनाए रखें निष्पक्षता : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के सफल आयोजन के क्रम में जिला प्रशासन द्वारा जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। औरंगाबाद जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव की सफल आयोजन हेतु विभिन्न केदों पर प्रशिक्षण का कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्रक्रिया की गुणवत्ता, प्रशिक्षण सामग्री, उपस्थित मतदान कर्मियों की संख्या का अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षण में भाग ले रहे मतदान कर्मियों से सीधे संवाद कर निर्वाचन कार्य में शत-प्रतिशत दक्षता एवं निष्पक्षता बनाए रखने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण कोषांग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मतदान कर्मी को निर्वाचन संबंधी समस्त प्रक्रियाओं जैसे ईवीएम एवं वीवीपैट के संचालन, मतदान केंद्र पर आचार संहिता के अनुपालन तथा दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए किए जाने वाले विशेष प्रबंधों एवं कार्य योजना के बारे में जानकारी दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण निर्वाचन प्रक्रिया की रीढ़ है और इसके माध्यम से ही मतदान दिवस पर सभी कर्मी अपने कर्तव्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर पाएंगे। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी रितेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि प्रथम प्रशिक्षण के बाद द्वितीय प्रशिक्षण का भी आयोजन किया जाएगा उसके लिए भी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

# बैंक खाते से उड़ाये 2.30 लाख रुपये

## बिना ओटीपी या मैसेज आये निकाली गई रकम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मोबाइल पर बिना कोई ओटीपी या एसएमएस आये गत 28 सितंबर को एक व्यक्ति के बैंक खाते से 2.30 लाख रुपये की निकासी करने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराकड़ी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार माली थाना के निवासी विद्यानंद पाण्डेय ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि उनका खाता एमजी रोड स्थित एचडीएफसी बैंक में है। उनके खाते में पहले से 59,830.64 रुपये जमा था। इसके बाद करीब 3 लाख रुपये लोन के माध्यम से उनके खाते में ट्रांसफर हुए, फिर थोड़ी ही देर बाद खाते से अनाधिकृत रूप से 2,30,000 रुपये निकाल लिए गए। यह राशि उनके खाते से सात बार में निकाली गई। 50-50 हजार की चार निकासी और 10-10 हजार की तीन बार निकासी हुई। घटना के समय उन्हें न कॉल आया, न ओटीपी। उनके मोबाइल पर जब पहली राशि की निकासी का मैसेज आया तो आनन-फानन में उन्होंने अपने बैंक से सम्पर्क साधा। वहां से उन्हें तुरंत कस्टमर केयर को फोन कर शिकायत दर्ज करने की सलाह दी गयी। विद्यानंद पाण्डेय ने कस्टमर केयर को सारी बात बताई जिसके बाद केयर वालों ने उनका डेबिट-क्रेडिट कार्ड ऑनलाइन ब्लॉक किया। इसके बाद उन्होंने नगर थाने के साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। विद्यानंद पाण्डेय ने साइबर सेल और बैंक की मदद से इस रकम की रिकवरी कराने और दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। बता दें कि कुछ दिन पहले भी डीएवी स्कूल के शिक्षकों के खाते से रुपये की निकासी की गई थी।

# निष्कासित छात्र के हमले में शिक्षक गंभीर, पटना रेफर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** विद्यालय से निष्कासित छात्र ने शिक्षक के गर्दन पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र के भखरुआं मोड़ की है। जख्मी शिक्षक की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रहने वाले सुदामा कुमार के रूप में की गई। वे उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय तरार में गणित शिक्षक के तौर पर कार्यरत है। शिक्षक ने बताया कि शुक्रवार की सुबह गया रोड ऑटो स्टैंड के पास प्रधानाध्यापक पवन कुमार का इंतजार कर रहे थे। उनकी ही बाइक से रोज स्कूल जाते हैं। इसी दौरान विद्यालय से निष्कासित नाबालिग छात्र अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और बिना कुछ कहे अचानक गर्दन पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। इस हमले में वे खून से लथपथ होकर वहीं पर गिर पड़े। इस बीच प्रधानाध्यापक मौके पर पहुंचे और उन्हें तुरंत दाउदनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। गर्दन पर 10 टांके लगे हैं। जख्मी शिक्षक ने बताया कि आरोपी छात्र का विद्यालय में आचरण अनुशासनहीन था। पिछले वर्ष उसने छात्रा के साथ छेड़खानी किया था। उसे अनुशासनहीनता के कारण डांट-फटकार लगाई गई थी। चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। आशंका है कि उसने उसी रंजिश में हमला किया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि 10वीं के एक छात्र ने शिक्षक को चाकू मारकर जख्मी कर दिया। जख्मी शिक्षक को औरंगाबाद से पटना एम्स रेफर किया गया है। चिकित्सकों के मुताबिक शिक्षक खतरे से बाहर है। प्राप्त आवेदन के आधार पर मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## चुनाव को लेकर पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव को लेकर नक्सलियों व अपराधियों के विरुद्ध सलैया पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया गया। थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा के नेतृत्व में सीआरपीएफ और जिला पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में यह अभियान चलाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि रफीगंज विधानसभा के सलैया थाना परिक्षेत्र में विधि व्यवस्था और शांति सौहार्द व भयमुक्त वातावरण बनाएं रखने के लिए यह सर्च अभियान चलाया गया है। नक्सलियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। चाल्हों जोन में छापेमारी तेज कर दिया गया है। अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है।

# डीएम ने की कोषांगों की प्रगति की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** विधानसभा चुनाव के सफल एवं सुचारु आयोजन के लिए समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में सभी कोषांगों के वरिष्ठ नोडल एवं सहायक पदाधिकारियों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा निर्वाचन से संबंधित सभी कोषांगों की अद्यतन प्रगति की बारी बारी से समीक्षा की गई जिनमें नामावली कोषांग जिसमें नोडल अधिकारी द्वारा मतदाता सूची अद्यतन नामांकन एवं त्रुटि निवारण कार्य की स्थिति प्रस्तुत की गई। प्रशिक्षण कोषांग जिसमें नोडल अधिकारी द्वारा पोलिंग अधिकारी एवं सहायक कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की गई जिसमें प्रशिक्षण की गुणवत्ता और समय सीमा का विश्लेषण किया गया। वाहन कोषांग के नोडल अधिकारी द्वारा मतदान सामग्री और कर्मचारियों के परिवहन की व्यवस्था की प्रगति प्रस्तुत की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि सभी प्रखंड विकास अधिकारी अपने-अपने रूट में उपलब्ध वाहनों की संख्या एवं आवश्यकता का स्पष्ट विवरण प्रस्तुत करें जिलाधिकारी महोदय ने इस दिशा में आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया। सामग्री प्रबंधन कोषांग जिसमें नोडल अधिकारी द्वारा ईवीएम वीवीपैट और अन्य आवश्यक चुनाव सामग्री की उपलब्धता एवं सुरक्षित भंडारण की स्थिति की जानकारी दी गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि आगामी दिनों में सामग्री कोषांग का भ्रमण कर कार्य का अवलोकन किया जाएगा।



PR. No. 017015 (Election)D. 2025-26